सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 13 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 43, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 559 अंकों की गिरावट

अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कमजोर पड़ने और एआई से सेंसेक्स 558.72 अंक टूटकर 83,674.92 अंक पर बंद हुआ। } 14

## भारत को परिधान के मामले में मिलेगा अधिक लाभ

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत को अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत धागा और कपास से बने परिधान पर वही रियायती शुल्क का लाभ मिलेगा, जो बांग्लादेश को मिल रहा है। } 16

# पंचायत चुनाव से पहले बनेगा पिछड़ा वर्ग आयोग

## हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में योगी सरकार ने दिया जवाब


विशेष संवाददाता




लखनऊ। यूपी पंचायत चुनाव को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक जनहित पर जवाब देते हुए, योगी सरकार की ओर से कहा गया है कि पंचायत चुनाव से पूर्व समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर लिया जाएगा तथा संबंधित कानून के तहत उक्त आयोग के रिपोर्ट के आधार पर ही ओबीसी आरक्षण लागू किया जाएगा। सरकार की ओर से आए उक्त जवाब के आधार पर न्यायालय ने संबंधित याचिका को निस्तारित कर दिया। हालांकि इस संबंध में सरकार की ओर से कोई हलफनामा दाखिल नहीं किया गया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया था कि अक्टूबर 2025 में पिछड़ा वर्ग आयोग का कार्यकाल पूरा हो चुका है, जिसे एक वर्ष का कार्यकाल विस्तार भी दिया गया है। कहा गया कि सर्वोच्च न्यायालय ने जयश्री लक्ष्मण राव पाटील मामले में समर्पित आयोग का गठन कर, उक्त आयोग के सर्वे व रिपोर्ट के आधार पर ही स्थानीय चुनावों में आरक्षण लागू ...शेष पृष्ठ 14 पर

# 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदेगा भारत, और मजबूत होगी सेना

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद के काफी समय से लंबित प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने सशस्त्र बलों की युद्धक तैयारी को मजबूत करने के लिए 3.60 लाख करोड़ रुपये के सैन्य उपकरणों की पूंजीगत खरीद को मंजूरी दी।

सूत्रों ने बताया कि इस परियोजना के तहत, राफेल बनाने वाली कंपनी दसॉल्ट एविएशन द्वारा 18 विमान सीधे उड़ान भरने की स्थिति में आपूर्ति किए जाएंगे और शेष विमानों का निर्माण भारत में किया जायेगा, जिसमें 50 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उत्पादन शामिल होगा और यह उत्पादन चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जायेगा। रक्षा मंत्रालय ने खरीद की लागत का खुलासा नहीं किया है, लेकिन अनुमान है कि यह 2.90 लाख करोड़ रुपये से 3.15 लाख करोड़ रुपये के बीच होगी। राफेल विमानों की खरीद को मंजूरी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से ठीक चार दिन पहले मिली। इस सौदे को हालांकि अंतिम रूप देने के लिए औपचारिक अनुबंध इस साल के अंत से पहले होने की संभावना नहीं है, क्योंकि रक्षा मंत्रालय को अब हथियारों के पैकेज की लागत और बारीक विवरणों को अंतिम रूप देने के लिए दसॉल्ट एविएशन के साथ बातचीत करनी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) को भी अधिग्रहण कार्यक्रम को अंतिम मंजूरी देनी होगी। अप्रैल 2019 में, भारतीय वायुसेना ने लगभग 18 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत से 114 बहु-उद्देश्यीय लड़ाकू विमान (एमआरएफए) की खरीद के लिए एक आरएफआई (सूचना के लिए अनुरोध), या प्रारंभिक निविदा जारी की। इसे हाल के वर्षों में दुनिया के सबसे बड़े सैन्य खरीद कार्यक्रमों में से एक के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इस परियोजना के अन्य दावेदारों में लॉकहीड मार्टिन का एफ-21, बोइंग का एफए-18 और यूरोफाइटर टाइफून शामिल थे। लड़ाकू विमानों की खरीद का यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब भारतीय वायुसेना के लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या आधिकारिक तौर पर स्वीकृत 42 की संख्या से घटकर 31 रह गई है। लगभग 13 साल पहले, रक्षा मंत्रालय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### लैंबॉर्गिनी हादसा : आरोपी को चंद घंटों में मिली जमानत

कानपुर। स्थानीय अदालत ने हाई-प्रोफाइल लैंबॉर्गिनी दुर्घटना मामले में आरोपी शिवम मिश्रा को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। इस मामले से जुड़े एक अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। पुलिस ने इस सप्ताह के आरंभ में यहां वीआईपी रोड पर हुई हाई-प्रोफाइल लैंबॉर्गिनी दुर्घटना के मामले में स्थानीय तंबाकू कारोबारी के. के. मिश्रा के बेटे शिवम मिश्रा को बृहस्पतिवार को ही गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था। इस हादसे में कई लोग घायल हो गए थे। आरोपी के अधिवक्ता अनंत शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामले में उसकी 14 दिन की हिरासत मांगी थी, लेकिन अदालत ने इसकी इजाजत नहीं दी और इसके बजाय उसे 20,000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। शर्मा ने कहा कि पुलिस ने मिश्रा को हिरासत में लेने के लिए अदालत में अर्जी दी थी, लेकिन उसमें कई गड़बड़ियां थीं। उन्होंने दावा किया कि कागजातों में नोटिस सर्विस के बारे में विवरण नहीं था।

### मेटाडोर की टक्कर से दो भाइयों की मौत

बाराबंकी। जिले के घुंघटेर थाना क्षेत्र में निगोहा -बजगहनी मार्ग पर एक सड़क हादसे में एक मेटाडोर (डीसीएम) वाहन से एक मोटरसाइकिल में टक्कर हो जाने से उसपर सवार (मोटरसाइकिल पर सवार) दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया पीननगर गांव के अंकित यादव और उसका छोटा भाई विकास यादव पड़ोस के छूलिहा का पुरवा गांव के विकास के साथ कुर्सी इंडस्ट्रियल एरिया में एक अलमारी फैक्टरी में काम करते थे। उसने बताया कि काम खत्म होने के बाद तीनों एक ही मोटरसाइकिल से अपने घर वापस जा रहे थे, उसी बीच निगोहां-बजगहनी मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन से उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई।

# न्यूनतम वेतन गारंटी बिल पास

## श्रमिक संघों, औद्योगिक रोजगार व औद्योगिक विवादों से संबंधित है विधेयक

एजेंसी



नयी दिल्ली। संसद ने बृहस्पतिवार को औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित कर दिया और सरकार ने संहिता के संबंध में विपक्ष की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि यह श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की गारंटी देती है।

राज्यसभा में, विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा का केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा जवाब दिये जाने के बाद इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। हालांकि, श्रम मंत्री के जवाब से पहले ही श्रम संहिता के प्रवाधानों के प्रति विरोध जताते हुए कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने सदन से वॉक आउट किया। उच्च सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मांडविया ने कहा, इस श्रम संहिता में हमने सुनिश्चित किया है कि संवैधानिक सुरक्षा मानकों के साथ न्यूनतम वेतन मानक तय करेंगे। देश में महिलाओं और पुरुषों को समान वेतन पाने का अधिकार होगा। मंत्री ने कहा कि औद्योगिक संबंध संहिता तो 2020 में ही पारित हो चुकी है और ढाई महीने पहले लागू भी हो चुकी है, लेकिन अधिकतर सदस्यों ने चर्चा में संहिता की ही बात की है और इसे कामगार विरोधी बताया है। मांडविया ने कहा हम तो एक छोटा सा संशोधन लाए हैं। यह संशोधन केवल कानूनी स्पष्टता के लिए सदन में लाया गया। औद्योगिक सबंध संहिता, 2020 ने जिन कानूनों की जगह ली है, उनमें ट्रेड यूनियन्स अधिनियम, 1926, औद्योगिक रोजगार (स्थायी आदेश) अधिनियम, 1946 और औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 शामिल हैं, जो श्रमिक संघों, औद्योगिक रोजगार और औद्योगिक विवादों से संबंधित हैं। मांडविया ने कहा हम श्रमिकों के हित में एक संहिता लाए हैं। तीन कानूनों को इसमें शामिल किया गया। उन्हें निरस्त करने का अधिकार सरकार को है और निरस्त कर दिया गया है, लेकिन कानून में भी यह बात शामिल हो, इसलिए संशोधन विधेयक लाया गया। संहिता के विरोध में देशभर में हड़ताल को लेकर विपक्ष के कुछ सदस्यों की टिप्पणियों पर मंत्री ने कहा, चंद श्रमिक संगठनों ने विरोध किया होगा, 17 राष्ट्रीय संगठनों ने तो बंद को अनुचित बताया है। श्रमिकों के हित में यह संहिता लाई गई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने भी बंद की हकीकत देखी होगी। उन्होंने कहा, देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सच के साथ रहेगा। आपकी (विपक्ष की) बात सच होती तो देश सड़क पर होता। मांडविया ने आरएसपी सांसद एन. के. प्रेमचंद्रन के आरोपों का उल्लेख करते हुए कहा कि वामपंथी दलों के सदस्यों ने इस संहिता के खिलाफ जोर-शोर से बात रखी है।

उन्होंने कहा मैंने राज्य में ईएसआईसी का एक मेडिकल कॉलेज दिया। केरल में इनकी सरकार है। राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेज चालू करने के लिए आवश्यक प्रमाणपत्र तक नहीं दिया। इन्हें श्रमिकों के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सरकार का उद्देश्य उद्योग भी चलाना है और कामगारों के हितों की सुरक्षा भी करनी है क्योंकि उद्योग नहीं होंगे तो रोजगार नहीं होगा। मांडविया ने कहा कि श्रम संहिता में हर युवा को नियुक्ति पत्र देने की गारंटी है ताकि भविष्य में नियोक्ता यह नहीं कह सके कि यह हमारा कर्मचारी नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को केवल विरोध के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अर्बन नक्सल की तरह व्यवहार कर रहे हैं राहुल : निशिकांत

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर अर्बन नक्सल की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाया और कांग्रेस नेता के खिलाफ दिये गए एक विशिष्ट नोटिस पर सदन में चर्चा कराने की मांग की। शून्य काल के दौरान, भारतीय जनता पार्टी के सांसद ने राहुल पर सोरोस फाउंडेशन और फोर्ड फाउंडेशन के साथ संबंध रखने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अर्बन नक्सल की तरह व्यवहार करते हैं। उनका सोरोस फाउंडेशन और फोर्ड फाउंडेशन के साथ संबंध है। भाजपा सदस्य ने दावा किया कि राहुल गांधी केवल देशद्रोहियों से मिलने वियतनाम, कंबोडिया, बहरीन और थाईलैंड जाते हैं। दुबे ने यह भी आरोप लगाया, वह (राहुल) कभी निर्वाचन आयोग पर, कभी संविधान पर, कभी लोकसभा अध्यक्ष पर, उच्चतम न्यायालय पर जितनी भी संवैधानिक संस्थाएं हैं, उन पर आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा मेरा आग्रह है कि एक विशिष्ट प्रस्ताव पर राहुल गांधी पर चर्चा होनी चाहिए। उनकी सदस्यता रद्द होनी चाहिए और वह कभी चुनाव नहीं लड़ पाएं। उन्होंने सदन की कार्यप्रणाली के नियम 352 (5) और 353 के तहत इस प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति देने का आसन से अनुरोध किया। कांग्रेस सदस्यों द्वारा इस पर कड़ा विरोध जताने और सदन में शोर-गुल होने के कारण पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। दुबे ने इससे पहले संसद परिसर में से बातचीत में ...शेष पृष्ठ 14 पर



❍ नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ विशिष्ट प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस

# वंदे मातरम पर सुप्रीम कोर्ट जायेगा पर्सनल लॉ बोर्ड

## गृह मंत्रालय ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के गायन को लेकर तय किये प्रोटोकॉल

एजेंसी



नयी दिल्ली। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सभी छह अंतरों को गाए जाने संबंधी सरकार के आदेश को असंवैधानिक करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यदि सरकार ने यह आदेश वापस नहीं लिया तो वह न्यायालय का रुख करेगा।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि जब भी राष्ट्रगीत वंदे मातरम और राष्ट्रगान जन गण मन एक साथ गाए या बजाए जाएं तो बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखे गए राष्ट्रगीत के सभी छह छंद पहले गाए जाएं। आदेश में मंत्रालय ने पहली बार राष्ट्रगीत वंदे मातरम के गायन को लेकर प्रोटोकॉल तय किए हैं जिसके तहत राष्ट्रपति के आगमन, तिरंगा फहराए जाने और राज्यपालों के भाषण जैसे आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत के सभी छह छंद (कुल अवधि तीन मिनट 10 सेकंड) गाए जाएंगे। यह आदेश 28 जनवरी को जारी किया गया। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने केंद्र सरकार के इस आदेश पर एतराज जताया और इस फैसले को असंवैधानिक और धार्मिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बताया। बोर्ड के महासचिव मौलाना मोहम्मद फज़लुर रहीम मुजद्दिदी ने यह आदेश असंवैधानिक, धार्मिक स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के खिलाफ, उच्चतम न्यायालय के फैसले के विपरीत और मुसलमानों की धार्मिक मान्यताओं से सीधा टकराव है। उन्होंने कहा कि इसलिए यह फैसला मुसलमानों के लिए पूरी तरह अस्वीकार्य है। मुजद्दिदी के मुताबिक, रवींद्रनाथ टैगोर की सलाह और संविधान सभा में हुई चर्चा के बाद यह तय हुआ था कि वंदे मातरम के केवल पहले दो अंतरों का ही उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में एक धर्म की मान्यताओं या ...शेष पृष्ठ 14 पर

# श्रमिक संगठनों की एक दिन की हड़ताल बेअसर

नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच की सरकार की कथित मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और कॉरपोरेट समर्थक नीतियों के खिलाफ बृहस्पतिवार को आहूत एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का सामान्य जनजीवन पर कुल मिलाकर अधिक असर नहीं पड़ा।

श्रमिक संगठनों ने कई राज्यों में मुख्य रूप से कार्यालय परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। कुछ जगहों पर श्रमिक हड़ताल में समर्थन दिखाने के लिए कार्यस्थल पर देर से पहुंचे। खबरों के मुताबिक ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, गोवा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और पंजाब सहित कई राज्यों में इसका मिला-जुला असर देखने को मिला। 12 घंटे के राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के कारण ओडिशा में सामान्य जनजीवन प्रभावित ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अर्थव्यवस्था को नयी गति देंगीं सड़कें : धामी

## सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में 12.03 करोड़ की लागत से हो रहा चौड़ीकरण

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। सड़कों का विकास केवल आवागमन तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति देने का माध्यम भी है। बेहतर मार्ग व्यवस्था से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है, पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलता है और आम नागरिकों के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होती है। सुदृढ़ संपर्क व्यवस्था ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच सामंजस्य स्थापित कर संतुलित विकास का मार्ग प्रशस्त करती है।

यह बातें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सड़क चौड़ीकरण परियोजना के द्वितीय चरण (किमी 1 से 10) की आधारशिला रखने के बाद जनसभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। यह परियोजना लगभग 1203.40 लाख रुपये की लागत से पूरी होगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। महिलाओं की भागीदारी को विकास की धुरी बताते हुए उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से मातृशक्ति आर्थिक...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 25.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 10.00 डिसे. |

भीतर पढ़ें


❍ कानून व्यवस्था पर सपा ने किया वॉक आउट (पृष्ठ-02)
❍ सरकार कृषि एक्सपोर्ट सपोर्ट मिशन लॉन्च करेगी (पृष्ठ-02)
❍ शुद्ध-शून्य उत्सर्जन के लिए हटाने होंगे डीजल वाहन (पृष्ठ-14)
❍ खुदरा मुद्रास्फिति जनवरी में 2.75 प्रतिशत (पृष्ठ-14)
❍ प्रतिस्पर्धा आयोग ने इंटेल पर लगाया जुर्माना (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** राज्यसभा में विपक्ष पर जमकर बरसीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

# अर्थव्यवस्था को कमजोर बताने वाले बना रहे देश का मजाक

एजेंसी



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि वैश्विक स्थिति के विपरीत भारत में जीडीपी विकास दर अधिक और मुद्रास्फीति कम है जो एक दुर्लभ स्थिति है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर बताने वाले दरअसल देश के उन सभी लोगों का मजाक बना रहे हैं जिनके कारण यह उपलब्धि हासिल हो पायी है। उच्च सदन में आम बजट 2026-27 पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह बजट ऐसे ऐतिहासिक समय में पेश किया जा रहा है जब देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की ऊंची दर है और मुद्रास्फीति की दर कम है जो दुर्लभ बात है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति कोई तुक्का नहीं है बल्कि यह समय पर लिए गए विस्तृत निर्णय एवं कदमों तथा सतत विकास का परिणाम है।

उन्होंने कहा यह एक दुर्लभ क्षण है जिसने हमें अगले दो दशक, 2047 तक के लिए योजना बनाने का अवसर दिया है, हमारा लक्ष्य विकसित भारत है। इसी पृष्ठभूमि में बजट तैयार किया गया है। सीतारमण ने कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अग्रिम अनुमानों के अनुसार 2025-26 की वास्तविक जीडीपी विकास दर 7.4 प्रतिशत बतायी गयी है तथा सामान्य विकास दर करीब आठ प्रतिशत होगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक घटकर करीब दो प्रतिशत रह गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि वह जिस स्थिति की बात कर रही है उसमें ऊंची विकास दर, दामों में स्थिरता है जो वैश्विक स्तर पर कम देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था की आधारभूत स्थिति को परिलक्षित करती है। सीतारमण ने कहा कि वह इस बात को दोहराना चाहती हैं कि यह उपलब्धि भारत के लोगों की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को मृत अर्थव्यवस्था बताने वाले और इसकी आलोचना करने वाले लोग दरअसल यह कहकर भारत के उन लोगों की उपलब्धि का मजाक बना रहे हैं जो अपने-अपने स्तर पर इसके विकास में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2026-27 का बजट इस तरीके से डिजाइन किया गया है कि इन उपलब्धियों का लाभ उठाया जा सके, इन सूक्ष्म आर्थिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सम्भल में अवैध मदरसे पर चला प्रशासन का बुलडोजर

जिला संवाददाता

संभल (उप्र)। संभल के जिला प्रशासन ने बृहस्पतिवार को यहां नरोली इलाके में सरकारी जमीन पर बने एक कथित गैर-कानूनी मदरसे को गिरा दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई चंदौसी तहसील में बनियाठेर थानाक्षेत्र के मोहल्ला बंजारी कुआं में की गई, जहां दारुल उलूम मदरसा कथित तौर पर खाद के गड्ढे और आम रास्ते के तौर पर दर्ज ज़मीन पर बनाया गया था।

अधिकारी के अनुसार अतिक्रमण अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था, जिसमें पांच थानों के कर्मी और पीएसी के जवान शामिल थे। चंदौसी के उप जिलाअधिकारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि नरौली कस्बे में सरकारी जमीन राजस्व के रिकार्ड में खाद के गड्ढे ओर रास्ते में दर्ज इस जमीन पर मदरसे और सात-आठ मकान हैं। तिवारी ने कहा कि दो बार नोटिस दिये गये, इन्हें समय भी दिया गया था जिसके बाद आज यह कार्वाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त मदरसा 225 वर्ग मीटर पर बना हुआ है और इसे हटाने की कार्यवाही की जा रही है। नरौली पंचायत के अध्यक्ष बिट्टन मालिक ने पत्रकारों से कहा हमें कोई नोटिस नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह धार्मिक संस्थान है।

# कानून व्यवस्था पर विधान परिषद से सपा का वॉक आउट, जोरदार हंगामा




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी बजट सत्र के गुरुवार को चौथे दिन विधान परिषद में कानून व्यवस्था को लेकर जोरदार बहस हुई। हंगामा यहां तक पहुंचा कि सपा के सदस्य वॉक आउट कर गए। सवाल-जवाब के दौरान सपा विधायक रागिनी सोनकर और मंत्री नंद गोपाल नंदी के बीच तीखी बहस हो गई। कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष ने सरकार से सवाल पूछे।

कानून व्यवस्था पर सपा विधायक रागिनी सोनकर ने सदन में कहा- ये सरकार ऐसा असुर बन चुकी है, जिसकी खुराक इस देश की महिला, युवा, बेरोजगार किसान बन गए हैं। प्रयागराज में मकर संक्रांति की शाम खटीक समाज के 4 लड़कों को मार दिया गया। इनके शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। पुलिस ने बताया कि ये बच्चे नग्न होकर खनन वाले गंदे तालाब में नहा रहे थे। आखिर ये कैसे संभव है। यूपी कस्टोडियल डेथ में टॉप पर पहुंच गया है, सरकार को कोर्ट फटकार लगा रहा है, आखिर ये सब कैसे रुकेगा? रागिनी सोनकर के सवालों का जवाब वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने दिया। उन्होंने कहा, एनसीआरबी का डेटा देख लीजिए, हर चीज में कमी आई है। तेलंगाना, उड़ीसा जैसे राज्यों से भी नीचे हैं हम। दोनों विधायकों ने जिन मामलों को उठाया है, उसमें आप पहले समझिए, प्रयागराज में जिन 4 बच्चों की मौत हुई थी, उनकी मौत डूबने से हुई। उसमें एफआईआर हुई है, परिवार को 4-4 लाख रुपए की मदद हुई। आवास भी दिया गया है। विधानपरिषद में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा पर भड़क गए। उन्होने कहा इनकी गलती नहीं है। इनके नेता का यही कल्चर है। सिर्फ बिल्डिंग से अस्पताल नहीं चलता। इन्होंने कुकर्म किए हैं। कुकर्म इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि अगर ये अस्पताल बनाते हैं तो ठेका चाचा और भतीजे को दे देते हैं। बिल्डिंग बनाकर लूटने का काम किया। सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने कहा कि कन्नौज में मेडिकल कॉलेज बनाया गया था। कहा कि 2016 में अस्पताल बना, लेकिन अब तक चालू नहीं हुआ। सरकार ऐसा दोहरा व्यवहार क्यों कर रही है।

## उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित

- मणिकर्णिका घाट के पुनर्निर्माण पर विपक्ष के आरोप निराधार



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने विधान मण्डल के दोनों सदनों में महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत किया और विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रमों पर करारा प्रहार किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत आज जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह परिवर्तन माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में संभव हुआ है। उत्तर प्रदेश भी इसी विकास यात्रा में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने लखनऊ के शिवरी क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें 20 लाख मीट्रिक टन कूड़े का पहाड़ छोड़ गई थीं, जिसे वर्तमान सरकार ने कम करके लगभग 4 लाख मीट्रिक टन तक ला दिया है और शेष कूड़े के पूर्ण निस्तारण की दिशा में तेजी से कार्य जारी है। ऊर्जा क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में उत्तर प्रदेश देश में लगातार पहले और दूसरे स्थान पर बना हुआ है। किसानों के खेतों के अपशिष्ट से बायोगैस उत्पादन में भी प्रदेश प्रथम स्थान पर है। आरडीएसएस (डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर), ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर तथा ट्रांसमिशन सेक्टर के विस्तार जैसी भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश पूरे देश में अग्रणी है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार के समय जहां थर्मल उत्पादन क्षमता लगभग 5008 मेगावाट थी, वहीं अब 50-60 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह क्षमता 9100 मेगावाट से अधिक हो चुकी है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में आज हर गांव और शहर को 20 से 24 घंटे तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जैसा कि महामहिम राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में भी उल्लेख किया। पूर्व में जहां पीक डिमांड लगभग 13,000 मेगावाट थी, वहीं आज गर्मी के मौसम में प्रदेश की पीक डिमांड 31,000 मेगावाट तक पहुंच चुकी है, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया जा रहा है। आवास और स्वरोजगार के क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में लगभग 17 लाख तथा कुल मिलाकर 55-56 लाख आवास उपलब्ध कराकर उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी बना है। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत रेहड़ी-पटरी और छोटे व्यापारियों को आर्थिक सशक्तिकरण देने में भी प्रदेश नंबर एक पर है। मणिकर्णिका घाट के पुनर्निर्माण को लेकर विपक्ष की ओर से लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मणिकर्णिका घाट को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सुदृढ़ बनाया जा रहा है, जिसका विरोध करना विकास का विरोध है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जब रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई, तब विपक्ष को उनकी विरासत की चिंता क्यों नहीं हुई? मंत्री श्री शर्मा ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि उत्तर प्रदेश आज सुशासन, विकास और जनकल्याण के नए मानक स्थापित कर रहा है।

## सामाजिक उत्थान में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका : महाना



**लखनऊ।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा का भ्रमण कर सदन की कार्यवाही को देखा। इस दौरान विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रिया तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका की विस्तृत एवं प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान की गई।

भ्रमण के दौरान छात्रों ने सेंट्रल हॉल, दर्शक दीर्घा, मीडिया गैलरी तथा विभिन्न समिति कक्षों का अवलोकन किया। विधानसभा अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार विधेयक सदन में प्रस्तुत किए जाते हैं, उन पर चर्चा होती है और तत्पश्चात वे अधिनियम का स्वरूप ग्रहण करते हैं। साथ ही प्रश्नकाल, शून्यकाल तथा सदन की कार्यवाही से संबंधित नियमों की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर सतीश महाना ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और समाज को सही दिशा देने में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पत्रकार का दायित्व केवल समाचार देना नहीं, बल्कि सत्य, निष्पक्षता और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज की आवाज बनना है। उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल युग में सूचना का प्रवाह अत्यंत तीव्र है, ऐसे में तथ्यों की पुष्टि और नैतिक मूल्यों का पालन अनिवार्य है।

विद्यार्थियों ने इस शैक्षणिक भ्रमण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि पुस्तकीय अध्ययन के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव पत्रकारिता के क्षेत्र में गहन समझ विकसित करने में सहायक होता है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. दिवाकर अवस्थी ने बताया कि संसदीय पत्रकारिता के व्यावहारिक पक्ष को समझाने के उद्देश्य से यह भ्रमण आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की महत्वपूर्ण संस्था को निकट से देखने का अवसर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा। शैक्षणिक भ्रमण का समन्वय विभाग के सहायक आचार्य डॉ. हरिओम कुमार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. योगेंद्र पांडेय सहित पत्रकारिता विभाग के अंतिम वर्ष के 21 विद्यार्थी उपस्थित रहे। भ्रमण के अंत में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विधानसभा सचिवालय तथा विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एएम ग्रुप और इन्वेस्ट यूपी के बीच एमओयू

### 289 एकड़ भूमि पर विकसित होगा कार्बन-फ्री डेटा सेंटर

विशेष संवाददाता (vol)

- यीडा के सीईओ ने एएम ग्रुप के प्रतिनिधियों को सौंपा लेटर ऑफ इंटेंट

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी एआई और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत एएम ग्रुप और राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी ह्यइन्वेस्ट यूपीह्व के बीच सहमति बनी है। इसके तहत 1 गीगावॉट हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूट एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। गुरुवार को यीडा के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने एएम ग्रुप के प्रतिनिधियों को लेटर ऑफ इंटेंट जारी किया है।

यीडा द्वारा सेक्टर 28 में 114 एकड़ और सेक्टर 8डी में 175 एकड़, कुल 289 एकड़ भूमि के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी किया गया है। यह अत्याधुनिक हब लगभग पांच लाख हाई-परफॉर्मेंस चिपसेट्स से लैस होगा और 247 कार्बन-फ्री ऊर्जा (पवन, सौर एवं पम्प्ड स्टोरेज) से संचालित होगा। यह परियोजना यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में स्थापित की जाएगी, जिसमें लगभग 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश प्रस्तावित है। इसे चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। वर्ष 2028 तक प्रथम चरण का संचालन शुरू होगा, जबकि 2030 तक पूर्ण 1 गीगावॉट क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। भारत में एआई और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग की तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए यह हब वैश्विक हाइपरस्केलर्स, अनुसंधान संस्थानों, उद्यमों और संप्रभु एआई पहलों की जरूरतों को पूरा करेगा। एएमजी एआई लैब्स एआई के लोकतंत्रीकरण के तहत ऊर्जा से लेकर इंटेलिजेंट टोकन तक संपूर्ण वैल्यू चेन विकसित करने की दिशा में कार्यरत है। यह सुविधा भारतीय डेवलपर समुदाय को अत्याधुनिक चिपसेट्स तक व्यापक पहुंच देगी, जिससे घरेलू और वैश्विक स्तर पर एआई समाधान विकसित करने में तेजी आएगी। इस परियोजना से बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित होने की संभावना है। साथ ही हजारों उच्च-कुशल रोजगार सृजित होंगे। हार्डवेयर निर्माण, सॉफ्टवेयर विकास और विशेषीकृत कूलिंग तकनीकों के क्षेत्र में स्थानीय इकोसिस्टम को मजबूती मिलेगी। राज्य सरकार का मानना है कि यह पहल उत्तर प्रदेश को डिजिटल अर्थव्यवस्था के अग्रिम पंक्ति के राज्यों में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## मातृ स्वास्थ्य पर फोकस, एसडीजी लक्ष्य 20 पर लाने की तैयारी

**लखनऊ।** प्रदेश में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 141 (एसआरएस 2021-23) है, जबकि केरल में यह 18 के आसपास है। एसडीजी लक्ष्य 2030 तक इसे 70 पर लाने का है, लेकिन राज्य सरकार इसे 20 से नीचे लाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित कर रही है। प्रदेश में हर वर्ष लगभग 60 लाख डिलीवरी होती हैं, जिनमें 40 लाख सरकारी अस्पतालों में होती हैं। संस्थागत प्रसव दर 83.4 प्रतिशत (ठ्ऋह्लर-5) है, जिसे 100 प्रतिशत तक ले जाने की रणनीति तैयार की जा रही है। प्रत्येक जिले में 2-3 अस्पतालों को स्पेशलाइज्ड डिलीवरी सेंटर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। एन्टीनेटल चेकअप को भी प्राथमिकता दी जाएगी। सामान्य व हाई रिस्क प्रेग्नेंसी में जांच सुनिश्चित करने और इसके लिए इम्पैनल्ड अस्पतालों को भुगतान की व्यवस्था प्रस्तावित है।

# मुस्लिम समुदाय का नाम काटने के लिए बनाया जा रहा दबाव

### सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपते हुए केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र सिंह और राधेश्याम सिंह ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि कन्नौज, इटावा, बस्ती, प्रयागराज, मेरठ, मिजार्पुर, आगरा, गोरखपुर, देवरिया, बुलन्दशहर आदि प्रदेश के समस्त जनपदों में समस्त विधान सभाओं में लगभग सभी पोलिंग बूथों पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा फार्म-7 बीएलओ के पास जमा करके सपा समर्थक मतदाताओं विशेष कर पीडीए और मुस्लिम समुदाय का नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से काटने के लिए ईआरओ व जिलाधिकारी पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। सभी फार्म-7 तत्काल निरस्त किये जायें और मिथ्या (फाल्स) के आधार पर आवेदक के रूप में हस्ताक्षर करने वालों तथा बल्क में फार्म-7 जमा करने वालो के विरुद्ध आर.पी.एक्ट 31 के अधीन एफआईआर दर्ज कराई जाए, जिससे एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष सम्पन्न हो सके।

ज्ञापन में कहा गया है कि कन्नौज, तिर्वा विधानसभा में पोलिंग बूथ संख्या 298 में करीब 100 से अधिक महिलाओं को नो-मैपिंग और लॉजिकल एरर की नोटिस देकर सुनवाई अधिकारी ने अभिलेख सहित उपस्थित होने के लिए कहा है।

सभी महिलाओं ने गणना प्रपत्र में अपना व अपने सम्बन्धी का नाम 2003 में दर्ज होने का पूर्ण विवरण भरकर बीएलओ के पास जमा कर दिया था, इसके बावजूद महिलाओं को अनावश्यक नोटिस देकर परेशान किया जा रहा है।

इटावा, विधानसभा जसवंतनगर, इटावा सदर, भरथना में सपा समर्थक मतदाताओं विशेष कर मुस्लिम समुदाय और पीडीए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से काटने के लिए फार्म-7 में मतदाता का नाम व ईपिक नम्बर प्रिंट करवाकर सभी बूथों पर हजारों की संख्या में फार्म-7 बीएलओ के पास जमा कर दिये गये है।

ड्राफ्ट मतदाता सूची में जिनका नाम दर्ज है, और जिन्होंने 2003 की मतदाता सूची में अपना अथवा अपने सम्बन्धी का पूर्ण विवरण सही ढंग से भरकर जमा कर दिया है, और दर्ज पते पर स्थाई रूप से निवास कर रहे है, ऐसे मतदाताओं का नाम काटने के लिए भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक बूथ पर फार्म-7 जमा किये जा रहे है। बड़ी संख्या में बी.एल.ओ. को फार्म-7 लेने पर रोक लगाई जाये और फार्म-7 पर आवेदक के रूप में हस्ताक्षर करने वालों की जांच करके मिथ्या पाये जाने पर आर.पी. एक्ट की धारा 31 के अधीन एफआईआर दर्ज कराई जाये।

# राज्य सरकार कृषि एक्सपोर्ट सपोर्ट मिशन लॉन्च करेगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कृषि, उद्यान और संबद्ध क्षेत्रों में देश ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता रखता है। कृषि उत्पादों के निर्यात को सशक्त बनाने और किसानों को वैश्विक गुणवत्ता मानकों से परिचित कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार कृषि एक्सपोर्ट सपोर्ट मिशन लॉन्च कर रही है। इससे नई तकनीकों को अपनाने, उत्पाद की गुणवत्ता सुधारने और बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शीघ्र प्रारंभ होने से कृषि निर्यात को अतिरिक्त गति मिलेगी। इस मिशन के लिए बजट 2026-27 में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

पिछले आठ वर्षों में निवेश और उद्योगों को सुरक्षा व संरक्षा का भरोसा देने के बाद अब सरकार जन विश्वास सिद्धान्त लागू करने जा रही है। यह सिद्धान्त 53 विभागों के अधीन संचालित अधिनियमों, नियमों और आदेशों पर लागू होगा। इसका मूल दर्शन है, विश्वास आधारित रेगुलेटरी फ्रेमवर्क। यानी लाइसेंसिंग, रजिस्ट्रेशन और निरीक्षण निवेश व उद्योग की प्रकृति के अनुसार होंगे।

केवल वे गतिविधियां जिनका संबंध राष्ट्रीय सुरक्षा, मानव स्वास्थ्य या पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव से है, उन्हीं पर कठोर नियामकीय प्रावधान लागू होंगे। अन्य गतिविधियों को सामान्यतः परमिशन-फ्री मानने की दिशा में काम होगा। छोटी त्रुटियों पर आपराधिक अभियोजन समाप्त करने, कम्प्लायंस लागत घटाने और प्रक्रियाओं को पूर्णतः डिजिटल बनाने की तैयारी है। एक विभाग को दी गई सूचना अन्य विभागों को स्वतः उपलब्ध हो इसके लिए भी एकीकृत तंत्र विकसित किया जाएगा।

# ओडीओपी योजना से बदली कारीगरों की तकदीर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू की गई वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना प्रदेश की अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव का माध्यम बनकर उभरी है। वर्ष 2018 में प्रारंभ की गई इस पहल ने पारंपरिक कारीगरों और स्थानीय उत्पादों को न केवल नई पहचान दी, बल्कि उन्हें बाजार, प्रशिक्षण और वित्तीय संबल भी उपलब्ध कराया। सरकार की ओर से अब तक 1,31,000 कारीगरों को निःशुल्क प्रशिक्षण एवं टूल किट प्रदान की जा चुकी है। योजना के अंतर्गत कारीगरों को मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की सुरक्षा भी दी जा रही है।

प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बजट सत्र 2026-27 में प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू हुई इस योजना ने प्रदेश के पारंपरिक कारीगरों और उत्पादकों को नई पहचान दी है। यह योजना परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहन देने, कारीगरों को प्रशिक्षण, टूल किट और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रभावी रूप से संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि सहारनपुर जनपद में 2275 कारीगरों को उन्नत टूल किट उपलब्ध कराई गई, जबकि 454 हस्तशिल्पियों को 16.26 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी वितरित की गई। उन्होंने बताया कि आर्थिक दृष्टि से भी ओडीओपी योजना ने उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। वर्ष 2017-18 में प्रदेश का निर्यात 86 हजार करोड़ रुपये था, जो बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसमें लगभग 50 प्रतिशत योगदान ओडीओपी एवं हस्तशिल्प उत्पादों का बताया गया है। वर्ष 2018 से अब तक इस योजना के माध्यम से 3,16,000 लोगों को रोजगार सृजित हुआ है। वित्तीय प्रतिबद्धता भी इस योजना के प्रति सरकार की गंभीरता को दशार्ती है। पिछले बजट में 145 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, जिसमें से 135 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी वितरित की जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दिया गया है। साथ ही प्रदेश के 79 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रांडिंग को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि ओडीओपी केवल आर्थिक योजना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्जागरण का अभियान है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से कारीगरों को स्वास्थ्य सुरक्षा और शिक्षा सुविधाओं से भी जोड़ा गया है। इसके साथ ही ह्यवन डिस्ट्रिक्ट वन व्यंजन जैसी नई पहल स्थानीय पहचान को और व्यापक मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं।

# विधानसभा में उत्तर प्रदेश राज्य विवि (संशोधन) विधेयक 2026 पुरस्थापित

विशेष संवाददाता (vol)

- उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल : मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय



**लखनऊ।** उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2026 तथा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2026 को सदन में पुरस्थापित किया।

उच्च शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में दोनों विधेयकों को प्रस्तुत करते हुए सदन से इन्हें पुरस्थापित करने की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया। प्रस्ताव पर सदन में मत व्यक्त कराया गया, जिसमें बहुमत से विधेयकों को पुरस्थापित करने की अनुज्ञा प्रदान की गई।

मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इन संशोधन विधेयकों के माध्यम से विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक ढांचे को और सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके।

# प्रदेश में एआई आधारित डिजिटल अर्थव्यवस्था को मिलेगा संस्थागत ढांचा

विशेष संवाददाता (vol)

### उत्तर प्रदेश रोबोटिक्स मिशन के लिए 100 करोड़ रुपये

नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में रोबोटिक्स का मजबूत इकोसिस्टम विकसित हो रहा है। इस क्षेत्र में एडवर्ब जैसी अग्रणी कंपनियां कार्यरत हैं। उत्तर प्रदेश को रोबोटिक्स हब के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार उत्तर प्रदेश रोबोटिक्स मिशन लॉन्च कर रही है। इस महत्वाकांक्षी पहल के लिए बजट 2026-27 में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप और इंडस्ट्री सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने बजट 2026-27 में प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। बजट में 5 गीगावाट क्षमता के 5 डाटा सेंटर क्लस्टर स्थापित करने की योजना की घोषणा की गई है, जिसके लिए 100 करोड़ रुपये का प्रारंभिक प्रावधान किया गया है। इस परियोजना के क्रियान्वयन हेतु स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था की प्रमुख प्रेरक शक्ति होगा और डाटा सेंटर इस नई अर्थव्यवस्था की आधारभूत संरचना हैं। इन्हीं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने दीर्घकालिक दृष्टि के साथ चरणबद्ध विकास का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रथम चरण में वर्ष 2030 तक 5 गीगावाट क्षमता विकसित करने तथा वर्ष 2047 तक इसे 40 गीगावाट तक विस्तारित करने का विजन रखा गया है।

वर्तमान परिदृश्य में भारत विश्व के बड़े डाटा उत्पादक देशों में शामिल है, किंतु डाटा सेंटर क्षमता के मामले में वैश्विक हिस्सेदारी अपेक्षाकृत कम है। ऐसे में उत्तर प्रदेश की यह पहल राष्ट्रीय डिजिटल स्वायत्तता और निवेश आकर्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बजट में स्पष्ट किया गया है कि डाटा सेंटर क्लस्टर विकास के लिए भूमि, गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ती विद्युत आपूर्ति, पर्याप्त जल संसाधन, उच्च क्षमता वाली बैण्डविथ तथा कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही त्वरित स्वीकृति प्रणाली और निवेशक-अनुकूल नीतिगत वातावरण तैयार करने पर जोर दिया गया है। प्रदेश सरकार का आकलन है कि डाटा सेंटर स्थापना पूंजी-गहन क्षेत्र है, जिसमें प्रति मेगावाट 70-80 करोड़ रुपये तक का निवेश संभावित है। ऐसे में यह परियोजना प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर निवेश, रोजगार सृजन और सहायक उद्योगों के विकास को गति दे सकती है। बजट में यह भी संकेत दिया गया है कि जहां-जहां डाटा सेंटर क्लस्टर स्थापित होंगे, वहां समेकित डिजिटल टाउनशिप और नवाचार आधारित पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया जाएगा। इससे स्टार्टअप, आईटी सेवाओं, क्लाउड कम्प्यूटिंग, साइबर सुरक्षा और एआई आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री के संबोधन में व्यक्त डिजिटल भविष्य के विजन के अनुरूप यह बजट प्रावधान उत्तर प्रदेश को पारंपरिक औद्योगिक विकास से आगे बढ़ाकर प्रौद्योगिकी आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में ले जाने का संकेत देता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्तमान समय की सबसे तीव्र गति से विकसित हो रही तकनीक है और डाटा सेंटर इसकी फैक्ट्री के रूप में कार्य करते हैं, जहां इंटेलिजेंस का निर्माण होता है। प्रदेश सरकार ने सटीक, समेकित और रियल-टाइम आंकड़ा प्रबंधन की दिशा में स्टेट डाटा अथॉरिटी स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है, ताकि वर्ष 2029 तक एक ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी के लक्ष्य को ठोस नीति-निर्धारण के माध्यम से हासिल किया जा सके। प्रदेश में एक नवीन, आधुनिक, विस्तारित क्षमता युक्त तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्टेट डाटा सेंटर 2.0 स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र राज्य के सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म और विभागीय डाटा का सुरक्षित एवं एकीकृत प्रबंधन सुनिश्चित करेगा। इसके लिए 100 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। टेक युवा-समर्थ युवा योजना के अंतर्गत प्रदेश के 25 लाख युवा एवं छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी आधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश को रोबोटिक्स, फोटोनिक्स एवं एडवांस्ड/एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग जैसी नई और अन्य उभरती तकनीकों के अनुसंधान, विकास, उद्यमिता एवं कौशल विकास का केंद्र बनाने हेतु आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के माध्यम से 'उत्तर प्रदेश नई और उभरती टेक्नोलॉजी मिशन' का वित्तीय वर्ष 2026-27 में आरंभ किया जा रहा है। इस मिशन के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 100 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

# आईटीआई में एआई डाटा लैब्स की स्थापना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कौशल और अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार के सहयोग से 03 सेंटर फॉर एक्सीलेंस (एआई-सीओई) तथा 49 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में एआई डाटा लैब्स स्थापित किए जाएंगे। यह केंद्र पोषित योजना के अंतर्गत संचालित होगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 में इसके लिए 32.82 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था की गई है। इन संस्थानों के माध्यम से युवाओं को एआई, डाटा एनालिटिक्स और उभरती तकनीकों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे प्रदेश में उच्च तकनीकी मानव संसाधन तैयार हो सके।

**यूपीस्वान-3 से डिजिटल गवर्नेंस होगा सुदृढ़ :** डिजिटल गवर्नेंस को सुदृढ़ करने की दिशा में ह्ययूपीस्वान-3ह्व योजना के अंतर्गत राज्य के अंतिम छोर तक स्थापित शासकीय कार्यालयों को उच्च स्तर की बैंडविड्थ उपलब्ध कराई जाएगी। इससे ई-ऑफिस, ऑनलाइन सेवाओं और रियल-टाइम डाटा ट्रांसफर की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 117.63 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह पहल प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता को नई मजबूती देगी।

**लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर में यू-हब की स्थापना :** प्रदेश को प्रतिस्पर्धी नवाचार एवं स्टार्टअप केंद्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से लखनऊ तथा गौतमबुद्ध नगर में यू-हब की स्थापना की जाएगी। प्लग एंड प्ले मॉडल पर आधारित यह हब इन्क्यूबेशन, एक्सेलेरेशन, अनुसंधान, विकास और सहयोग कार्यक्रमों का संचालन करेगा। तेलंगाना, ओडिशा, केरल और कर्नाटक की तर्ज पर इसे विश्वस्तरीय नवाचार केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। इस परियोजना के लिए 100 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था की गई है। यह पहल प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति और टेक-आधारित उद्योगों को नई ऊर्जा प्रदान करेगी।

**मुख्यमंत्री डिजिटल इन्टरप्रन्योर योजना :** प्रदेश में 8,000 न्याय पंचायतें और लगभग 58,000 ग्राम पंचायतें हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हाई स्पीड इंटरनेट, ओटीटी और डिजिटल सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकार पहले चरण में प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर डिजिटल इन्टरप्रन्योर तैयार करेगी। युवाओं (महिला एवं पुरुष) को प्रशिक्षण के साथ आवश्यक उपकरणों के लिए 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। यह ऋण 5 वर्षों में चुकाया जाएगा और पहला वर्ष मोरेटोरियम अवधि का होगा। योजना में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कम से कम 50 प्रतिशत इन्टरप्रन्योर महिलाएं हों। इससे डिजिटल हेल्थ और डिजिटल एजुकेशन को भी मजबूती मिलेगी।

संक्षेप

## महाशिवरात्रि पर तीन दिनों तक होगा बाबा घुइसरनाथ का भव्य श्रृंगार



प्रतापगढ़। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा का विशेष श्रृंगार होगा। मंदिर के महंत मयंक भाल गिरि ने बताया कि चौदह फरवरी को महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर बाबा का भव्य दूल्हा श्रृंगार किया जाएगा। इस दिन रात्रि आठ बजे विशेष आरती भी होगी। महाशिवरात्रि के दिन बाबा का अलौकिक रूद्राक्ष श्रृंगार व आरती रात नौ बजे होगी। अगले दिन सोलह फरवरी सोमवार को बाबा का दिव्य एवं भव्य अलौकिक आभूषण श्रृंगार होगा। वहीं महाशिवरात्रि को लेकर बाबा घुइसरनाथ धाम मंदिर में आकर्षक रंगरोगन की भी छटा श्रद्धालुओं को भावविभोर किये हुए है।

## मारपीट व आगजनी की घटना में दर्ज हुआ मुकदमा

प्रतापगढ़। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मारपीट व आगजनी की घटना को लेकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सरदार का पुरवा पुरवारा गांव निवासी नाजिम पुत्र मो0 शरीफ के अनुसार बीते वर्ष इक्कीस नवंबर को सुबह नौ बजे वह अपने खेत से टैज्क्टर से धान का पैरा लोड कर घर आ रहा था। दरवाजे तक टैज्क्टर न पहुंच पाने के चलते उसने रास्ते में उसे उतार दिया। पीड़ित का आरोप है कि इसी रंजिश में गांव के निसार पुत्र मोसीन व उसका पुत्र इरफान, सैफ, जहीरूलनिशा पत्नी अब्दुल हामिद, नजमा पत्नी मुमताज ने एकराय होकर पैरा में आग लगा दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। घटना को लेकर पीड़ित ने कोतवाली तथा एसपी के यहां तहरीर दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इससे पीड़ित ने कोर्ट में न्याय की गुहार लगायी। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले में तीन पर दर्ज हुआ केस

प्रतापगढ़। अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले को लेकर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के जैनपुर निवासी अधिवक्ता आलोक कुमार शुक्ल पुत्र रघुनाथ प्रसाद शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती ग्यारह फरवरी को दोपहर करीब बारह बजे वह गांव के समीप खेत में अपनी फसल देखने गया था। पीड़ित का आरोप है कि यहां रास्ते मे लालगंज बाजार निवासी ज्ञानचंद्र मोदनवाल पुत्र चोखेलाल अपने पुत्र रजत मोदनवाल व एक अज्ञात के साथ जबरन रोक लिया और गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने पीड़ित अधिवक्ता को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। शोर सुनकर लोगों को आते देख ज्ञानचंद्र मोदनवाल ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से जानलेवा फायर झोंक दिया लेकिन पीड़ित बाल बाल बच गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# महिला की मौत , सपाइयों ने घेरा कलेक्ट्रेट

### थाना प्रभारी पर कार्रवाई और एफआईआर में 6 नाम जोड़ने की मांग




**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में मारपीट में घायल महिला की मौत के बाद गुरुवार को समाजवादी पार्टी (सपा) ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर थाना प्रभारी डेबरुआ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष लालजी यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालते हुए जोरदार नारेबाजी की और ज्ञापन सौंपा। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि 8 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 2 बजे ग्राम तालकुण्डा, टोला केवटलिया निवासी कृष्णावती चौहान (पत्नी लाल जी चौहान) पर पुरानी रंजिश के चलते हमला किया गया। परिजन उसी दिन थाने पहुंचे, लेकिन तत्काल मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। 10 फरवरी को मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ। घायल कृष्णावती का इलाज चलता रहा और गंभीर हालत में उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां 11 फरवरी की सुबह करीब 4 बजे उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। महिला की मौत के बाद पुलिस ने मुकदमे में संबंधित धाराएं बढ़ा दीं। पुलिस के अनुसार इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, पीड़ित परिवार और सपा का आरोप है कि घटना में कुल 11 लोग शामिल थे। छह नाम—साधू सरन पुत्र पदारथ, मोतीलाल पुत्र भगवन्त, सन्तकुमार पुत्र पदारथ, शत्रुघ्न पुत्र साधू सरन, कृष्णा पुत्र भरतभुआल और विमला पत्नी विकास—को एफआईआर में शामिल नहीं किया गया। सपा नेताओं ने इन सभी नामों को मुकदमे में जोड़कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन में शोहरतगढ़ से पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन प्रताप सिंह, पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह, पूर्व विधायक विजय पासवान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने चेतावनी दी कि यदि थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित नहीं की गई तो पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी। 12 फरवरी को महिला का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे। परिजनों का कहना है कि जब तक सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी, वे शांत नहीं बैठेंगे। फिलहाल मामला राजनीतिक रूप ले चुका है। पुलिस का कहना है कि विधिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही है, जबकि सपा और पीड़ित पक्ष सभी नामजद आरोपियों को शामिल करने और थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। अब जिला प्रशासन के अगले कदम पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

# रसोइयों ने किया प्रदर्शन



सिद्धार्थनगर- जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को लगभग 300 रसोइयों ने अपने वेतन वृद्धि और बच्चों के भविष्य को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि उन्हें प्रतिमाह मात्र 2,000 रुपये का वेतन मिलता है, जो उनके जीवनयापन और बच्चों की शिक्षा के लिए अपर्याप्त है। प्रदर्शनकारी रसोइयों ने आरोप लगाया कि सरकारी अधिकारियों और हेडमास्टरों के बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ते हैं, जबकि उनकी कम तनख्वाह के कारण उनके बच्चों का भविष्य अनिश्चित है। उन्होंने कहा कि उनका काम केवल खाना बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें झाड़ू लगाना, बर्तन धोना, फर्श साफ करना और बच्चों से संबंधित अन्य छोटे-मोटे काम भी करने पड़ते हैं।रसोइया सुमन ने बताया, ह्लहम झूठा उठाते हैं, बर्तन धोते हैं, झाड़ू लगाते हैं, बच्चों की देखभाल करते हैं और स्कूल के सभी छोटे-बड़े काम करते हैं। इसके बावजूद हमारा वेतन सबसे कम है।ह्व रसोइया राधा ने वेतन असमानता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हेडमास्टर और अन्य कर्मचारियों को 80,000 से 1,00,000 रुपये तक वेतन मिलता है, जबकि उनकी मेहनत और जिम्मेदारी कहीं अधिक है। संगीता ने अपनी बात रखते हुए कहा, ह्लहम गरीब हैं। सरकारी अफसरों के बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ते हैं। हम अपने बच्चों को कहाँ पढ़ाएं? 2,000 रुपये में हम अपने बच्चों का भविष्य कैसे सुरक्षित करें? यह असमानता और अन्याय है।ह्व रसोइयों ने मांग की कि उनका न्यूनतम वेतन कम से कम 18,000 रुपये और अधिकतम 26,000 रुपये प्रतिमाह होना चाहिए। राधा देवी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा, ह्लहमारी मेहनत, हमारी जिम्मेदारी और हमारे बच्चों का भविष्य हमारी लड़ाई का मूल कारण है। हमें धमकी दी जाती है कि अगर काम ठीक से नहीं किया तो निकाल देंगे। लेकिन हम भी इंसान हैं, हम भी अपने बच्चों के भविष्य के हकदार हैं।ह्व प्रदर्शनकारी रसोइया कमल देवी ने वेतन के साथ-साथ काम की परिस्थितियों में सुधार की भी मांग की। उन्होंने बताया कि काम के दौरान उन्हें अक्सर भेदभाव और धमकियों का सामना करना पड़ता है।

## होम-स्टे नीति को लेकर अहम बैठक संपन्न



कटरा श्रावस्ती। पर्यटक आवास गृह में पर्यटन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम-स्टे नीति- 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण, दूरदर्शी और सराहनीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने की, जिसमें ग्राम प्रधानों एवं बीडीसी सदस्यों की उत्साहपूर्ण, सक्रिय और सकारात्मक सहभागिता देखने को मिली।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला पर्यटन अधिकारी ने कहा कि ऐतिहासिक तपोस्थली श्रावस्ती में होम-स्टे और बेड एंड ब्रेकफास्ट इकाइयों की अपार संभावनाएं हैं। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह योजना स्थानीय लोगों के लिए लाभकारी, प्रेरणादायक और रोजगारपरक सिद्ध हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस नीति के अंतर्गत पर्यटकों के ठहरने हेतु घरों का पंजीकरण कराया जा सकता है, जिससे ग्रामीण पर्यटन को नई दिशा मिलेगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजीकरण के लिए भवन का स्थानीय प्राधिकरण में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। एक ही इकाई के लिए एक से अधिक पंजीकरण नहीं किया जाएगा तथा इकाइयाँ वाणिज्यिक स्वरूप में संचालित नहीं होंगी। अग्निशमन विभाग द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन, मीनू एवं नाश्ते की सुविधा, कम से कम तीन सीसीटीवी कैमरे, आगंतुकों की पहचान एवं आरक्षण का रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होगा। एक बार में अधिकतम प्रवास अवधि सात दिन निर्धारित की गई है। पंजीकरण हेतु आवश्यक अभिलेखों में मालिक का आधार कार्ड, पासपोर्ट, इकाई के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज, प्रतिष्ठान प्रमाण पत्र एवं पुलिस विभाग से प्राप्त चरित्र प्रमाण पत्र शामिल हैं। यह व्यवस्था केवल बेड एंड ब्रेकफास्ट इकाइयों पर लागू होगी। बैठक में ग्राम प्रधान छागुर प्रसाद, अनिल कुमार पांडे, राजकुमार यादव, अभय तिवारी, जयप्रकाश यादव, समसुल हक, बीडीसी त्रिभुवन प्रसाद, मिथिलेश कैराती, समाजसेवी रितेश तिवारी सहित अन्य जागरूक, उत्तरदायी एवं प्रतिबद्ध जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री औद्यानिक मिशन में सब्जी बीज वितरण



श्रावस्ती। जिला उद्यान अधिकारी बीएस चौधरी ने जानकारी दी है कि जनपद में रोजगार सृजन, लघु उद्योगों के विकास तथा कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) एवं मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास मिशन योजना के तहत लाभार्थियों को सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत जनपद में 799 सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक 65 से अधिक लघु उद्योग इकाइयाँ स्थापित की जा चुकी हैं। योजना के तहत नए उद्योगों की स्थापना एवं पूर्व से संचालित इकाइयों के उन्नयन के लिए आटा चक्की, राइस मिल, दाल मिल, ऑयल मिल, बेकरी, मशरूम, आंवला, दुग्ध उत्पाद, फल-सब्जी प्रसंस्करण, मिठाई, नमकीन, चिप्स, केचप, सॉस, अचार, मसाला, मेवा, शहद प्रसंस्करण, मक्का उत्पाद, पशु व मुर्गी चारा, गन्ना आधारित उत्पाद, पास्ता, जूस, शेक एवं केला आधारित उत्पाद सहित अनेक खाद्य उद्योगों के लिए अनुदान की सुविधा उपलब्ध है। योजना के अंतर्गत परियोजना लागत का 35 प्रतिशत, अधिकतम 10 लाख रुपये तक का अनुदान क्रेडिट लिंक्ड खाते के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। पात्रता मानदंड के अनुसार आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक तथा न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। व्यक्तिगत स्वामित्व अथवा भागीदारी फर्म पात्र होंगी। एक परिवार से केवल एक व्यक्ति ही योजना का लाभ प्राप्त कर सकेगा, जिसमें स्वयं, पत्नी एवं बच्चे सम्मिलित होंगे। इच्छुक आवेदक योजना के वेब पोर्टल पीएमएफएमई डॉट एमओएफपीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर पंजीकरण कर सकते हैं।

# रामपुर में वकील की हत्या को लेकर पनपा आक्रोश



**प्रतापगढ़।** रामपुर जिले में साथी की गोली मारकर हत्या तथा स्थानीय तहसील के वकील पर जानलेवा फायरिंग एवं रानीगंज तहसील में एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर गुरूवार को यहां वकीलों का पारा गर्म दिखा। नाराज वकीलों ने तहसील तथा दीवानी अदालतों में कामकाज का बहिष्कार किया। वकीलों ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी महेश तथा रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की संयुक्त अगुवाई में परिसर से लेकर नेशनल हाइवे पर जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने तहसील के मुख्य गेट पर सभा कर रामपुर में अधिवक्ता फारूख अहमद की जघन्य हत्या को असहनीय बताया। वहीं लालगंज के जैनपुर निवासी अधिवक्ता आलोक शुक्ला पर बुधवार को जानलेवा फायरिंग को लेकर भी आक्रोश प्रकट किया। अधिवक्ताओं ने रानीगंज तहसील में एसडीएम की कार्यशैली से विरोध प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं की मांगों को लेकर भी सुर में सुर मिलाया। आम सभा को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि प्रदेश भर में अधिवक्ताओं पर रोज जानलेवा हमले हो रहे हैं। रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि रामपुर की घटना के बाद वकीलों का यह आंदोलन अब प्रदेशव्यापी होगा। सभा का संयोजन उपाध्यक्ष आशीष तिवारी एवं संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इधर दीवानी न्यायालय में एकजुट हुए वकीलों ने इन घटनाओं के विरोध में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज कुमार पाण्डेय की अगुवाई में न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। आमसभा को पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, दिनेश सिंह, प्रवीण यादव, लाल स्नेहांश प्रताप सिंह, संजय सिंह ने भी संबोधित करते हुए वकीलों के उत्पीड़न को लेकर प्रशासन की लापरवाही पर आक्रोश जताया। इस मौके पर केके शुक्ला, सिंटू मिश्र, नीरज सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, राहुल त्रिपाठी, शैलेन्द्र शुक्ला, पण्डित दुबे, सूर्यकांत निराला, मस्तराम पाल, आशुतोष शुक्ला, मनोज शुक्ला, दीपक पाण्डेय, मो0 ईसा, मनीष क्रांतिकारी, रामकुमार पाण्डेय, प्रभात श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता रहे।

## टीएचआर वितरण में 50% प्रगति पर डीएम सख्त, सीडीपीओ से मांगा स्पष्टीकरण, लापरवाही पर कार्रवाई तय



सिद्धार्थनगर- मैनपुरी जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला स्तरीय डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी एवं सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकरण से संबंधित जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने एम-पैक्स के गठन और बी-पैक्स के ई-पैक्स में रूपांतरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, सचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रथम और द्वितीय चरण में शामिल सभी बी-पैक्स समितियों को 15 मार्च तक हर हाल में ई-पैक्स घोषित किया जाए। उन्होंने कम्प्यूटरीकरण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए शेष डाटा शीघ्र फीड कर डीएलआईएमसी की अगली बैठक में प्रस्तुत करने को कहा। सहायक निबंधक सहकारिता ने बताया कि जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो-दो बी-पैक्स गठन का लक्ष्य निर्धारित है। वर्तमान में 58 बी-पैक्स समितियां संचालित हैं। बी-पैक्स उन्नयन योजना के तहत 44 नई समितियों के गठन का लक्ष्य था, जिसके सापेक्ष 42 नई समितियां गठित की जा चुकी हैं। समीक्षा में बताया गया कि गठित समितियों में से 24 प्रथम चरण, 11 द्वितीय चरण और 22 तृतीय चरण में ई-पैक्स घोषित की जानी हैं। इनमें से 8 समितियों की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं और अनुमोदन के बाद उन्हें ई-पैक्स घोषित किया जाएगा। कम्प्यूटरीकरण के प्रथम एवं द्वितीय चरण में कुल 35 समितियां चयनित हैं, जिनमें 8 समितियों का ऑडिट एवं पार्किंग अकाउंट की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। बैठक में अन्न भंडारण योजना की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि जिला सहकारी विकास संघ के बंद पड़े शीतगृह की खाली भूमि पर 2500 मीट्रिक टन क्षमता का गोदाम यू.पी.आर.एन.एस.एस. द्वारा निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने जर्जर भवन और पुरानी मशीनरी का नियमानुसार निस्तारण कराने तथा शेष भूमि पर भी 2500 मीट्रिक टन क्षमता का एक और गोदाम निर्माण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सोमदत्त, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता जितेन्द्र पाल, सहायक निदेशक मत्स्य धर्मराज चौहान, मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक एम.ए. सिद्दीकी, नाबार्ड से मीतेश कुमार सहित विभिन्न समितियों के सचिव एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर काली माता व विभूतिनाथ मंदिर निरीक्षण



**श्रावस्ती।** महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने नगर पालिका परिषद भिनगा अंतर्गत काली माता मंदिर तथा विकास खण्ड सिरसिया अंतर्गत बाबा विभूतिनाथ मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने पूरे मंदिर परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा, साफ-सफाई एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विभूतिनाथ मंदिर सहित जनपद के सभी प्रमुख शिवालयों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जलाभिषेक एवं दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन व पुलिस के अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने सावन मेला के मद्देनजर मंदिर परिसरों में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, मार्गों की मरम्मत तथा आवागमन को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। ऊंचे व जलभराव वाले रास्तों पर मिट्टी पटाई कराकर उन्हें दुरुस्त कराने को भी कहा। जिलाधिकारी ने विभूतिनाथ मंदिर एवं रजिया तालाब क्षेत्र तक पुख्ता इंतजाम करने, कुंड के चारों ओर साफ-सफाई बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वास्थ्य शिविर, शौचालय, वैकल्पिक शौचालय, मोबाइल टॉयलेट, बैरिकेटिंग व प्रकाश व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इसके लिए अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है और सुरक्षा के भी पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने निर्धारित स्थलों पर रोस्टर के अनुसार पुलिस बल के साथ तैनात रहकर व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने बताया कि मंदिर परिसरों में अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। किसी भी व्यक्ति द्वारा शांति भंग करने का प्रयास करने पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों व सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि ड्यूटी के दौरान मंदिर परिसर के अंदर व बाहर व्यापक निगरानी रखें, ताकि जलाभिषेक कार्यक्रम शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज, परियोजना निदेशक अश्वनी कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी भिनगा, थानाध्यक्ष सिरसिया, प्रबंधन समिति के सदस्य तथा संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

सिद्धार्थनगर- जिले के पेडारी चौराहे पर बृहस्पतिवार सुबह एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 7 से 8 बजे के बीच एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक नशे की हालत में था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। सुबह का समय होने के कारण सड़क पर भीड़ कम थी, जिसका फायदा उठाकर वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और फरार वाहन की तलाश में जुटी है। मृतक की पहचान परोई निवासी पहलाद यादव पुत्र मुखु यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

## अधिवक्ता की हत्या पर बार एसोसिएशन में आक्रोश



सिद्धार्थनगर- रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद की हत्या के विरोध में गुरुवार को सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। घटना को लेकर अधिवक्ताओं ने आपात बैठक बुलाई और इसे पूरे अधिवक्ता समुदाय की सुरक्षा पर हमला बताया। बैठक की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अब तक कोई ठोस कानून लागू नहीं किया गया है, जिससे वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित किए बिना आम जनता को न्याय मिलना कठिन है। बैठक में पूर्व अध्यक्ष इंदु कुमार सिंह, वीरेंद्र श्रीवास्तव, विमल मिश्रा, प्रशासनिक मंत्री दिव्य प्रकाश शुक्ला, पूर्व महामंत्री विजेंद्र पांडे, पूर्व कोषाध्यक्ष नागेंद्र नाथ पांडे सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में घटना की कड़ी निंदा की और मृतक अधिवक्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। कलेक्ट्रेट परिसर में ह्लअधिवक्ता के हत्यारे को फांसी दोह्व और ह्लअधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करोह्व जैसे नारों से माहौल गूंज उठा।उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। मृतक अधिवक्ता के मुकदमे की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में दिन-प्रतिदिन कर त्वरित निस्तारण किया जाए और दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए।मृतक अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि उनका ज्ञापन राज्यपाल तक पहुंचाया जाएगा और संबंधित प्रशासन से वार्ता कर मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। अधिवक्ताओं ने कहा कि यह केवल एक जिले की घटना नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के अधिवक्ता समुदाय के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि न्याय और सुरक्षा की लड़ाई में वे पीछे नहीं हटेंगे।

# मुठभेड़ में शातिर अपराधी घायल, तीन गिरफ्तार



श्रावस्ती। थाना इकौना क्षेत्र में हुई चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं का पुलिस ने सफल अनावरण किया है। एसओजी, सर्विलांस व थाना इकौना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई में 01 वांछित शातिर अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल होकर गिरफ्तार किया गया, जबकि 02 अन्य अभियुक्तों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया माल, घटना में प्रयुक्त उपकरण, 01 बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल, 01 तमंचा व 01 जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रभावी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान के कुशल पर्यवेक्षण में निरीक्षक अपराध थाना इकौना परमानंद तिवारी के नेतृत्व में दिनांक 11/12.02.2026 की मध्य रात्रि को संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मोहनीपुर चौराहे से कैलाशपुर मार्ग हाइवे मोड़ के पास एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास करने पर एक अभियुक्त ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त रामप्रकाश उर्फ प्रकाश पासी घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना भेजा गया। वहीं मौके से भागने का प्रयास कर रहे दो अन्य अभियुक्त राजू सिंह व रामचंदर पासी को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस, 01 खोखा कारतूस, 01 बिना नंबर प्लेट की प्लसर मोटरसाइकिल, चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त उपकरण (पेंचकस, सब्बल, आरी ब्लेड, कटर), पीली व सफेद धातु के आभूषण तथा नकद 25,000 रुपये बरामद किए गए। इस संबंध में थाना इकौना पर मु0अ0सं0-33/2026 धारा 109(1), 352, 351(3) बीएनएस एवं 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त रामप्रकाश उर्फ प्रकाश पासी, राजू सिंह व रामचंदर पासी निवासी ग्राम ग्वारी, थाना थानगांव, जनपद सीतापुर हैं, जिनका आपराधिक इतिहास भी दर्ज है।

# महाशिवरात्रि पर प्रबन्धों को लेकर हुई समीक्षा बैठक



- एसडीएम व सीओ ने बाबा घुइसरनाथ धाम तीन दिवसीय महोत्सव बाबा घुइसरनाथ धाम की तैयारियों का किया निरीक्षण

प्रतापगढ़। महाशिवरात्रि पर बाबा घुइसरनाथ धाम में तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारियों को लेकर गुरूवार को अफसरो ने स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न कार्यो की समीक्षा की। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा तथा सीओ आशुतोष मिश्र ने संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र में भ्रमण कर विभिन्न तैयारियों का अवलोकन किया। बाबा धाम निरीक्षण गृह में एसडीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक भी हुई। बैठक में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने परिसर में साफ सफाई के बाबत सांगीपुर व लालगंज बीडीओ को कड़े निर्देश दिये। वहीं उन्होने मेला क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति तथा विद्युत सप्लाई के साथ अन्य जरूरी प्रबन्धों को भी जिम्मेदार अधिकारियों से समय से पूरा कराए जाने को कहा। सीओ आशुतोष मिश्र ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के प्रबन्धों को लेकर सांगीपुर एसओ को सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होने मेला क्षेत्र में सीसी कैमरे तथा सई घाट पर बैरीकेटिंग व गोताखोर तथा नाव आदि प्रबन्धों के बाबत भी जानकारी जुटाई। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने आयोजन समिति की ओर से सुझाव सौंपे। मंदिर के महंत मयंक भाल गिरि ने मुख्य मंदिर को लेकर प्रबन्धों की जानकारी दी। बैठक में सांगीपुर खण्ड विकास अधिकारी विनोद श्रीवास्तव, लालगंज बीडीओ मानवेंद्र शर्मा, ईओ लालगंज इंद्र प्रताप, सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी, उदयपुर एसओ प्रदीप कुमार, एडीओ पंचायत विमलेश मिश्र, सीएचसी अधीक्षक डा0 आनन्द त्रिपाठी, अवर अभियंता शुभम त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख सांगीपुर अशोक सिंह बबलू, लालगंज प्रमुख अमित प्रताप सिंह, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, रामबोध शुक्ल, आशुतोष मिश्र, त्रिभु तिवारी, प्रदीप पाण्डेय, सुभाषचंद्र शर्मा, रामकृपाल पासी, फक्कड़ पाण्डेय, मुन्ना शुक्ला आदि रहे।

# केशभान राय ने ग्रामीण क्षेत्र में जगाई थी शिक्षा की अलख

## केशभान राय के आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि



गोला, गोरखपुर। गोला क्षेत्र के ककरही स्थित आनन्द विद्यापीठ इण्टर कालेज पर गुरूवार को विद्यालय का 35वां संस्थापक दिवस समारोह उत्साह पूर्वक मनाया गया। जिसमें आगंतुकों ने विद्यालय संस्थापक, पुर्वांचल के महान स्वत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद् एवम्‌ पुर्व उप शिक्षा मंत्री स्व केशभान राय की 35 वीं पूण्य तिथि पर पुष्पांजलि कर नमन किया। तो वहीं समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों से भारतीय संस्कृत-सभ्यता को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिल्लूपार विधायक पूर्व मंत्री राजेश त्रिपाठी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्व केशभान राय का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे एक निडर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के साथ-साथ महान गांधीवादी चिंतक और प्रदेश के पूर्व उप शिक्षा मंत्री रहे। जिन्होने आजादी से पूर्व शिक्षा को आंदोलन बनाया और ग्रामीण क्षेत्र में आनंद विद्यापीठ इंटर कालेज की स्थापना कर शिक्षा और क्रांति की अलख जगाई। हमें उनके सिखाए मार्गो पर चलने का संकल्प लेकर उनके उनके आदर्शो पर चलना होगा और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होने बच्चों से शिक्षा को हथियार बनाकर देश के विकास में अहम योगदान करने की अपील किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद हियुवा नेता रतन प्रकाश दूबे, प्राचार्य राणा सत्यप्रकाश सिंह व पूर्व प्रधानाचार्य दयाशंकर राय ने संबोधित करते हुए छात्रों को शिक्षा के साथ ही मानवता व संस्कार को भी जीवन में ग्रहण करने की अपील किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता बीर बहादुर चंद ने किया। संचालन करते हुए शिक्षक नेता एनसीसी के कैप्टन अजय कुमार शुक्ल ने कहा कि स्मृतियां भी परोक्ष साक्षात्कार होती हैं। जो स्व केशभान राय के संस्मरण से हृदय में ऊर्जा का संचार होता है। विद्यालय के प्रबंधक रविप्रताप राय एवं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्व राय की पुण्यतिथि पर आप सभी की गरिमामयी उपस्थिति उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। यह आयोजन हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका को समझने का अवसर प्रदान करता है। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रांगण के बाहर स्थापित स्व केशभान राय व रामलखन शुक्ला की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर नमन किया गया। तदुपरांत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और केशभान राय के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, भजन, एकल व सामूहिक नृत्य, देश भक्ति गीत, राष्ट्रगान व नुक्कड़ नाटक की मनोहारी प्रस्तुति किया। 'मेरा रंग दे बसंती चोला।' तथा 'मेरे घर राम आये हैं।' गीत पर छात्राओं का नृत्य देखकर दर्शक भाव विभोर हुए। विद्यालय परिवार द्वारा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के सेवानिवृत शिक्षक केबी राय एकेडमी पड़ौली के निदेशक शिवप्रताप राय,

जनता इंटर कालेज-दुबौली के प्रबंधक सुभाष राय, वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कसौधन, दयाशंकर पांडेय, आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, सुधीर शुक्ला, विद्याधर पांडेय, वशिष्ठ राय, प्रवीण दूबे, रजनीश नारायण सिंह, सतांशु राय, अनूप राय, अवधेश कुमार मिश्र, दीपक सिंह, अरुन प्रकाश राय, नागेंद्र शर्मा, रिंकू मिश्रा, बीरेन्द्र, अमित, रामकृपाल, वीकेश यादव, जयवीर यादव व निजामुद्दीन सहित समस्त छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता संग्राम के दोनों महान विभूतियो के स्मारक का होगा सुंदरीकरण

संस्थापक दिवस समारोह के दौरान चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व केशभान राय व स्व रामलखन शुक्ल को नमन करते हुए कहा कि विद्यालय के बाहर स्थापित स्वतंत्रता संग्राम के दोनो महान विभूतियों का स्मारक खुले आसमान के नीचे है। दोनो महान विभूतियों के स्मारक पर जल्द ही छतरी लगाकर पर सुंदरीकरण कराया जाएगा। उन्होने कहा कि ग्रामीणांचल में शिक्षा की अलख जगाने के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता आंदोलन के इन नायकों के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता।

### प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर किया गया सम्मान

आनंद विद्यापीठ इंटर कालेज के संस्थापक समारोह के दौरान स्व केशभान राय प्रतिभा खोज तहसील स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार वितरण प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम व विगत दिवस हुए खेलकूद प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को मेडल, कॉपी, कलम इत्यादि उपहार दे कर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही विद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारी रामकृपाल को उनके बेहतरीन प्रदर्शन पर सम्मानित किया गया।

बता दें, स्व केशभान राय प्रतिभा खोज तहसील स्तरीय प्रतियोगिता कक्षा-6 से लेकर 12वीं तक के छात्रों के लिए आयोजित हुआ था।

# किसी पेंशनर की कोई भी समस्या हो, वह अवश्य मिले



इटावा। जब से मैं आया हूं तब से तमाम पेंशनरों की समस्याओं का समाधान करता आ रहा हूं फिर भी किसी पेंशनर की अगर कोई समस्या रह गई है तो वह अवश्य आ कर मिले हम जानते व समझते हैं 60 वर्ष के बाद काम करने की क्षमता में निरंतर गिरावट आती है और पेंशनरों का वही बुढ़ापे का एक सहारा होती है उक्त उदगार आज बारिव कोषाधिकारी डोगरा शक्ति ने पेंशनर हाल में सैकड़ो पेंशनरों की समक्ष कहीं आज ही प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में सेवारत रहे अध्यापक अध्यापको जो 80 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके है उनके सम्मान समारोह में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही उक्त कार्यक्रम में 80 की उम्र पार कर चुके जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से दो लोगों को मालापहनाकर तथा शाल उड़ाकर उनका सम्मान किया गया सम्मान पाने वालों में सफाई ब्लॉक से मुलायम सिंह भूरेलाल जसवंतनगर से जिलेदार सिंह रामअवतार मिश्रा भरथना से राजेंद्र सिंह यादव तेज सिंह बसरेहर से विजय सिंह बृजेंद्र बाबू ताखा से लाइक सिंह राजबहादुर एशिया के प्रथम विकासखंड महेवा से वरिष्ठ पत्रकार वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज कुमार दीक्षित की माताजी कमला दीक्षित श्री नारायण अवस्थी नगर क्षेत्र इटावा से रफीकुद्दीन बड़पुरा से रामेश्वर दयाल राजाराम प्रमुख थे उक्त सभी लोगों को माला व शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया उक्त कार्यक्रम शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजेश यादव कोषाध्यक्ष जलधारी लाल जेल विजिटर एवं समाजसेवी सुभाष यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामविलास यादव मुनीम सिंह सहित कार्यक्रम में एक सैकड़ा से अधिक लोग मौजूद थे कार्यक्रम का समापन करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा सभी पेंशनरौ को चाहिए कि वह अपने-अपने बच्चों को जरूरत के आधार पर अपनी पेंशन का हिस्सा देते रहे जिससे परिवार में विवाद की स्थिति ना बने और खूब खाएं पिए मस्त रहे और सतायु हो आए हुए समस्त पेंशनरों का आभार व्यक्त किया और कहा जहां हम लोग एकत्र हो वह जोश और खरो श के साथ आए बुढ़ापा अपने ऊपर हावी न होने दे।

# सचिवों की तैनाती में भेदभाव, अपनों पर अफसर मेहरबान




यजुगेन्द्र श्रीवास्तव

गीडा, गोरखपुर। पाली ब्लॉक में ग्राम विकास और पंचायती राज कार्यों के बंटवारे में बड़ी लापरवाही और भेदभाव का मामला सामने आया है। ब्लॉक की 58 ग्राम पंचायतों के प्रबंधन में अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। एक ओर जहां सचिवों की पर्याप्त उपलब्धता होने के बावजूद कुछ को ब्लॉक मुख्यालय बिठाया गया है, वहीं चहेते सचिवों पर क्लस्टरों की बारिश की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पाली ब्लॉक में तैनात कुल सचिवों में से कुछ सचिवों को दो-दो क्लस्टर की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। नियमतः कार्यभार का समान वितरण होना चाहिए ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे, लेकिन यहाँ स्थिति इसके उलट है। हैरानी की बात यह है कि ब्लॉक में कुछ पंचायत सचिव स्टैंडबाई पर मौजूद हैं, जिन्हें कोई भी पंचायत आवंटित नहीं की गई है। इन सचिवों को ब्लॉक मुख्यालय पर बैठाकर वेतन दिया जा रहा है, जबकि उनके हिस्से का काम दूसरे सचिवों पर लाद दिया गया है। अतिरिक्त कार्यभार के कारण जिन सचिवों के पास दो-दो क्लस्टर हैं, वे पंचायतों के कार्यों पर उचित ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का दावा है कि अधिक पंचायतें होने के कारण सचिव गांवों तक पहुंच ही नहीं पा रहे हैं। कार्यभार अधिक होने का बहाना बनाकर धरातल पर हो रहे कार्यों में जमकर बंदरबांट और तकनीकी गड़बड़ियां की जा रही हैं। प्रशासनिक गलियारों में चर्चा है कि सचिवों की इस तैनाती के पीछे स्थानीय उच्चाधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। वेटिंग में रखे गए सचिवों को काम न देना और कुछ को अति-महत्वपूर्ण बनाकर नवाजना प्रशासन की निष्पक्षता पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है। यदि जल्द ही पंचायतों का न्यायसंगत आवंटन नहीं किया गया, तो सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचना मुश्किल हो जाएगा।

इस संदर्भ में जिला पंचायत राज अधिकारी निलेश प्रताप सिंह ने बताया कि एक सचिव बीमार है और दूसरे सचिव की पत्रावली प्रक्रियाधीन है। जल्द ही पत्रावली तैयार कर नए सिरे से क्लस्टर आवंटित कर दिए जाएंगे।

# विश्व रोगी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




चरगांवा, गोरखपुर। विश्व रोगी दिवस के अवसर पर फातिमा हॉस्पिटल 11 से 13 फरवरी तक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

जा रहा है। इस वर्ष विश्व रोगी दिवस की थीम ह्लदया और करुणा का सामरीटनञ्ज जिसका उद्देश्य है दूसरे के दर्द को अपनाकर प्रेम करनाह्व रखी गई है, जो रोगियों के प्रति संवेदना, सहानुभूति और समग्र उपचार पद्धति के महत्व को दशार्ती है। इस अवसर पर फातिमा हॉस्पिटल के निदेशक फा. डॉ. संतोष सेबास्टियन ने कहा कि ह्लरोगी केवल इलाज का विषय नहीं, बल्कि वह एक इंसान है जिसे प्रेम, सम्मान और संवेदना की आवश्यकता होती है। चिकित्सा सेवा का वास्तविक अर्थ तभी पूर्ण होता है, जब उपचार के साथ करुणा भी जुड़ी हो। उन्होंने यह भी कहा कि फातिमा हॉस्पिटल ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर समाज में स्वास्थ्य संबंधी संदेश फैलाता रहता है और फातिमा हॉस्पिटल सदैव मानवीय मूल्यों के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में प्रथम सत्र में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ निकिता गुप्ता ने गर्भावस्था में एनीमिया विषय पर आयोजित जागरूकता सत्र में बताया कि मातृ एनीमिया (हीमोग्लोबिन 11 ग्राम/डीएल से कम) प्रीटर्म डिलीवरी, लो बर्थ वेट, पोस्टपार्टम हेमरेज तथा मातृ रुग्णता के जोखिम को बढ़ाता है। उन्होंने शीघ्र पंजीकरण, नियमित एएनसी जांच, समय-समय पर हीमोग्लोबिन मॉनिटरिंग तथा आयरनह्नफोलिक एसिड सप्लीमेंटेशन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समय पर स्क्रीनिंग एवं उचित उपचार, आवश्यकता पड़ने पर पैरेंट्रल आयरन थेरेपी सहित, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाता है। द्वितीय सत्र में डॉ अंजुम जैन ने ह्लसंचारी रोगह्व विषय पर स्वास्थ्य वार्ता की। अंत में आयोजकों ने समाज से अपील की कि वे रोगियों के प्रति सहयोग, समझ और सहानुभूति की भावना अपनाएं।

इस कार्यक्रम में अस्पताल के डॉ विनय सिन्हा, डॉ अंजुम जैन, डॉ नीलिमा जैन, सिस्टर लता प्रशासिका, फातिमा अस्पताल, गोरखपुर, नर्सिंग छात्राये, अस्पताल के समस्त विभागाध्यक्ष और मरीज तथा उनके परिजन उपस्थित रहें।

# माइक्रो वाटरशेड महोत्सव का शुभारंभ



इटावा। चकरनगर के माइक्रो वाटरशेड मितरोल में वाटरशेड महोत्सव का शुभारंभ मुख्य कार्यकारी अधिकारी परती भूमि विकास विभाग व डीएम के निदेर्शानुसार ग्राम पंचायत प्रधान व जलागम समिति के अध्यक्ष की ओर से किया गया। महोत्सव के दौरान भूमि संरक्षण अधिकारी सहसों ने जल एवं भूमि संरक्षण के बारे में कृषको को जानकारी दी। मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक आरएन सिंह ने कृषको को जल है तो कल है के बारे में समझाया। इसके बाद उप कृषि निदेशक व भूमि संरक्षण अधिकारी ने श्रमदान कर पौधारोपण का कराया। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व कृषि क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर उनको प्रोत्साहित किया गया। जल संचयन को लेकर मुख्य अतिथि व भूमि संरक्षण अधिकारी ने जल ही जीवन है का संकल्प दिलाते हुए जल संचय के संसाधनों को धरोहर के रूप में संरक्षित करने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसी के साथ माइक्रो वाटरशेड मितरोल में जर्जर हालत में पड़े कुएं का जिर्णोद्धार कराकर का कर इसका लोकार्पण किया गया व नए कार्यो का भूमि पूजन किया गया। वाटरशेड महोत्सव के दौरान प्रभातफेरी, जलकलश यात्रा के माध्यम से जल बचाओ का नारा दिया गया। कार्यक्रम में परियोजना प्रभारी मनोज कुमार, जिलागम समिति अध्यक्ष महेंद्र सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह व वरिष्ट तकनीकी सहायक उदयप्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

## रामपुर में गत दिनों अधिवक्ता की हत्या का मामला

चौरीचौरा, गोरखपुर। बार एसोसिएशन चौरीचौरा के अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन चौरीचौरा के अध्यक्ष रामप्यारे यादव एडवोकेट के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह को अपने मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।



बताते चलें कि गत दिनों रामपुर में अधिवक्ता फारुख अहमद की कचहरी परिसर में सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उत्तर प्रदेश के सभी बार एसोसिएशन से सहयोग की अपेक्षा के मद्देनजर गुरुवार को बार एसोसिएशन चौरीचौरा के अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष रामप्यारे यादव एडवोकेट के नेतृत्व में बैठक कर घटना की घोर निन्दा किया तथा धरना प्रदर्शन कर

उपजिलाधिकारी चौरीचौरा को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। तथा उनके आन्दोलन के समर्थन का निर्णय लिया। चौरीचौरा के अधिवक्ताओं ने कचहरी में अधिवक्ताओं के साथ हो रही जघन्य घटनाओं को लेकर अधिवक्ताओं की सुरक्षा के मद्देनजर उत्तर प्रदेश अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल प्रभाव से लागू करने पर विचार करने की मांग किया।

उक्त अवसर पर महामंत्री रामायन यादव, संतोष जायसवाल, गिरीश कुमार रायबहादुर गुप्ता रमाकांत यादव, जयप्रकाश आर्य रमेश यादव अरुण यादव राजेंद्र यादव सहित तमाम अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनी




इटावा। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में सिचाई विभाग गेस्ट हाउस में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला कल्याण निगम अध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि प्रत्येक वर्ष 11 फरवरी को मनाई जाती है, जिसे भाजपा समर्पण दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाती है। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि समर्पण दिवस मुख्य रूप से प्रतिवर्ष 11 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा महान विचारक और जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर मनाया जाता है। यह दिन उनके एकात्म मानववाद और अंत्योदय समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास के दर्शन को याद करने, कार्यकताओं द्वारा आजीवन सहयोग निधि समर्पित करने और राष्ट्रसेवा के संकल्प के लिए समर्पित होता है। कार्यक्रम को निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा आदि ने सम्बोधित करते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला। संचालन जिला उपाध्यक्ष देवप्रताप भदौरिया ने किया। कार्यक्रम में विधायक रघुराज शाक्य, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, सिद्धार्थशंकर दोहरे, जिलामहामंत्री शिवाकांत चैधरी, जिलाउपाध्यक्ष हरनाथ कुशवाह, जिलामंत्री जितेंद्र गौड़, रजत चैधरी, राजकमल यादव, ममता कुशवाहा, डॉ. ज्योति वर्मा, चक्रेश जैन कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, सतेंद्र राजपूत, राजवर्धन सिंह भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, विरला शाक्य, उदयवीर दोहरे, मुकेश यादव, बासु चैधरी, मोनू चैहान, समीर सक्सेना, नीतू नारायण मिश्रा, प्रमिला पालीवाल, सत्यम राजपूत सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# ज्ञान की कुंजी बनेगा स्मार्ट क्लास : राजेश

## नव निर्मित स्मार्ट क्लास कक्ष का किया लोकार्पण

गोला, गोरखपुर। आनन्द विद्यापीठ इण्टर कालेज-ककरही में विधायक निधि के पांच लाख की धनराशि से स्मार्ट क्लास कक्ष बना है। जिसका लोकार्पण गुरूवार को चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर किया।

इस अवसर पर विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीणांचल में स्थापित इस विद्यालय में स्मार्ट क्लास बनने से अब यहां के भी विद्यार्थी प्रोजेक्टर और इंटरनेट के माध्यम से कठिन विषयों को यहां आसानी से समझ सकेंगे। यह सेनानी स्व. राय के उन सपनों को पूरा करने जैसा है, जैसा वे हर बच्चे के हाथ में ज्ञान की मशाल देखना चाहते थे। उन्होने कहा कि यह पहल ग्रामीण अंचल के छात्रों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगी। इसके साथ ही छात्रों से अपील करते हुए कहा



कि इंटरनेट का सीमित प्रयोग सूझबूझ के साथ शैक्षिक कार्यों हेतु ही करें। क्योंकि यह आपको बनाने में जितना मददगार बनेगा उतना ही आपको गलत राह भी दिखाता है।


## सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के स्कूली दस्तावेजों में त्रुटिवश उसका नाम आफिया खातून (AFIYA KHATOON) व जन्मतिथि 11.10.2014 दर्ज है जबकि उसका सही नाम आफिया खातून (AAFIYA KHATOON) व जन्मतिथि 11.10.2016 है। मेरी पुत्री के स्कूली अभिलेखों में भी उसका सही नाम व जन्मतिथि दर्ज की जाये। **अफसाना खातून पत्नी नूरूल होदा नि.- 07, मोतीपुर, जिला देवरिया।**


# सरिता भदोरिया के अथक प्रयासों से 8.50 करोड़ में बनेगा उत्सव गार्डन

इटावा। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में पूर्व में उठाए गए जनहित कारी मुद्दों एवं प्रस्ताव की स्वीकृति की जानकारी संबंधित विधायकों को दी गई सदर विधायका सरिता भदोरिया ने बताया कि इटावा नगर में उत्सव गार्डन मनाए जाने का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश शासन को उन्होंने विधानसभा के माध्यम से दिया था जिसको आज स्वीकृत किए जाने का पत्र प्राप्त हो गया है जिसमें इटावा नगर में विभिन्न कार्यों के साथ इटावा में उत्सव गार्डन बनाने के लिए शासन ने 8.50 करोड रुपए स्वीकृत कर दिए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत- परवर, वि.ख.- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-12.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- परवर, विकासखंड कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक दिनांक- 13.02.2026 से दिनांक- 17.02.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- परवर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 17.02.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | मेन रोड से कमाल बेग के चक तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | 6.14 लाख रुपए। | एस0ओ0बी0 ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | वकील के घर से प्रहलादी के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 3.52 लाख रुपये। | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट मोरंग सरिया गिट्टी व अन्य निर्माण सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होंगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- परवर, वि0ख0- कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर।


# डीएम की प्रेरणा से एक चैप्टर की शुरुआत

इटावा। देशव्यापी सांस्कृतिक आंदोलन से संलग्न संस्था स्पिक मैके में जिलाधिकारी शुभ्रांशु शुक्ला की प्रेरणा से एक चैप्टर की शुरूआत कर रही है। इस कड़ी में विश्व विख्यात बांसुरी वादक पंडित प्रवीण गोडखिंडी जिले के तीन विद्यालयों में प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर स्पिक मैके के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधा मोहन तिवारी विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। बांसुरीवादन का पहला कार्यक्रम एरिस्टोटल वर्ल्ड स्कूल जसवंतनगर में 13 फरवरी को सुबह 9 बजे, दूसरा कार्यक्रम सायं 5 बजे सैनिक स्कूल में सम्पन्न होगा।

# कांवरियों की सुरक्षा में दस एसओ, इंस्पेक्टर तैनात रहेंगे

## शिवरात्रि, हजारी महादेव मंदिर पर पुलिस पीएसी तैनात रहेगी



ऊसराहार, इटावा। शिवरात्रि पर हजारी महादेव मंदिर पर कांवरियो की सुरक्षा मे सात एसओ दस इंस्पेक्टर सहित पुलिस व पीएसी तैनात रहेगी। अराजकतत्वो से निपटने के लिए ड्रोन कैमरो से मेले मे निगरानी रहेगी। मंदिर जाने वाले सभी रास्तो पर चैदह बैरियर लगाए जाएगे। हजारी महादेव मंदिर पर शिवरात्रि पर एक लाख से अधिक भक्तो व कांवरियो के पहुचने का इस बार भी अनुमान है इसलिए प्रशासन रोज मंदिर मे मेला कमेटी के साथ बैठक कर समीक्षा कर रहा है। बुधवार को अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन व एसडीएम श्वेता मिश्रा क्षेत्राधिकारी भरथना रामदवन मौर्य ने थानाध्यक्ष बलराज भाटी के साथ निरीक्षण किया। मंदिर कमेटी को बाहर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग स्थल समय से पहले तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने कहा मंदिर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गो पर बैरियर लगाकर सभी चार पहिया वाहनों को रोक कर पार्किंग मे खडा किया जाएगा।

उपजिलाधिकारी ताखा श्वेता मिश्रा ने कहा कांवरियो को मंदिर पहुचने पर दर्शन के लिए रूकना न पडे इसके लिए अलग रास्ता तैयार किया गया है। साथ ही मंदिर मे कांवरियो और भक्तो को दर्शन के लिए भी अलग अलग गेट बनाए गए हैं। क्षेत्राधिकारी भरथना रामदवन मौर्य ने बताया मेले मे भारी भीड को देखते हुए अराजकतत्वो पर निगरानी के लिए ड्रोन कैमरो का प्रयोग किया जाएगा। मेला परिसर मे ड्रोन लगातार उडते रहेगे जबकि मंदिर परिसर मे जगह जगह सीसीटीवी कैमरो से निगरानी की जाएगी। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए सात थानाध्यक्ष व दस इंस्पेक्टर तैनात रहेगे। जगह जगह पुलिस फोर्स तैनात रहे इसके लिए 105 सिपाही व 60 महिला कांस्टेबल भी तैनात रहेगी। जबकि दो सेक्शन पीएसी के जवान चप्पे चप्पे पर तैनात रहेगे। मंदिर जाने के प्रमुख मार्गो पर चैदह स्थानो पर बैरियर लगाए जाएगे। चार स्थानो पर पार्किंग बनाई गई है। आपात स्थिति के लिए तीन दमकल तैनात रहेगी। मंदिर परिसर के आसपास मार्गो पर यातायात सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 10 ट्रेफिक के जवान भी तैनात रहेंगे। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया 15 फरवरी को शिवरात्रि है लेकिन मेले मे सुरक्षा व्यवस्था के लिए 13 फरबरी से ही पुलिस बल तैनात रहेगा।

# कार - ऑटो की भिड़ंत में महिला की मौत, तीन घायल

बकेवर, इटावा। बुधवार की दोपहर लखना चकरनगर मार्ग पर सामाजिक वानिकी के पास लखना की ओर से चकरनगर सबारियां लेकर जा रहे आटो में चकरनगर की ओर से आ रही चालक कार ने टक्कर मारी जिससे आटो पलट गया जिसमें एक 50 बर्षीय महिला की मौत हो गयी वहीं आटो चालक तीन घायल हुए। एक महिला की मौत हो गयी। घायलों को 50 शैय्या अस्पताल बकेवर लाया गया इनका उपचार जारी है। इस घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर को लखना से सबारियां भरकर चकरनगर की ओर जा रहे आटो चालक राजेश त्रिपाठी पुत्र कृष्णस्वरुप निवासी दाउदपुर लवेदी के आटो में लखना बन रेंज कोठी के सामने चकरनगर की इर से आ रही डिजायर कार ने तेजगति व लापरवाही से टक्कर मार दी जिससे आटो पलट गया और टक्कर इतनी भयंकर लगी कि आटो के परखच्चे उड गये। वहीं आटो में सबार चकरनगर निवासी रुपा देबी पत्नी सूबेदार सिंह की मौत हो गयी तो वहीं आटो में सबार नितेश पुत्र भगवान सिंह निवासी हनुमन्तपुरा सहसों, कार्तिक निवासी चकरनगर गम्भीर रुप से घायल हो गया। जिसे बकेवर 50 शैय्या अस्पताल एम्बुलेंस की मदद से लाया गया जहां उनका उपचार जारी है। वहीं घटना की सूचना पर डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। वहीं मृत महिला के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। कार चालक भाग जाने में सफल रहा।

संक्षेप

## भारत व अमेरिका समझौते को लेकर किसानों ने दिया ज्ञापन

मोहम्मदी खीरी। भारतीय किसान यूनियन के लोगों ने भारत अमेरिका समझौते को लेकर नाराजगी जताते हुए राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को दिया गया है। गुरुवार को किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष दिलबाग से सिंधु के नेतृत्व में किसान बलबीर सिंह, नीरज शर्मा, आरिफ सुल्तान, बलजिंदर सिंह, हीरालाल, गुरजीत, अचल सिंह, ओमकार यादव समेत भारी संख्या में किसानों ने बैठक सरकार द्वारा अमेरिका से समझौते को लेकर कठोर आपत्ति जताई है किसानों का कहना है सस्ती विदेशी उपज से किस संकट में पड़ जाएंगे अमेरिका की खेती भारी सब्सिडी पर आधारित है या किसान विरोधी कदम बताया है उनका कहना है सस्ती अमेरिका की फैसले भारत की मंडियों में आएंगे जिससे यहां के किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा जिससे एमएसपी और खाद्य सुरक्षा पर खतरा पैदा हो गया है बीज और कॉरपोरेट नियंत्रण रहेगा वही डेरी संघ सेक्टर पर भी हमला बताते हुए समझौते की कड़ी निंदा कर पैदल मार्च करते हुए तहसील परिसर में पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान राजेश सिंह, कृष्णपाल सिंह, उपेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे हैं।

## युवक के टावर पर चढ़ने से मचा हड़कंप

मोहम्मदी खीरी। मूंडा निजाम चौकी क्षेत्र के गांव पड़सर में एक युवक रहस्यमय तरीके से मोबाइल टावर पर चढ़ गया जिसे देख हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने सकुशल उतार कर परिजनों को सौप दिया था।पुलिस के अनुसार गांव पडसर निवासी सुचित कुमार 20 वर्षीय पुत्र गोपीचंद बुधवार की शाम 7 बजे करीब घर से निकलकर टहलते गांव में लगे मोबाइल टावर के पास पहुंच गया और अचानक कुछ ही देर में ऊंचाई पर पहुंचकर घर वालों को फोन लगाकर बताया कि वह टावर पर चढ़ा हुआ है डर लग रहा है परिजनों ने सूचना पुलिस को दी मौके पर ग्रामीण और पुलिस ने समझा बुझाकर टेक्नीशियन की मदद से सकुशल नीचे उतार लिया और परिजनों कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

## युवक की मौत के मामले में बस चालक पर मुकदमा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में अलीगंज रोड स्थित मंदिर के पास 8 फरवरी को बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि साथ बैठी उसकी दादी गंभीर रूप से घायल हो गईं थी। मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम रायपुर निवासी शिवपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 फरवरी को सुबह करीब 11.30 बजे उसका 18 वर्षीय पुत्र करन कुमार अपनी दादी गीता देवी को गोला स्टेशन छोड़ने जा रहा था। ईंट भट्ठा वेलियनगंज मार्ग से अलीगंज रोड पर पहुंचने पर पीछे से आ रही बस के चालक ने तेज व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में करन कुमार और गीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी गोला ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने करन कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि गीता देवी को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया था।

## फीस जमा करने निकला इंटर छात्र लापता, गुमशुदगी दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर के कुम्हारन टोला से एक इंटरमीडिएट छात्र फीस जमा करने के लिए घर से निकला, लेकिन देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों में चिंता बढ़ गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुम्हारन टोला निवासी गौरव दीक्षित का 17 वर्षीय पुत्र सक्षम दीक्षित मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में फीस जमा करने की बात कहकर घर से निकला था। काफी समय तक वापस न आने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। कॉलेज पहुंचकर जानकारी करने पर पता चला कि वह उस दिन विद्यालय पहुंचा ही नहीं था। परिवार के अनुसार सक्षम अपने साथ 3500 रुपये नकद और मोबाइल फोन लेकर गया था। देर शाम से उसका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। परिजन संभावित स्थानों पर खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। पिता की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

# नाबालिग बेटी से बलात्कार के दोषी को उम्रकैद

सोनभद्र। सोनभद्र की एक अदालत ने 15 वर्षीय अपनी बेटी के साथ बलात्कार करने के जुर्म में बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनायी। इस लड़की ने पिछले ही महीने एक बालिका शिशु को जन्म दिया था। अपर सत्र न्यायाधीश न्यायाधीश (पाक्सो कानून) अमित वीर सिंह की अदालत ने उसपर डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने अर्थदंड की राशि में से एक लाख बीस हज़ार रुपये पीड़िता को दिए जाने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी कि अर्थदंड अदा नहीं करने पर मुजरिम को छह माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई। शासकीय अधिवक्ता दिनेश प्रसाद अग्रहरि ने बताया कि 27 अक्टूबर 2025 को चोपन थाने में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करायी थी कि उसकी 15 वर्षीय भांजी के साथ उसके पिता (35) ने अप्रैल 2025 में शारीरिक संबंध बना लिया, जिससे उसकी भांजी गर्भवती हो गई। वादी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी भांजी सात माह की गर्भवती है। वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी तथा पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अग्रहरि ने बताया कि पीड़िता ने इस साल 13 जनवरी को एक बालिका को जन्म दिया।

## दूल्हे और बारात पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। शाहपुर थानाक्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दूल्हे और उसकी बारात पर कथित रूप से हमला करने को लेकर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने कहा कि आरोपी इरशाद को मामले में गिरफ्तार किया गया है तथा बाकी आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिशें जारी हैं।

पुलिस ने दूल्हे के भाई सलीम की शिकायत पर 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत के मुताबिक, नामजद आरोपियों ने कथित तौर पर पुरानी रंजिश को लेकर दूल्हे अकरम एवं बारातियों पर लाठियों एवं लोहे की छड़ से हमला किया, जिसमें कई लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि यह घटना आठ फरवरी को हुई जब बारात खतौली से बसीकला गांव लौट रही थी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

## देवरिया जेल से रिहा हुए पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर

देवरिया। जिले में दस दिसंबर से जिला कारागार में निरुद्ध पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद रिहा कर दिया। देवरिया के जेल अधीक्षक आशीष रंजन ने बताया कि जमानतदारों का सत्यापन कराने के बाद सीजेएम अदालत ने पूर्व आइपीएस की रिहाई का आदेश दिया तथा फिर उन्हें बुधवार शाम जेल से रिहा कर दिया गया। जेल से निकलने के बाद पूर्व आइपीएस रिश्तेदारों के साथ चले गये। पूर्व आइपीएस को धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के आरोप में जेल भेजा गया था। जिला उद्योग केंद्र (देवरिया) में 1999 में औद्योगिक भूखंड आवंटन से जुड़े एक गंभीर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया था। आरोप था कि उनकी पत्नी नूतन ठाकुर ने अलग-अलग तिथियों पर फर्जी नाम, पता और कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हुए नूतन इंडस्ट्रीज के नाम से भूखंड का आवंटन कराया।

# सड़क किनारे गड्ढे में गिरने से मोटरसाइकिल सवार की मौत

कानपुर। कानपुर देहात जिले में सड़क किनारे पानी से भरे एक गहरे गड्ढे में गिर जाने से एक मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। मंगलवार शाम रूरा-शिवली रोड पर कादरी गांव के पास यह घटना हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि मृतक की पहचान रसूलाबाद थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव के धीरेंद्र कुमार (25) के रूप में हुई है। वह मंगलवार शाम करीब छह बजे पनकी पावर हाउस से चला था, लेकिन घर नहीं पहुंचा, पुलिस को शक है कि अंधेरे में कुमार की मोटरसाइकिल का नियंत्रण बिगड़ गया और वह एक गड्ढे में गिर गई। थाना प्रभारी ने बताया कि इलाके में कथित तौर पर स्ट्रीट लाइट नहीं थी और मदद के लिए उसकी चीखें भी नहीं सुनी गईं फलस्वरूप वह पूरी रात कीचड़ में फंसा रहा। बुधवार सुबह खेतों की ओर जा रहे किसानों ने उसे कीचड़ में फंसा देखा और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला और उसे शिवली के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएचओ ने बताया कि पोस्टमार्टम जांच से पता चला कि गिरने से उसके सिर में जानलेवा चोट लगी थी। पुलिस ने कहा कि किसी गड़बड़ी का शक नहीं है और कोई प्राथमिकी भी दर्ज नहीं की गई है क्योंकि मौत हादसे में ही प्रतीत हो रही है।

## वाहन चालक पर हमला कर लूटपाट

देवरिया। भलुअनी थानाक्षेत्र में सोनूघाट बरहज मार्ग पर बृहस्पतिवार तड़के करीब साढ़े छह बजे जरार मानिक गांव के समीप बदमाशों ने एक वाहन चालक को चाकू मारकर घायल कर दिया और 11 हजार रुपये लूट लिए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, खुखुंदू थाना क्षेत्र के मरहवा गांव का बब्बन यादव (34) बरहज गैस सर्विस के लिए गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी करता है। उसने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि वह आज सुबह गैस सिलेंडर लेने बरहज जा रहा था, तभी भलुअनी से कुछ दूरी पर अज्ञात युवकों ने उसे वाहन रोकने का इशारा किया।

## नेत्र शिविर का आयोजन किया



धौरहरा खीरी। गोबिंद शुगर मिल्स लिमिटेड, ऐरा (जुआरी ग्रुप) की ओर से सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत राम वाटिका धाम में एक विशाल नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सीतापुर आंख अस्पताल के अनुभवी एवं योग्य चिकित्सकों की टीम ने क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों की आंखों की जांच की और उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया। शिविर में धौरहरा क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और ग्रामीण पहुंचे। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सभी मरीजों की आंखों की जांच आधुनिक उपकरणों से की गई। जिन मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई, उन्हें आगे के उपचार एवं ऑपरेशन के लिए सीतापुर आंख अस्पताल भेजा गया, ताकि उनका समय पर और सुरक्षित इलाज सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि गोपाल शंकर अवस्थी, वीर मसीह राठौर (अध्यक्ष), केन मैनेजर ऐरा बृजेश कुमार अवस्थी, गन्ना विकास अधिकारी, सत्येंद्र तोमर गन्ना विकास अधिकारी, राजेश कुमार द्विवेदी एच आर डा०श्रुति सक्सेना आंख अस्पताल सीतापुर मय स्टाफ के साथ उपस्थित रहा। इन सबके साथ गन्ना विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय सहयोग प्रदान किया ग्रामीणों को स्वास्थ्य के लाभ के लिए प्रेरित किया। मिल प्रबंधन ने बताया कि स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले। किसानों श्रमिकों, को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि भविष्य में समाज हित में ऐसे शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# टावर पर चढ़े युवक को पुलिस ने सकुशल उतारा




पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। थाना मोहम्मदी क्षेत्र की पुलिस चैकी मूडानिजाम के अंतर्गत एक युवक अज्ञात कारणों से मोबाइल टावर पर चढ़ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाबुझाकर युवक को सकुशल नीचे उतार लिया। पड़सर न्याय पंचायत पिपरिया कप्तान निवासी सुचित कुमार (20) पुत्र गोपी कुमार घर से भोजन कर निकला था। परिजनों के अनुसार कुछ देर बाद वह पास स्थित टावर पर चढ़ गया। घटना की जानकारी मिलते ही युवक की माता ने मूडानिजाम चैकी प्रभारी को सूचना दी। सूचना पर चैकी इंचार्ज विक्रांत चैधरी मौके पर पहुंचे और प्रयास कर युवक को सुरक्षित नीचे उतरवाया। बाद में युवक को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के इस त्वरित प्रयास से एक बड़ा हादसा टल गया।

# पूर्व मंत्री ने केंद्रीय बजट पर दी जानकारी



लखीमपुर खीरी। केन्द्रीय बजट 2026-27 के विषय पर प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र ह्यटेनीह्न ने बताया कि यह बजट बहुत ही संतुलित है इसमें राजकोषीय घाटा एवं राजस्व घाटे के ऊपर पूरी तरह से इस तरह से व्यवस्था बनाई गई। आर्थिक सुधार घटने न पाए और दूसरी एक विशेष बात जो है वह यह है कि आपके ऊपर कर्ज कितना है और उसके सापेक्ष्य आप खर्च कितना करते है। हमारा जो बुनियादी ढांचा होता है उस पर खर्च करने के लिए 12.2 लाख करोड़ रखा है यह पहली बार भारत सरकार के द्वारा हुआ है कि जब कर्ज से अधिक हम इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्चा करने जा रहे है ये आदर्श स्थिति होती है इस दृष्टि से हमारी सरकार ने कार्य किया है। दूसरा इसका बिन्दु होता है कि आर्थिक प्रबन्धन कि पैसा कहां से आएगा कितना खर्च होगा कितना घाटा होगा और उस घाटे को कैसे प्रबंधित करेंगे। उस दृष्टि से बहुत ही आदर्श स्थिति बनाए रखने का प्रयास किया है। जिसका प्रभाव देश में उपलब्धता और उसके साथ-साथ महंगाई पर नियंत्रण और पैसे की वृद्धि, पैसे का भाव और शेयर मार्केट ये सारी चीजें इन्हीं पर आधारित होती है। इस दृष्टि से सरकार ने पूरी तरह से ऐसा प्रबन्धन किया है हमारी जो आर्थिक गतिविधि है वो धीमी न पड़े और उसके साथ-साथ निरंतरता बनी रही और जो जीडीपी का लक्ष्य रखा है वह बना रहे। दूसरा बिन्दु जो है सरकार ने जिस पर खर्च करने का मन बनाया है वह हमारे विकसित भारत के संकल्प से जुड़ा है। भारत के बाहर रहने वाले व्यक्तिगत निवासी अब पोर्टफोलियो निवेश योजना के माध्यम से सूचीबद्ध भारतीय कम्पनियों के इक्विटी उपकरणों में निवेश कर सकेंगे। इस योजना के तहत व्यक्तिगत पीआरओआई के लिए निवेश सीमा 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत की जाएगी।

## धार्मिक अधिकारों से खिलवाड़ के विरोध में ज्ञापन



लखीमपुर खीरी। ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल द्वारा गुरुवार को सिख विद्यार्थियों के धार्मिक अधिकारों से खिलवाड़ के विरोध में ज्ञापन सौपा गया। राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख को ज्ञापन देते हुवे कहा कि दोषियों पर कार्यवाही की जाये। ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सिख राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन, बलदेव सिंह औलख को ज्ञापन देते हुवे कहा कि प्रदेश में सिख विद्यार्थियों को परीक्षाओं के दौरान उनके धार्मिक प्रतीक कड़ा, कृपाण एवं पगड़ी धारण करने से रोके जाने की घटनाओं पर आपत्ति है। विशेष रूप से जनपद मुरादाबाद के कांठ क्षेत्र में एक सिख छात्र को कृपाण उतारने के लिए बाध्य किए जाने की घटना को परिषद ने अत्यंत निंदनीय, असंवैधानिक एवं धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार बताया। ज्ञापन में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), 19(1)(ए) (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता), 21 (जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता) तथा 25 (धर्म के पालन की स्वतंत्रता) का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया गया कि सिख धर्म में कड़ा, कृपाण और पगड़ी केवल परिधान नहीं, बल्कि आस्था, अस्मिता और आत्मसम्मान के प्रतीक हैं। इन्हें हटाने के लिए बाध्य करना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। साथ ही गृह विभाग के परिपत्र क्रमांक 27 (14) गृह-1/2008 दिनांक 04.12.2019 के आलोक में परिषद ने स्पष्ट, बाध्यकारी एवं लिखित निर्देश जारी करने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने कहा कि सिख विद्यार्थियों की धार्मिक पहचान से छेड़छाड़ किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि भविष्य में ऐसी घटनाएँ दोहराई गईं तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी और परिषद न्यायालय जाने से भी पीछे नहीं हटेगी। प्रदेश अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह राना ने कहा कि यह केवल एक छात्र का विषय नहीं, बल्कि सिख समाज की संवैधानिक धार्मिक स्वतंत्रता का प्रश्न है। यदि किसी भी संस्था द्वारा सिख विद्यार्थियों के साथ भेदभाव किया गया तो दोषियों पर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर लोकतांत्रिक आंदोलन भी किया जाएगा।

# छोटी काशी में महाशिवरात्रि की तैयारी तेज, आयुक्त-आईजी ने किया निरीक्षण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। महाशिवरात्रि पर्व पर छोटी काशी गोला कॉरिडोर में उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने व्यवस्थाओं को चाक-चैबंद करने की कवायद तेज कर दी है। गुरुवार को लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत और आईजी लखनऊ रेंज किरण एस ने जिला प्रशासन के साथ कॉरिडोर क्षेत्र का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं की परत-दर-परत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने पार्किंग स्थलों की क्षमता, बैरिकेडिंग की स्थिति, प्रवेश-निकास मार्ग, पैदल रूट, ट्रैफिक डायवर्जन प्लान, पेयजल बिंदु, प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था और चिकित्सा सुविधाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। नक्शे के माध्यम से रूट प्लान का अध्ययन किया गया और मौके पर पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं की व्यवहारिकता परखी गई। कॉरिडोर परिसर में प्रस्तावित सीसीटीवी कंट्रोल रूम, खोया-पाया केंद्र, मेडिकल शिविर स्थल और आपातकालीन निकास मार्गों का भी निरीक्षण हुआ। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रहें और कंट्रोल रूम से सतत निगरानी की जाए। भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग को मजबूत रखने तथा स्वयंसेवकों की तैनाती बढ़ाने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त और आईजी ने विद्युत पोल पर ढीले लटक रहे तारों को तत्काल कसवाने, ओवरलोडिंग रोकने और विद्युत सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएसओ को निर्देशित किया गया कि मंदिर मार्गों पर गैस सिलेंडर खुले में न रखे जाएं और अवैध गैस रिफिलिंग पर सख्ती से रोक लगाई जाए। ईओ को नालियों की सफाई के साथ ओडर ट्रीटमेंट कराने और महाशिवरात्रि की रात पूरे मार्ग पर पर्याप्त पथ प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। अधिकारियों ने एंबुलेंस, दमकल गाड़ियों, पेयजल टैंकर, मोबाइल शौचालय और प्राथमिक उपचार केंद्रों की उपलब्धता की जानकारी ली। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग-अलग बिंदुओं पर सहायता केंद्र स्थापित करने तथा खोया-पाया व्यवस्था को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए।

## वॉलिंटियर्स संग समन्वय, ट्रैफिक डायवर्जन और नो-व्हीकल जोन पर चर्चा




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। महाशिवरात्रि महापर्व के मद्देनजर नीलकंठ मैदान में अधिकारियों, वॉलिंटियर्स और मंदिर प्रबंधन के साथ विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में मजिस्ट्रेट ड्यूटी, सेक्टरवार जिम्मेदारियां और विभागीय समन्वय पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों को अपने-अपने सेक्टर में सतत निगरानी रखने और किसी भी परिस्थिति में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को पर्व के दौरान ट्रिपिंग की समस्या न होने देने तथा किसी भी फॉल्ट को तत्काल दुरुस्त करने के लिए स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया। आयुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीएम और एसपी के नेतृत्व में की गई तैयारियों की सराहना करते हुए उन्होंने बेहतर समन्वय, सुदृढ़ प्लानिंग और समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया। युवाओं की वॉलिंटियर भागीदारी को सराहनीय बताया। आईजी किरण एस ने कहा कि पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। भीड़ प्रबंधन के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर कुछ मार्गों को नो-व्हीकल जोन घोषित किया जाएगा। पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ शालीन व्यवहार बनाए रखने और वॉलिंटियर्स के साथ तालमेल बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि नगर पालिका की ओर से सफाई, पेयजल, प्रकाश और अन्य व्यवस्थाएं मुस्तैदी से सुनिश्चित की जाएंगी। इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष जनार्दन गिरी, एएसपी पश्चिमी अमित राय, सीओ रमेश कुमार तिवारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और वॉलिंटियर्स मौजूद रहे।

## विदाई समारोह में छात्रों को मिला परीक्षा और भविष्य का मार्गदर्शन




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के सभागार में 11वीं के विद्यार्थियों ने इंटर के छात्र-छात्राओं को भावपूर्ण विदाई दी। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र के अनावरण, पुष्पार्चन और वंदना के साथ हुई। इसके बाद प्रांजली, पीहू, अंशिका जायसवाल, शीतल वर्मा, उत्कर्ष मिश्रा, अंश शुक्ला सहित अन्य विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सीनियर्स को नई ऊंचाइयों को छूने और अपनी उपलब्धियों को साझा करने के लिए प्रेरित किया। बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि छात्र, अध्यापकों के प्रयासों का प्रतिबिंब होते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ-साथ शिक्षकों ने भी उनसे बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने 12 वर्षों की शैक्षिक यात्रा को याद करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ शिक्षक कौशल किशोर मिश्रा ने परीक्षा केंद्र पर पहुंचने से पहले की सावधानियों, समय की पाबंदी और परीक्षा के दौरान बरती जाने वाली जरूरी बातों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने सुनियोजित अध्ययन, नियमित पुनरावृत्ति और लिखकर अभ्यास करने के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को उच्च अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## विदाई समारोह में समय प्रबंधन और अनुशासन का संदेश



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 के प्रवेश पत्र वितरण के साथ विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन, अनुशासन और सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया।

प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र को ध्यान से पढ़ने, अनुचित साधनों का प्रयोग न करने, प्रवेश पत्र व मूल आधार कार्ड साथ रखने तथा परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा में सफलता के लिए संयम, एकाग्रता और समय का सही उपयोग आवश्यक है।

इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी राम सनेही, डॉ राजेश कुमार, आमिर हुसैन सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए किया गया।

# छात्र-छात्रा की ट्रेन से कटकर मौत

इटावा। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के सुंदरपुर गांव के पास बुधवार रात कक्षा 11 के एक नाबालिग छात्र और छात्रा की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। दोनों बसरेहर थाना क्षेत्र के एक ही गांव के रहने वाले थे और अलग अलग विद्यालयों में पढ़ाई करते थे। शाम चार बजे घर से निकलने के बाद दोनों लापता हो गए थे। देर रात थाने में सूचना दर्ज कराई गई। अगले दिन पुलिस ने फोटो और कपड़ों से पहचान कराई। घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है। मृतक छात्र के चाचा ने बताया कि उनका भतीजा बुधवार शाम करीब चार बजे घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिवार ने गांव और आसपास काफी तलाश की, पर उसका कोई सुराग नहीं मिला। बाद में पुलिस ने फोटो दिखाकर पहचान करवाई। जानकारी मिली कि वह गांव की एक लड़की के साथ घर से निकला था और दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए। छात्रा के पिता ने बताया कि उनकी छोटी पुत्री भी शाम चार बजे सहेली के घर जाने की बात कहकर निकली थी। एक घंटे बाद जब वह वापस नहीं आई तो परिवार ने खोजबीन शुरू की। गांव के लोगों ने बताया कि दोनों को टेंपो से कहीं जाते देखा गया था। इसके बाद रात करीब दस बजे बसरेहर थाने में सूचना दर्ज कराई गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों एक दूसरे को जानते थे, लेकिन घटना के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर मामले की गहराई से जांच कर रही है। घटना के बाद दोनों परिवारों में मातम छाया हुआ है और गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

# त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक




इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर जिले के समस्त वर्गों के धार्मिक गुरूओं, प्रबुद्धजनों एवं संभ्रांत नागरिकों से बात कर शासन, प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करते हुये त्योहारों पर आपसी सौहार्द, भाईचारा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि धार्मिक संवेदनशील मामलों में माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के लिये पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। विशेष दिवसों को शक्ति का प्रदर्शन न करके स्नेह का प्रदर्शन करके मनायें। आप लोग कोई ऐसा मौका न आने दें कि हमें कोई कड़ी कार्यवाही करनी पड़े। कहीं कोई अप्रिय घटना की संभावना हो तो हमारे संज्ञान में लायें। यह जनपद गंगा जमुनी तहजीब और आपसी सौहार्द की मिसाल रहा है इसी भाईचारे को बनाये रखें। उन्होंने कहा कि कांवड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। श्रद्धालुओ को जनपद की सीमा के अन्तर्गत किसी प्रकार की समस्या न होने पाये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दृष्टिगत समस्त धर्मगुरू और संभ्रांत नागरिक जनपद में आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पूर्ण सहयोग करें। जनपद में बिना अनुमति के कोई भी शोभा यात्रा या धार्मिक जुलूस नहीं निकलेगा। केवल परम्परागत कार्यक्रमों को ही अनुमति दी जायेगी। किसी नई परम्परा की शुरूआत नहीं होने दी जायेगी। कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्माद या झूठी अफवाहें फैलाने वालों व अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। धार्मिक कार्यक्रम, पूजा पाठ निर्धारित स्थान पर ही हों। सड़क मार्ग या यातायात बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन नहीं होना चाहिये। त्यौहारों पर आपसी सौहार्द, भाईचारा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखें। समस्त धर्मगुरूओं एवं संभ्रांत नागरिकों द्वारा आश्वासन दिया गया कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पूर्ण सहयोग करते हुये पुलिस एवं प्रशासन की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।

# लड्डू व लट्ठामार होली को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण

## सीएम योगी के आगमन को लेकर हेलीपैड का किया स्थलीय निरीक्षण



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील गोवर्धन के अंतर्गत नगर पंचायत बरसाना में आयोजित विश्व प्रसिद्ध लड्डूमार होली तथा लठामार होली की तैयारियों के सम्बन्ध में निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गोवर्धन से बरसाना की ओर पड़ने वाले रेलवे फाटक के आस पास का जायजा लिया। उन्होंने फाटक के दोनों ओर यातायात प्रबंधन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें जिससे फाटक के आस-पास जाम की समस्या उत्पन्न न हो।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बरसाना स्थित हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया तथा आस-पास अभियान चलाकर साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हेलीपैड के चारों ओर बैरिकेडिंग सुनिश्चित करें तथा दीवारों पर वॉल पेंटिंग कराए। जिलाधिकारी ने ड्रेन का निरीक्षण किया तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापक स्तर पर ड्रेन की सफाई करे तथा ड्रेन के आस-पास हुए अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध होर्डिंग को हटाए। जिलाधिकारी ने नगर पंचायत बरसाना में मेला क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि समस्त ट्रांसफार्मर एवं विद्युत के खंभों पर प्लास्टिक रैपिंग सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि बरसाना क्षेत्र को थीम आधारित वॉल पेंटिंग से आकर्षित बनाए। पर्वों से पूर्व प्रमुख मार्गो, स्थलों, चैक एवं चैराहों को सजाए। उन्होंने कहा कि बरसाना क्षेत्र को झालर, लाइटिंग, फसाड आदि के माध्यम से जगमग करें। जो भी श्रद्धालु, पर्यटक एवं दर्शनार्थी बरसाना आए, वह एक नई पहचान लेकर जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं को अच्छा अनुभव प्रदान कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने रंगीली चैक, कटारा चैक, लाडो गेट, सुदामा चैक, श्री राधा रानी जी मंदिर को जोड़ने वाले समस्त मार्गो व गलियों तथा प्रवेश व निकास द्वारों, श्री राधा रानी जी मंदिर आदि का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सीढ़ियों के आस पास पेंटिंग करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी गोवर्धन को निर्देश दिए कि उक्त मेला को प्लास्टिक मुक्त मेला बनाए। प्लास्टिक का प्रयोग न करने हेतु दुकानदारों को प्रोत्साहित करे तथा अनुपालन न करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सड़कों की मरम्मत करे, डिवाइडर को पेंट करे, विभिन्न स्थानों पर बनाए जाने वाली पार्किंगों का कार्य ससमय करे, बैरियर एवं बैरिकेडिंग के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को नालियों की सफाई तथा समस्त खुली नालियों को ढकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दुकानदारों को प्रोत्साहित करे कि गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री का प्रयोग करें। मिलावटी खाद्य सामग्री/पदार्थों को नष्ट कराए तथा नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में एस0पी0 ग्रामीण को निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरे एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से सम्पूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी सुनिश्चित करें। जहां आवश्यकता है, वहां नए सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए। थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर बनाए रखे, अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा ड्रोन के माध्यम से मेला क्षेत्र की नियमित समीक्षा करते रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि सुरक्षा के दृष्टिगत जो भी महत्वपूर्ण कदम उठाने है, उन्हें पहले से इंगित करते हुए कार्य सुनिश्चित करे। बैरियर, कंट्रोल रूम एवं वॉचटावर पर एक्टिव अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए, जो स्थिति के अनुसार तेजी से अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नकली गुलाल का प्रयोग एवं बेचने वालों पर कठोर कार्यवाही करे।

जिलाधिकारी ने अभियान चलाकर सम्पूर्ण बरसाना मेला क्षेत्र में उत्कृष्ट साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। श्रद्धालुओं को सरल, सुगम, सुदृढ़ दर्शन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, एस0पी0 ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के सचिव आशीष कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई नवीन कुमार, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन धीरेंद्र प्रताप सिंह, लोक निर्माण विभाग के एई0 राहुल कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

### किशुनदासपुर में वांछित गिरफ्तार

**आजमगढ़।** तहबरपुर उनि रवीन्द्र प्रताप यादव मय हमराही कर्मचारीगण द्वारा अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राजू सिंह पुत्र गुरुमित सिंह निवासी ग्राम बहेड़ थाना बस्सी पठाना जनपद फतेहगढ़ साहिब (पंजाब) को किशुनदासपुर मोड़ पर गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लिया गया। थानाध्यक्ष थाना तहबरपुर द्वारा थाना स्थानीय पर उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 का अभियोग पंजीकृत कराया गया। प्रकरण की प्रारम्भिक विवेचना व030नि0 रवीन्द्र प्रताप यादव द्वारा की जा रही है। विवेचना के क्रम में अभियुक्त राजू सिंह उपरोक्त का नाम प्रकाश में आया, जो वांछित चल रहा था। आपराधिक इतिहास मुअसं 55/2025 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम थाना तहबरपुर, जनपद आजमगढ़ है।

### पीड़ित ने लगायी न्याय की गुहार

**आजमगढ़।** सगड़ी क्षेत्र के ग्राम नेवादा गांव पीड़ित ने एसडीएम सगड़ी को एक शिकायती पत्र सौंपकर उसके जमीन पर जबरन रास्ता न बनाए जाने की गुहार लगाई है। सौंपे गये शिकायती पत्र में पीड़ित अरविन्द कुमार पुत्र स्व कांता का कहना है कि गाटा संख्या 660व632 उसकी पैतृक भूमिधरी है। पीड़ित का आरोप है कि उसके विपक्षी द्वारा कानूनगो, ग्राम प्रधान व स्थानीय थाने को अपने प्रभाव में लेकर पीड़ित के उपरोक्त भूमिधरी से अवैध रास्ता का निर्माण करना चाहते हैं। जानकारी होने पर बीते 04 फरवरी 2026 को उपरोक्त प्रकरण को लेकर एसडीएम ने संबंधित को निर्देशित किया है कि व्यक्तिगत भूमि से बिना सहमति रास्ता न बनाया जाए यदि प्रधान सरकारी धन का उपयोग करते है तो व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। इसके बावजूद उक्त भूमि पर विपक्षी द्वारा रास्ते का निर्माण किए जाने का प्रयास किया जा रहा हैं। पीड़ित ने पुनः शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

### धोखाधड़ी के एक लाख 90 हजार बरामद

**आजमगढ़।** पीड़ित नन्दलाल निषाद पुत्र स्व जेठू निषाद निवासी ग्राम पश्चिम पट्टी थाना अहिरौला द्वारा थाना सरायमीर पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि लगभग एक माह पूर्व धर्मेन्द्र पुत्र लल्लन निवासी कमराया थाना गंभीरपुर ने झाड़-फूंक के बहाने उनसे संपर्क किया तथा अपने साथी रामआशीष मौर्या पुत्र लल्लन मौर्या निवासी जमुवावा थाना बरदह के साथ 20 किलो चाँदी व 02 सोने की ईंट होने का लालच दिया। 10 फरवरी 2026 को छितेपुर पेट्रोल पम्प के पास दोनों अभियुक्तों ने वादी से 2,00,000/- लेकर कागज में लिपटे दो थैले थमा दिए और मौके से फरार हो गए। बाद में थैला खोलने पर उसमें पीतल के टुकड़े पाए गए। धारा 318(4)/317(2) बीएनएस बनाम धर्मेन्द्र कुमार व रामआशीष मौर्या पंजीकृत किया गया। खण्डवारी नहर पुलिया के पास दबिश दी गई। पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर लगभग 20 कदम की दूरी पर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम धर्मेन्द्र कुमार पुत्र लालजीत निवासी कमराया थाना गंभीरपुर बताया तथा घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। तलाशी के दौरान उसके पास से धोखाधड़ी से प्राप्त 1 लाख 90 हजार नगद बरामद हुए। अभियुक्त को विधिक कार्यवाही करते हुए हिरासत में लिया गया।

### बरदह के युवक का शव समुद्र किनारे मिला

**आजमगढ़।** जनपद के बरदह कस्बा के एक युवक का शव मुंबई में समुद्र किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में तीन टुकड़ों में बोरे में भरा मिला। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पत्नी समेत दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और हत्या की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार बरदह कस्बा निवासी 35 वर्षीय अशोक गौड़ अपनी पत्नी प्रीति और तीन बेटों के साथ मुंबई के मलाड थाना क्षेत्र के मालवणी इलाके में रहकर मजदूरी करता था। 29 जनवरी से वह अचानक लापता हो गया था। परिजनों के मुताबिक परिवार ने पहले अपने स्तर से तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पत्नी प्रीति ने 3 फरवरी को मलाड थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। मंगलवार को समुद्र किनारे एक बोरे में भरा तीन टुकड़ों में कटा शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

### दुष्कर्म के आरोप में अस्पताल संचालक को भेजा जेल

**बदलापुर/जौनपुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में एक निजी चिकित्सा केन्द्र संचालक चिकित्सक के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुयी है। बदलापुर कस्बानिवासिनी एक दलित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बदलापुर- जौनपुर रोड पर स्थित कमला हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ एस के यादव उर्फ संतोष यादव उर्फ सुरेश यादव पुत्र रामहित यादव तथा एक अन्य प्रिंस तिवारी उर्फ बच्ची द्वारा महिलापरचोरी का आरोप लगाते हुए उसके साथ दुराचार किया गया। महिला की तहरीर के आधारपर पुलिस ने संबंधित मु0 अ0सं054/26 धारा 70(1)/351(2)/115(2)/352/127(3) बीएनएस व 3(2)(5) एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर ते हुये संग्राम बालिका इंटर कालेज के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रेषित करने के लिये भेजदिया है।

### फर्जी तरीके से संचालित हो रहे निजी अस्पताल

**जौनपुर।** केराकत सीएचसी के आसपास अवैध रूप से संचालित लगभग 6 निजी अस्पतालों का मामला प्रकाश में आया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद इन अस्पतालों पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से इनके संचालकों के हौसले बुलंद हैं। बताते है कि कुछ अस्पतालों का लाइसेंस दूसरे चिकित्सकों के नाम पर पंजीकृत है, जबकि मौके पर कोई अधिकृत डॉक्टर मौजूद नहीं रहता। ऐसे स्थानों पर इंटरमीडिएट पास युवतियों या अप्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा मरीजों का इलाज किए जाने की बात सामने आई है। इतना ही नहीं, झोलाछाप व्यक्तियों द्वारा छोटे-बड़े ऑपरेशन और प्रसव तक कराए जाने के आरोप हैं, जो मरीजों की सेहत के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। दो माह पूर्व फर्जी अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाने हेतु टीम गठित की गई थी। शिकायतों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने नोटिस तो जारी किए, लेकिन उसके बाद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी।

# बांके बिहारी मंदिर में महिला श्रद्धालु के साथ हुई चोरी का 24 घंटे में खुलासा



**मथुरा।** वृंदावन ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में महिला श्रद्धालु के बैग से सोने-चांदी के आभूषण पार करने वाले शातिर गैंग के खिलाफ वृंदावन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार महिला अभियुक्त सहित आठ लोगों को मयमाल के गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच मंगलवार को बांके बिहारी मंदिर में पंजाब भटिंडा के रहने वाले राघव गोयल की मां के बैग से अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के कीमती आभूषण व नगदी पर हाथ साफ कर दिया था। इस संबंध में महिला के पुत्र राघव गोयल ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें कुछ संदिग्ध गतिविधियां सामने आई। फुटेज के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की पहचान की और उनकी तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर श्रीउमुनि आश्रम से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते के समीप से चार महिला अभियुक्ताओं सहित आठ लोगों को दबोच लिया।

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी सदर पीतम पाल सिंह ने बताया कि पकड़ी गई महिला अभियुक्ताओं व अभियुक्तों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण व नगदी बरामद हुई है जिन्होंने ने पुलिस पूछताछ में अपने नाम कुंदन मंडल, राजीव मंडल, गणेश मंडल, अरमान, वेद बताए हैं। जिन्हे आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# पीएम को भेजा सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों ने 20 सूत्री पत्र



**आजमगढ़।** सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी आजमगढ़ के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मचारियों के उत्पीड़न, अवैध स्थानांतरण, वेतन भुगतान में अनियमितता तथा श्रम कानूनों के उल्लंघन जैसे गंभीर मुद्दों को उठाया गया है। संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि नियोक्ता बिक्री संवर्धन कर्मचारी (सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1976 सहित अन्य श्रम कानूनों का उल्लंघन कर रहे हैं। कर्मचारियों को अवैध रूप से नौकरी से निकाला जा रहा है, फर्जी आरोप लगाकर परेशान किया जा रहा है तथा यूनियन गतिविधियों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञापन में 20 सूत्रीय मांगें रखी गई हैं, जिनमें प्रमुख रूप से चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने, न्यूनतम वेतन 26,910 प्रतिमाह घोषित करने, ईपीएस पेंशन 9 हजार प्रतिमाह सुनिश्चित करने, 8 घंटे का कार्यदिवस लागू करने तथा श्रम कानूनों का सख्ती से पालन कराने की मांग शामिल है। इसके अलावा दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी शून्य करने, आवश्यक दवाओं की कीमतों पर नियंत्रण लगाने और स्वास्थ्य क्षेत्र में जीडीपी का 5 प्रतिशत बजट आवंटित करने की भी मांग की गई है। संघ ने यह भी मांग की है कि मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के कार्य को आपराधिक कृत्य न माना जाए तथा अस्पतालों में उनके काम पर लगाए गए प्रतिबंध को वापस लिया जाए। साथ ही दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने और कॉर्पोरेट भ्रष्टाचार रोकने हेतु वैधानिक विपणन संहिता लागू करने की मांग की गई है। अध्यक्ष प्रशांत सिंह और सचिव नूर आलम ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर कर्मचारियों को न्याय दिलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आगे आंदोलन की रणनीति पर विचार करेगा।

# विंध्याचल में मां-बेटी पर हमला व तोड़फोड़ का आरोप, पीड़िता ने सौंपा प्रार्थना पत्र

**मीरजापुर।** जिले के विंध्याचल थाना क्षेत्र अंतर्गत जांजा बघौरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता सीता देवी पत्नी कमलकांत पाठक ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि 11 फरवरी 2026 की शाम लगभग पांच बजे विपक्षी हेमा पाठक पुत्री चन्द्रभूषण पाठक तथा माधुरी पाठक पत्नी चन्द्रभूषण पाठक उनके घर पर आ धमकीं और गाली-गलौज शुरू कर दी। दोनों महिलाएं हाथ में हथौड़ा लेकर आई थीं और दरवाजे पर लगे समर्सिबल मशीन के चबूतरे को तोड़ने लगीं। जब सीता देवी ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि मां-बेटी ने उन्हें मारने के लिए दौड़ा लिया। उस समय पीड़िता घर पर अकेली थीं और किसी तरह अपनी जान बचाकर घर के अंदर घुस गईं।

सीता देवी का यह भी आरोप है कि विपक्षियों ने उनके खेत में लगी पाइप लाइन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और सामान इधर-उधर फेंक दिया। उनका कहना है कि आरोपी पक्ष का व्यवहार पहले से ही झगड़ालू रहा है और वे आए दिन विवाद, गाली-गलौज तथा छेड़छाड़ करते रहते हैं। पीड़िता ने दावा किया है कि घटना से संबंधित वीडियो साक्ष्य उनके पास मौजूद हैं। साथ ही, इस मामले में स्थानीय स्तर पर तहसीलदार सदर द्वारा निरीक्षण भी किया जा चुका है, जिसकी रिपोर्ट में समर्सिबल मशीन का उल्लेख है।

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना दोबारा न हो और उन्हें सुरक्षा मिल सके। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# त्यौहारों को आपसी भाई चारे के साथ मनाने की अपील

**डीएम और एसपी ने त्योहारों के मद्देनजर विभिन्न धर्मगुरुओं के साथ की पीस कमेटी की बैठक**

**मीरजापुर।** डीएम पवन कुमार गंगवार व एसपी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस लाइन सभागार कक्ष में आगामी त्योहारों शिवरात्रि, रमजान सहित अन्य त्यौहारों को सकुशल एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जनपदीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीगण तथा विभिन्न धर्मगुरुओं, पीस कमेटी के पदाधिकारी के साथ बैठक की गई। इस दौरान आगामी त्योहारों को आपसी भाई-चारा के साथ शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अपील की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। डीएम ने सभी से अपील करते हुए कहा कि किसी भी नई परम्परा की शुरुआत न करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई आवंछनीय वस्तु, व्यक्ति जो माहौल को बिगाड़ने का प्रयास कर रहा है तो उसकी सूचना जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को दे उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा जनपद मीरजापुर गंगा जमुना तहजीब के लिये जाना जाता है। उन्होंने धर्म गुरूओं व जनपद के सम्भ्रात नगारिकों से अपील करते हुये कहा कि शान्तिपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने हेतु युवाओं व अपने बच्चों को जागरूक करें। उन्होने कहा कि कोई ऐसा कार्य न करे जिससे कि कार्यवाही हो। डीएम ने कहा कि किसी अप्रिय घटना की आशंका होने पर जिला प्रशासन को अवगत कराये। उन्होने कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में नही लेगा। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर होलिका दहन होता है उन्हें सभी क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी भ्रमण कर निरीक्षण कर लें सभी आवश्यक पहले दुरुस्त कर लें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका



मीरजापुर व अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय को निर्देशित करते हुए कहा कि घाटो, मन्दिरों व पालकी यात्रा वाले मार्ग यदि खराब हो तो समय रहते ठीक कराते हुए मार्गो को सुगम बनाया जाए। उन्होंने अधिकारी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि ढीले तारो व टेढ़े पोलो ठीक को कराना सुनिश्चित करे ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षाओं व त्यौहारों के दृष्टिगत मन्दिर, मस्जिदों में लगाए गए लाउडस्पीकर मानक के अनुसार ही ध्वनि रखी जाए। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते युद्ध स्तर पर सभी 15 फरवरी से पूर्व कर ली जाए। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि सभी लोग शान्तिपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाये। उन्होंने कहा कि इस दौरान अवांछित तत्वों के द्वारा किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने तथा त्यौहार में वर्चुअलों या प्रत्यक्ष रूप से गड़बड़ी करने वालों पर सतर्क नजर रखने के लिए सोशल मीडिया सेल द्वारा तथा पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही आगामी पर्वो के दृष्टिगत सम्बन्धित धर्मगुरूओं के साथ बैठक के दौरान जनपद की कानून एवं शांति व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाये रखने एवं आपसी भाई-चारे व सौहार्द को कायम रखते हुए पर्व को मनायें जाने तथा शांति पूर्ण तरीके से सभी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने में शासन प्रशासन के सहयोग की अपील भी की गयी। उन्होंने कहा शिवरात्रि के दृष्टिगत शिव मन्दिरो व उसके आस पास के स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाएगी। उन्होंने शराब, जुआ पर पुलिस को पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि घाटो पर आपदा मित्रो की भी तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा जो पालकी यात्रा व जूलूस निकाले जाए उनके मुख्य आयोजक भी साथ में चाहे ताकि किसी प्रकार कोई गड़बड़ी न होने पाये।

# सस्ती विदेशी उपज से भारतीय किसान तबाह होंगे : भाकियू



**लालगंज, मीरजापुर।** अमेरिका भारत समझौता को रद्द करने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह को चार बिंदुओं के मांग पत्र के साथ राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दिए गए ज्ञापन में मांग किया गया कि सस्ती विदेशी उपज से भारतीय किसान तबाह होंगे अमेरिका की खेती भारी सब्सिडी पर आधारित पूरी तरह मशीनिस्ट और बड़े कॉर्पोरेट का मॉडल पर आधारित है अगर भारत सोयाबीन मक्का गेहूं डेयरी उत्पाद दालों पर आयात शुल्क घटाता है तो सस्ते अमेरिकी फसल भारतीय मंडियों में आएगी इस भारतीय किसान को काफी नुकसान होगा। लाखों दुग्ध उत्पादक प्रभावित होंगे जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भारी आघात होगा। एमएसपी और खाद्य सुरक्षा पर खतरा व्यापार संतुलन के नाम पर भारत के ऊपर किसी सब्सिडी कम करने सार्वजनिक खरीद प्रणाली को कमजोर करने का दबाव रहेगा से एसपी व्यवस्था सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खाद्य आत्मनिर्भरता पर प्रहार होगा। बी और कॉर्पोरेट नियंत्रणः अमेरिकी कंपनियां पेटेंट आधारित बी बौद्धिक संपदा अधिकार के जरिए अपने किसानों को आप निर्भर बनती हैं जबकि भारत में आज भी किसान अपनी पारंपरिक बीज संचय व संरक्षण पर निर्भर है बीज पर कंपनियों के हाथ में आने से भारतीय किसान अपनी पारंपरिक बीज स्वतंत्रता और नियंत्रण खो देगा। ज्ञापन देने वालों में इंजीनियर बीडी सिंह, अरुण कुमार सिंह, बृजराज सिंह, यज्ञ नारायण पाल, रामगोपाल सिंह, श्याम बहादुर सिंह, कुणाल पटेल, ओम प्रकाश सिंह, राम शिरोमणि यादव, जंग बहादुर सिंह, जितेंद्र पटेल, रामचंद्र मौर्य, मुन्नर पाल, संजय सिंह, रंगीलाल, तीर्थराज राजकुमार आदि रहे।

### तहरीर देकर मारपीट का लगाया आरोप

**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मधोर गांव निवासी एक व्यक्ति ने हलिया थाने में तहरीर देकर गांव निवासी दो लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है सूर्य बली ने गुरुवार को हलिया थाने में तहरीर देकर बताया कि गेहूं की सिंचाई कर रहा था कि पड़ोसी रामनारायण व दीनानाथ मना कर रहे थे इसी बीच भद्दी भद्दी गाली देते हुए मारे बीच बचाव करने आई पत्नी धीरमती को भी मारे हैं। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**लालगंज, मीरजापुर।** महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत बृहस्पतिवार को स्थानीय इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर ने छात्र-छात्राओं को अभियान के उद्देश्यों और सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। सीओ ने कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने छात्राओं को बताया कि छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर अपराध जैसी किसी भी घटना की स्थिति में चुप न रहें। तत्काल 1090 (वूमेन पावर लाइन), 112 आपातकालीन सेवा या निकटतम थाने में सूचना दें। कानून पूरी मजबूती के साथ उनके पक्ष में खड़ा है कार्यक्रम के दौरान साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर भी विशेष बल दिया गया। फर्जी आईडी, ऑनलाइन ठगी और डिजिटल उत्पीड़न से बचाव के उपाय समझाए गए। सीओ ने कहा कि डिजिटल माध्यम जहां अवसर प्रदान करता है। वहीं असावधानी जोखिम भी बढ़ा सकती है। सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है छात्राओं को आत्मविश्वास बढ़ाने, आत्मरक्षा प्रशिक्षण लेने और किसी भी अनुचित घटना को साझा करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है और इस परिवर्तन में युवाओं की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। प्रधानाचार्य डॉ धर्मजीत सिंह ने पुलिस विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ता है। इस अवसर पर विभिन्न गांवों से आई छात्राएं व विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

### टोल प्लाजा पर फूटा चालकों का आक्रोश ट्रक चालक की पिटायी से भड़के



**लालगंज, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाई-वे राष्ट्रीय रीवा राजमार्ग पर अतरैलाराजा स्थित टोल प्लाजा पर गुरुवार की सुबह नौ बजे के करीब ट्रक ड्राइवरों ने जमकर बवाल काटा। इस दौरान ट्रक ड्राइवरों ने सड़क पर आड़े तिरछे वाहन खड़ा कर आवागमन अवरुद्ध कर दिया। कहासुनी के दौरान टोल कर्मियों और ट्रक ड्राइवरों से हाथापाई शुरू हो गई। जिसमें ट्रक ड्राइवर श्याम बिहारी राजपूत 30 निवासी तोमड़िया थाना आंवला, जिला बरेली घायल हो गया। टोल प्लाजा पर नेशनल हाई-वे जाम की सूचना पर बरौंधा चौकी इंचार्ज संजय कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर शांति व्यवस्था कायम करने में जुट गए। उल्लेखनीय है कि जाम के चलते टोल प्लाजा के दोनों तरफ किलोमीटरों तक वाहनों की कतार लग गई। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे लालगंज इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह ने जाम लगाए ड्राइवरों को समझा बुझाकर जाम खोलवाया। तब जाकर आवागमन सामान्य हुआ। ट्रक चालक श्याम बिहारी की तहरीर पर थाना प्रभारी ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। टोल मैनेजर रिषी कुमार शुक्ल ने बताया कि एक ही कंपनी की चार गाड़ियां आगे पीछे लगी थी। एक वाहन के ओवरलोडिंग होने पर टोल कर्मियों द्वारा शुल्क मांगे जाने पर ड्राइवरों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। और टोल के आगे पीछे वाहन खड़ा कर आवागमन को अवरुद्ध कर दिया। घंटों जद्दोजहद के बाद लालगंज इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह के समझाने बुझाने पर मामला शांत हुआ। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक ने चौकी इंचार्ज बरौंधा को निर्देशित किया। इस दौरान टोल कर्मियों को चेतावनी दी कि अगर इस तरह की दुबार पुनरावृत्ति हुई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### नेक इंसान ऐप डिजिटल शॉप उद्घाटित

**लालगंज, मीरजापुर।** क्षेत्र के बामी गांव में नेक इंसान ऐप डिजिटल शॉप का गुरुवार को पत्रकार राकेश त्रिपाठी ने फीता काट कर शुभारंभ किया। इस दौरान जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि यह एक सुरक्षा और सहायता ऐप है जो आपातकालीन स्थितियों में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें लाइव लोकेशन शेयरिंग, एसओसी अलर्ट, और क्यूआर कोड आधारित सुरक्षा जैसी सुविधाएं इसमें शामिल हैं। यह ऐप आपको अपने परिवार से जोड़ता है और दुर्घटनाओं या गलत पार्किंग जैसी स्थितियों में सहायता प्रदान करता है। मुख्य विशेषताओं की जानकारी देते हुए धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि यह एप आपके नाम मार्ग को लाइव ट्रैक कर सकता है और ऑडियो संदेशों के माध्यम से अपडेट प्राप्त कर सकता है। वाहन पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करके कोई भी व्यक्ति (जैसे पुलिस या एम्बुलेंस) आपकी जानकारी और लोकेशन परिवार तक तुरंत पहुंचा सकता है, और आप भी उनसे संपर्क कर सकते हैं। भाजपा नेता महेंद्र चौबे, अनिलेश सिंह, राजीव दुबे, अनिल सोनी, मुनौव्वर अली, सप्पू, अबरार अहमद, इमरान, रामबाबू, उमेश प्रधान, राकेश पांडेय, अवधेश चौबे आदि रहे।

संक्षेप

## सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ

सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय वार्षिक एथलेटिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन ओम प्रकाश सिंघानिया, उप चेयरमैन आशीष सिंघानिया एवं सचिव परीक्षित त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत रूबी, टोपाज, सफायर एवं एमरल्ड हाउस के विद्यार्थियों के आकर्षक मार्च पास्ट से हुई। इसके बाद प्रतिभागियों ने खेल भावना व अनुशासन बनाए रखने की शपथ ली। गत वर्ष के सर्वश्रेष्ठ एथलीट अपूर्व गुप्ता, स्वेतांशु विश्वकर्मा, प्रेरणा सिंह एवं दीक्षा सिंह ने मशाल प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। प्रथम दिवस में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने योगा और एरोबिक्स सहित विभिन्न सांस्कृतिक व शारीरिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इसके उपरांत शॉटपुट, लॉन्ग जंप, 50 मीटर एवं 150 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

# मईल और गौरी बाजार थाने का वार्षिक निरीक्षण

जिला संवाददाता

देवरिया। गुरुवार को पुलिस उप महानिरीक्षक, गोरखपुर परिक्षेत्र, गोरखपुर एस. चन्नप्पा द्वारा जनपद देवरिया के थाना मईल एवं थाना गौरीबाजार का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा थाना कार्यालय, मालखाना, अभिलेखों का संधारण, शस्त्रागार, हवालात, बैरक, मेस तथा परिसर की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया।

थाना मईल निरीक्षण के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए तथा प्रत्येक प्रार्थना पत्र की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। महोदय द्वारा अपराध एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए



हिस्ट्रीशीटरों, टॉप-10 अपराधियों एवं वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बीट पुलिसिंग को सुदृढ़ करने, ग्राम चौकीदारों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाए रखने तथा क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। महोदय द्वारा थाना की मिशन शक्ति टीम का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात महोदय द्वारा थाना क्षेत्र के संभ्रांत/गणमान्य व्यक्तियों, मीडिया बंधुओं से वार्ता की गयी तथा आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत वार्ता की गयी।

तत्पश्चात महोदय द्वारा ग्राम चौकीदारों को कंबल वितरित किया गया। थाना गौरीबाजार निरीक्षण के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए तथा प्रत्येक प्रार्थना पत्र की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। महोदय द्वारा अपराध एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए हिस्ट्रीशीटरों, टॉप-10 अपराधियों एवं वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बीट पुलिसिंग को सुदृढ़ करने, ग्राम चौकीदारों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाए रखने तथा क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। डीआईजी ने थाना की मिशन शक्ति टीम का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात महोदय द्वारा थाना क्षेत्र के संभ्रांत/गणमान्य व्यक्तियों, मीडिया बंधुओं से वार्ता की गयी तथा आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत वार्ता की गयी। तत्पश्चात महोदय द्वारा ग्राम चौकीदारों को कंबल वितरित किया गया। मालखाने में जमा शस्त्रों एवं अन्य सामग्री के विधिवत रख-रखाव तथा समय-समय पर निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीसीटीएनएस प्रणाली के प्रभावी उपयोग, डिजिटल अभिलेखों के अद्यतन एवं साइबर एवं महिला संबंधी अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी बल दिया गया।

## रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना की बैठक में 32 प्रकरणों पर चर्चा

सीतापुर। उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत पॉक्सो अधिनियम की धारा 4, 6 व आईपीसी की धारा 376घ से संबंधित रेप पीड़िताओं तथा दहेज हत्या के मामलों में मृतका के नाबालिग बच्चों को आर्थिक क्षतिपूर्ति प्रदान किए जाने हेतु जिला संचालन समिति की बैठक बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (प्रतिनिधि), पुलिस अधीक्षक प्रतिनिधि, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संयुक्त निदेशक अभियोजन, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अग्रणी बैंक प्रतिनिधि, समाज कल्याण अधिकारी प्रतिनिधि, नोडल मेडिकल ऑफिसर एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। जिला स्तर पर प्राप्त 32 प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस व मेडिकल स्तर पर लंबित मामलों में आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें समिति अग्रसारित करने के निर्देश दिए गए।

## रामपुर के अधिवक्ता के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा



देवरिया। मंगलवार को रामपुर जिले के अधिवक्ता फारुख अहमद की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या के विरोध में जिला कलेक्ट्रेट बार की अगुवाई में आज अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर महामहिम राज्यपाल महोदया को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में आएदिन अधिवक्ताओं की हत्याओं पर गहरा रोष व असंतोष व्यक्त करते हुए हत्यारों को अविलम्ब गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने और अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन लागू करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ज्ञानेश्वर मिश्र प्रीतम, महासचिव जयप्रकाश मिश्र, अजय कुमार गुप्ता, विनय चंद्र मिश्र, अनंत मिश्र जयप्रकाश तिवारी अशोक सिंह विनोद महेश कुशवाहा संजय मिश्र रुपेश मिश्र विनय श्रीवास्तव अशोक द्विवेदी आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

## आरबीआई वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत जागरूकता कैंप आज

देवरिया। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वर्ष 2016 से जिम्मेदार वित्तीय व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह का 11वां संस्करण 09 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक देशभर में मनाया जा रहा है। अग्रणी जिला प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आर.एस. प्रेम ने बताया कि इस वर्ष की थीम ह्लकेवाईसीः सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदमह्व रखी गई है, जो सुरक्षित बैंकिंग इकोसिस्टम को मजबूत बनाने पर केंद्रित है। सप्ताह के दौरान केवाईसी अनुपालन, ग्राहकों की पहचान, केवाईसी रिकॉर्ड अपडेट रखने के महत्व तथा केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री (उ ड उ) के लाभों के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही खाता सुरक्षा (अकाउंट हाइजीन), धोखाधड़ी की रोकथाम, फर्जी केवाईसी कॉल, संदेश एवं संदिग्ध लिंक से बचाव तथा अवैध वित्तीय लेन-देन में ह्यमनी म्यूलह्ण के रूप में इस्तेमाल होने से संबंधित सावधानियों की जानकारी भी दी जा रही है इसी क्रम में 11 फरवरी 2026 को तरकुलवा सीएफएल के अंतर्गत ब्लॉक रामपुर कारखाना के ग्राम सभा सिरिसिया नंबर-1 में एक मेगा वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में भारतीय रिजर्व बैंक से अग्रणी जिला अधिकारी शमसुद्दीन, अग्रणी जिला प्रबंधक आर.एस. प्रेम, आरसेटी निदेशक विशाल गुप्ता, निकटवर्ती बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधकगण, जिला समन्वयक तथा आरोह फाउंडेशन, देवरिया की टीम उपस्थित रही।

कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा वित्तीय साक्षरता, केवाईसी की आवश्यकता, साइबर धोखाधड़ी से बचाव एवं सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों की बैंकिंग संबंधी समस्याओं का मौके पर समाधान भी किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने जिले के सभी बैंकों से वित्तीय साक्षरता सप्ताह क्रान कम से कम दो जागरूकता कैंप आयोजित करने का आह्वान किया।

## भारतीय सभ्यता का मूल है वैदिक ज्ञानः पंडित महातम मिश्र

देवरिया।वैदिक साहित्य में भारतीय संस्कृति की आत्मा निहित है, वेदों में वर्णित ज्ञान से भारत विश्व गुरु के पद पर विराजमान हो सकता है। उक्त बातें सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के माधव सभागार में महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती जी की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंडित महातम मिश्र ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा। विद्यालय में महान समाज सुधारक और वैदिक सभ्यता के महान पुरोधा स्वामी दयानंद सरस्वती जी की जन्म जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी दयानंद सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंडित महातम मिश्रा जी (कथावाचक) उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में स्वामी दयानंद सरस्वती जी के जीवन, उनके त्याग, वेदों के प्रति उनकी आस्था तथा समाज सुधार के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी जी का संदेश ह्लवेदों की ओर लौटोह्व आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने ₹सत्यार्थ प्रकाश₹ की रचना कर भारतीय समाज को उसके खोए गौरव से परिचित कराया।प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें स्वामी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर सत्य, समानता और शिक्षा के मार्ग पर चलना चाहिए।अंत में सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने स्वामी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य श्री अखिलेश जितेन्द्र मिश्र जी, कार्यक्रम के संयोजक अरुण कुमार चौरसिया सहित सभी आचार्य मौजूद रहे

# महाशिवरात्रि पर सुपर जोनल, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

कुशीनगर। महाशिवरात्रि का पावन पर्व 15 फरवरी 2026 को जनपद कुशीनगर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक, पूजा-अर्चना, मेला एवं जुलूस के आयोजन के दृष्टिगत भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

प्रभारी जिला मजिस्ट्रेट वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक प्रशासनिक एवं सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। जनपद के प्रमुख मंदिरों– थाना कुबेरस्थान क्षेत्र स्थित कुबेरनाथ मंदिर, थाना तरयासुजान क्षेत्र का पुराना शिव मंदिर तमकुहीराज, थाना रामकोला क्षेत्र का अमवा शिव मंदिर, थाना हनुमानगंज क्षेत्र का मथलेश्वरनाथ मंदिर, थाना पडरौना क्षेत्र का सिधुवा स्थान मंदिर, थाना जटहा बाजार क्षेत्र के कटाई भरपुरवा उचका टोला स्थित शिव मंदिर, थाना कराया क्षेत्र के करहिया हजारी पट्टी शिव मंदिर, कोतवाली हाटा क्षेत्र के महादेव छपरा एवं पगरा शिव मंदिर, थाना कप्तानगंज क्षेत्र के रामजानकी घाट शिव मंदिर, करबा शिव मंदिर, नेबुआ रायगंज शिव मंदिर, गोईती बुजुर्ग शिव मंदिर, थाना पटहेरवा क्षेत्र के शिव सरया मंदिर सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जनपद स्तर पर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, तहसील स्तर पर जोनल मजिस्ट्रेट तथा चौकी/थाना स्तर पर सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

सुपर जोनल मजिस्ट्रेट अपने-अपने निर्धारित क्षेत्र में समस्त व्यवस्थाओं की समग्र निगरानी करेंगे। जोनल मजिस्ट्रेट तहसील क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था एवं विभागीय समन्वय सुनिश्चित करेंगे, जबकि सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने चौकी/थाना क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर मौके की स्थिति पर पैनी नजर रखेंगे तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करेंगे।

उन्होंने सभी नामित मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर सार्वजनिक स्थलों पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक एवं उच्चाधिकारियों को सूचित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देशित किया है कि त्योहार की अवधि में सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे तथा ड्यूटी समाप्ति के उपरांत संबंधित उप जिलाधिकारी को अवगत कराकर ही तैनाती स्थल छोड़ेंगे। जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट परिसर में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 05564-240590 है।

नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सभी तैनात अधिकारियों की सतत निगरानी एवं समन्वय किया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे महाशिवरात्रि पर्व को आपसी सौहार्द, शांति एवं भाईचारे के साथ मनाएं तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल प्रशासन अथवा पुलिस से संपर्क करें। जिला प्रशासन महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## वाहनों के किये गये चालान

ललितपुर। यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चैराहों, तिराहों पर बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट के विरूद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। शहर के प्रमुख चैराहों, तिराहों पर जागरूकता अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। वहीं प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 173 वाहनों का चालान किया गया।

## सीडीओ ने परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण



देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रुच्चापार, बैतालपुर, गुदरी एवं पोखरभिंडा स्थित विद्यालयों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय परिसरों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए शौचालयों को साफ-सुथरा एवं उपयोग योग्य बनाए रखने के निर्देश दिए। जहां-जहां फर्श की टाइल्स क्षतिग्रस्त पाई गईं, उन्हें शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही जिन शौचालयों में जल आपूर्ति बाधित पाई गई, उन्हें तत्काल दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मिड-डे मील योजना की स्थिति संतोषजनक पाई गई। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता को और बेहतर बनाए रखने तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में वृद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# एनएचएम कर्मचारी संघ ने मानदेय भुगतान के लिए ज्ञापन सौंपा

जिला संवाददाता



कुशीनगर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में लगभग 1.50 लाख संविदा कर्मचारी तैनात हैं, जिनको माह जुलाई 2025 से ही अपने पारिश्रमिक के रूप में मिलने वाले मासिक मानदेय का समय से भुगतान नहीं हो पा रहा है। एक माह का मानदेय 2 माह अथवा उससे अधिक समय बीत जाने के उपरान्त प्राप्त हो रहा। एसएनए पोर्टल आने के बाद आये दिन 'कभी लिमिट शून्य' तो कभी बिल फेल' अथवा जनपद में ₹बजट की अनुपलब्धता₹ जैसे कारण बताये जाते हैं।समस्या समाधान के लिए यूपी के मुख्यमंत्री/प्रमुख सचिव को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को सौंपा।

जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी राजेश श्रीवास्तव एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी ने कहा कि समय से वेतन न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है प्राप्त ज्ञापन तत्काल उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जा रहा है।जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि मानदेय मिलने में लगातार विलम्ब के कारण अल्प वेतनभोगी संविदा कर्मचारियों को आर्थिक व मानसिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही इस आर्थिक तंगी से परेशान होकर कुछ कर्मचारियों द्वारा आत्महत्या का भी प्रयास किये जाने की घटनाओं का सामने आना अत्यन्त दुःखद एवं चिंताजनक है। यह स्थिति न केवल अमानवीय है, बल्कि विभागीय व्यवस्था की गम्भीर विफलता को भी दशार्ती है। प्रांतीय संगठन द्वारा पिछले लगभग 6 माह में कई बार उच्चाधिकारियों से वार्ता व पत्राचार किये जाने के बावजूद भी मानदेय भुगतान व्यवस्था में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। जिसमें एनएचएम के अन्तर्गत कार्यरत सभी संविदा कर्मचारियों के मानदेय का प्रत्येक माह की 7 तारीख तक अनिवार्य रूप से भुगतान सुनिश्चित कराया जाये। बिल फेल, लिमिट शून्य एवं बजट जैसी तकनीकी /प्रशासनिक समस्याओं के स्थाई समाधान हेतु स्पप्ट एवं बाध्यकारी दिशा-निर्देश जारी किये जायें। समस्त लम्बित मानदेय का तत्काल भुगतान सुनिश्चित कराया जाये। भविष्य में मानदेय विलम्ब की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिये समयबद्ध भुगतान एसओपी जारी की जाये। मण्डल अध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव उर्फ लड्डू ने अपने सम्बोधन में कहा कि संगठन यह भी अवगत कराना चाहता है कि यदि भविष्य में प्रत्येक माह की 7 तारीख तक मानदेय का भुगतान सुनिश्चित नहीं किया जाता है तो जनपद के समस्त संविदा कर्मचारियों के साथ नो पेय, नो वर्क की थीम पर कार्य बन्द कर जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिये बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान सरंक्षक राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न उपाध्याय, व्यापार मण्डल जिला अध्यक्ष अमरनाथ पाण्डेय, डाक्टर वेद प्रकाश डाक्टर अरविन्द कुमार, पवन बहादुर सिंह, महामंत्री डाक्टर राजू यादव, डाक्टर सीमा आफताब, आफताब, मुस्ताक अहमद डॉ सुभाष यादव, विशाल जायसवाल, दीपक दुबे, विवेक यादव, अरमान अहमद, निशिकान्त सिंह, विनोद यादव, आरएस वर्मा, सिद्धनाथ तिवारी, निशांत मिश्रा एवं जिला अस्पताल, सीएचसी- पीएचसी के सौकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मोहन सिंह सेतु निर्माण को लेकर सीएम से मिली कनकलता सिंह



देवरिया। सपा राज्य सभा की पूर्व सांसद कनकलता सिंह ने कहा है कि देवरिया जनपद के दाक्षिणांचल में स्थित बाबा राघवदास की कर्मभूमि और देवराहा बाबा की तपोभूमि ऐतिहासिक और व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रही है। पुराने समय में नांव के जरिए नदी मार्ग से आयात-निर्यात होता था। व्यावसायिक गतिविधियों को देखते हुए बरहज को रेल मार्ग से जोड़ा गया था। पूर्व राज्य सभा सांसद ने कहा कि 24 नवंबर 2013 को समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक सांसद मोहन सिंह के निधन पर मुलायम सिंह यादव ने बरहज सरयू नदी पर उनके नाम से पक्का पुल बनाने की घोषणा की थी। 2014 में इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ, लेकिन समय के साथ परियोजना में बाधाएं आईं। जिसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर पुल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की। ताकि बरहज का दक्षिणी दरवाजा खुल सके और बलिया, बनारस, गाजीपुर, मऊ सहित नदी पार के गांवों के विकास में मदद मिले। पूर्व सांसद ने कहा कि मोहन सिंह सेतु के बन जाने से आम जनमानस को विकास और सुविधा का लाभ मिलेगा।

## पोखरभिंडा में मनरेगा कार्यों का एरिया ऑफिसर ऐप से निरीक्षण, अनियमितताओं पर कार्रवाई के निर्देश



देवरिया।मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने मनरेगा योजनान्तर्गत कराए जा रहे कार्यों का एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से निरीक्षण किया। इस दौरान विकास खण्ड गौरीबाजार की ग्राम पंचायत पोखरभिंडा में संचालित निर्माण कार्यों का स्थलीय सत्यापन किया गया। निरीक्षण के समय अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक तथा ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत पोखरभिंडा में फेकू के घर से बरबुराम के घर तक तथा राधेश्याम के घर से भान प्रताप के घर तक निमार्णाधीन सीसी रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर नागरिक सूचना बोर्ड (ङ्३ील्ल क्ल्लाङ्मे१ँ३ङ्मल्ल इङ्मं१ि्रउक्ह) अनुपस्थित पाया गया। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार वसूली की कार्रवाई के निर्देश दिए।

सीसी रोड निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि तकनीकी मूल्यांकन कराए जाने के उपरांत ही भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही संबंधित तकनीकी सहायक एवं ग्राम पंचायत सचिव को प्राक्कलन के अनुसार कार्य पूर्ण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## नृशंस हत्या के शिकार दारोगा के परिजनों से मिले कांग्रेसी

देवरिया।बस्ती जनपद के परशुरामपुर थाना में तैनात दरोगा अजय कुमार गौड़ की नृशंस हत्या के बाद गुरुवार शाम को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने देवरिया कोतवाली के मूडाडीह गांव पहुंचे। जिला अध्यक्ष ने मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और सरकार से इस घटना की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों को सजा देने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद अहमद, जिला उपाध्यक्ष भरत मणि त्रिपाठी जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, जिला महासचिव आलोक त्रिपाठी राजन, जिला सचिव विनोद दुबे, जनजाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अशोक गोंड, शहर प्रवक्ता विनोद त्रिपाठी,रमाशंकर यादव आदि मौजूद रहे।

## एएनएम क्षेत्र में रहकर लोगों उपलब्ध करायें सेवाएं : सीएमओ

देवरिया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को धन्वंतरि सभागार में कार्यकारी समिति की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। सीएमओ ने सभी स्वास्थ्य सूचकांको की रिपोर्ट को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कम प्रसव होने पर उन्होंने एमओआई व बीपीएम, बीसीपीएम को फटकार लगाया। उन्होंने निर्देश दिया कि एएनएम बुधवार व शनिवार को टीकाकरण के साथ-अन्य दिवसों पर क्षेत्र में रहकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही लोगों को बीमारियों और स्वास्थ्य योजना के प्रति लोगों को जागरूक करें। स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही क्षम्य नहीं होग। सीएमओ ने कहा कि एएनएम द्वारा की जा रही एनसी जांच और उनके क्षेत्र में हो रहे प्रसव की समीक्षा की जाए। सीएचओ, एएनएम क्षेत्र में रहकर प्रतिदिन पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाएं। उन्होंने कहा कि 16 से 27 फरवरी तक चलने वाले एमआर टीकाकरण अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाया जाए।

सभी सीएचसी, पीएचसी और आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर शत प्रतिशत एनसीडी स्क्रीनिंग की जाए। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव बढ़ाई जाए और लापरवाह आशा कार्यकताओं की सूची तैयार कर उसकी रिपोर्ट जिले पर प्रेसित करें जिससे कार्रवाई की जा सके। सीएमओ डॉ गुप्ता ने कहा कि गर्भवती महिलाओं, बच्चो की सभी अनुमन्य जांचे, टीकाकरण समय से, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए संबंधित पोर्टल पर फीड अवश्य कराएं। इस दौरान उन्होने हाईरिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की जांच संवेदनशीलता के साथ कराते हुए निगरानी बनाए रखने और स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया।

बैठक में एसीएमओ डॉ.एसके सिन्हा, एसीएमओ आरसीएच डॉ अजय शाही, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय, डीपीएम पूनम गुप्ता, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल, एचईओ लालवचन चौधरी, डीडीएम प्रमोद, एआरओ राकेश चंद्र सहित सहयोगी संस्था सीफार, जेएसआई, यूनिसेफ, यूपीटीएसयू के जिला प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश माशिसं ठुकराई का जिला सम्मेलन में नयी कार्यकारिणी घोषित



कुशीनगर। उदित नारायण इंटरमीडिएट कालेज पडरौना के सभागार में उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (ठुकराई) की जनपद इकाई का जनपदीय सम्मेलन एवं शैक्षिक विचार गोष्ठी ₹ राष्ट्रीय चुनौतियां के संदर्भ में शिक्षा व शिक्षकों की भूमिका₹ विषय पर परिचर्चा के साथ सम्पन्न हुई। जिसमें गोरखपुर में प्रांतीय सम्मेलन की सहमती बनी और नई जिला इकाई घोषित हुई।गुरुवार को आयोजित सम्मेलन में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष विशाल राय, जिला कोषाध्यक्ष मो आरिफ, जिला मंत्री समीप राव, जिला कार्यकारी कोषाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा बनाए गए। मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य

- हक और सम्मान किए एकजुट हो शिक्षकः प्रो.एसपी त्रिपाठी
- उप्र माशिसं ठुकराई का अप्रैल में होगा प्रांतीय सम्मेलन

प्रो. एसपी त्रिपाठी ने शैक्षणिक असमानता, समान वेतन, ग्रेच्युटी, शिक्षा पद्धति, पार्ट टाइम शिक्षण, चुनौतियां पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षक पर सरकार का ध्यान नहीं है। शिक्षा को काफी कठिन बनाया जा रहा है। हमें एकजुट होकर हक और सम्मान के लिए लड़ाई लड़ना होगा। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. जयप्रकाश नायक ने संगठित हो आगे बढ़ने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष गोरखपुर हीरालाल गोंड ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही हम राष्ट्रीय, परिवारिक और सामाजिक, चुनौतियों से निबट सकते हैं।

प्रदेश मंत्री राम बहाल त्रिपाठी ने कहा कि सम्मेलन महत्वपूर्ण है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य आश नारायण राय ने अपने विचार रखे। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा के प्रस्ताव में अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में गोरखपुर में होने वाले प्रांतीय सम्मेलन के संयोजक जय प्रकाश नायक की देखरेख में होगी। पर सहमती बनी। आभार संयोजक अरविंद सिंह और अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान दया गोविंद मिश्रा, सुनील तिवारी, शिवेंद्र पांडेय, राजेश कुशवाहा, विपिन बिहारी, अशोक शुक्ला, अभिषेक। भारती, अजय सिंह सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भूराजस्व की तरह होगी अधिकतम बकाया वसूसी

बहराइच।वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि ऐसे प्रकरण कोषागार के संज्ञान में आये हैं जिनमें पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरांत उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना कोषागार कार्यालय को नहीं दिये जाने के कारण से बाद में जानकारी मिलने पर अधिक भुगतान हुई धनराशि की वसूली की कार्यवाही करनी पडती है। जिससे सम्बन्धित परिजनों को भी अपरिहार्य स्थिति का सामना करना पड़ता है।

वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री शरण ने सभी सम्बन्धित से अपेक्षा की है कि यथास्थिति पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर सम्बन्धित कोषागार को तत्काल सूचित करें। यह पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य भी है। उन्होंने सम्बन्धित को सचेत किया कि ऐसे किसी भी प्रकरण में मृत्यु की सूचना के अभाव में हुई अधिक भुगतानित धनराशि की वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू-राजस्व के बकाये के

संक्षेप

## घर में फंदे से लटका मिला युवक

फतेहपुर। जिले के थाना राधानगर क्षेत्र के बांदा सागर रोड स्थित नहर पुलिया, राधानगर में निवासी सोनू कश्यप 33 वर्ष पुत्र रमेश कुमार कश्यप ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सूचना मिलते ही थाना राधानगर की टीम मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहपुर मार्चरी हाउस भेज दिया। घटना का विवरणघटना स्थानीय निवासी सोनू कश्यप के घर में हुई, जहां उन्होंने कथित तौर पर आत्महत्या की। परिजनों ने शव को लटका पाया तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में इसे सुसाइड ही पाया, लेकिन कारणों की गहन पड़ताल जारी है। पुलिस कार्रवाईमौके पर पहुंची राधानगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर मार्चरी भेजा। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है, जिसमें आत्महत्या के पीछे संभावित कारणों जैसे पारिवारिक विवाद या अन्य दबाव की जांच शामिल है। इलाके में शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है, और अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है। समान घटनाएं हाल राधानगर थाना क्षेत्र में युवक ने भी घर में फांसी लगाई थी, जिसके बाद पुलिस जांच में जुटी।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मचा कोहराम

सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के असरखपुर गांव में गुरुवार को एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान विजय (पुत्र मिश्रीलाल) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार विजय बुधवार रात अपने कमरे में सोने गया था, लेकिन गुरुवार सुबह देर तक बाहर नहीं निकला। दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब न मिलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो वह रस्सी के फंदे से लटका मिला। बताया गया कि विजय का कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था और पत्नी मायके में रह रही थी। बताया जा रहा है कि एक दिन पूर्व दोनों के बीच फोन पर कहासुनी भी हुई थी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से गांव में शोक का माहौल है।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को तंबौर मार्ग पर डिंगुरापुर मोड़ के पास सड़क हादसे में 60 वर्षीय साइकिल सवार की मौत हो गई। ग्राम ददुआपुर निवासी अशफीलाल साइकिल से जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे में मोटरसाइकिल चालक विनय कुमार (27) निवासी ग्राम पुडरिया लालपुर भी घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने अशफीर्लाल को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल विनय कुमार को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिला कारागार का साप्ताहिक निरीक्षण



जिला संवाददाता

सीतापुर। उ.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर आशीष जैन के निर्देशानुसार सचिव विजय भान ने गुरुवार को जिला कारागार सीतापुर का साप्ताहिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार परिसर में साफ-सफाई व व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। सर्वप्रथम महिला बैरक का निरीक्षण कर बंदियों से वार्ता की गई। सभी महिला बंदियों ने बताया कि उनके पास अधिवक्ता उपलब्ध है। पाकशाला में रोस्टर के अनुसार भोजन बनता पाया गया तथा स्वच्छता उचित मिली।

बच्चा बैरक एवं दरी बुनाई केंद्र की व्यवस्थाएं भी दुरुस्त पाई गईं। कारागार अस्पताल में चार बंदी भर्ती मिले, जिनके उपचार के संबंध में चिकित्सक ने जानकारी दी। बंदियों ने समय से दवा व भोजन मिलने की पुष्टि की। लाइब्रेरी में शिक्षा व्यवस्था सुचारु पाई गई। लीगल एड क्लीनिक में पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित मिले तथा रजिस्टरों का परीक्षण किया गया। विधिक जागरूकता शिविर में महत्वपूर्ण न्यायिक प्रकरणों व शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षिका कु. प्रीती यादव सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# फर्जी अपहरण की साजिश का पर्दाफाश, दो युवक सकुशल बरामद




सीतापुर। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात दो युवकों के कथित अपहरण की सूचना से हड़कंप मच गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, जिस पर सीओ सदर नेहा त्रिपाठी और इंस्पेक्टर अमर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शाहमहोली गांव निवासी इस्लाम और तहसीम रिश्तेदारी से लौटते समय लापता बताए गए।

उनकी कार सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर बड़ागांव के पास नहर किनारे खड़ी मिली, जिसमें मोबाइल फोन और खून के धब्बे पाए गए। इससे परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई। सूचना पर एसओजी व फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू की। सर्विलांस के जरिए दोनों की लोकेशन ट्रेस कर उन्हें सकुशल बरामद कर लिया गया।

पूछताछ में मामला फर्जी साजिश निकला। ग्रामीणों के अनुसार, इस्लाम की प्रधान प्रतिनिधि रईश अहमद से पुरानी राजनीतिक रंजिश थी। हाल ही में हुए विवाद और दर्ज मुकदमे के बाद विरोधियों को फंसाने के लिए यह साजिश रची गई।

थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि भ्रामक सूचना फैलाने के आरोप में दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली



हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। मौरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक 26 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना ग्राम मोती खेड़ा मजरे हिलौली विकासखंड की है, जहां बुधवार शाम यह दुखद मामला सामने आया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अंकित यादव 26 वर्ष पुत्र राजा राम के रूप में हुई है। वह अपने दो भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। परिजनों के अनुसार, अंकित बुधवार शाम अपने कमरे में गया और काफी देर तक बाहर नहीं आया। जब परिजनों ने दरवाजा खटखटाया और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो उन्होंने दरवाजा खोला। दरवाजा खोलने पर परिजनों ने अंकित को फंदे से लटका पाया। उन्होंने तुरंत उसे नीचे उतारा और पड़ोसी लोगों की मदद से हॉस्पिटल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। यह घटना की सूचना मिलते ही मौरावां पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक पूछताछ के बाद शव को विच्छेदन गृह के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। रिश्तेदारों और ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि अंकित किसी युवती से फोन पर बातचीत करता था। बताया जा रहा है कि उस युवती की शादी 13 फरवरी को तय थी। परिजनों ने भी पुलिस को बताया है कि घटना से पहले अंकित की उस युवती से फोन पर बात हुई थी, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। हालांकि, पुलिस ने अभी तक आत्महत्या के किसी भी कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। मृतक के पिता राजा राम और अन्य परिजन इस घटना से गहरे सदमे में हैं। मां और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक का माहौल है। अंकित अविवाहित था और परिवार के साथ रहकर खेती-बाड़ी व अन्य कार्यों में हाथ बंटाता था। मौरावां थाना प्रभारी कुवर बहादुर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मोबाइल फोन की कॉल डिटेल सहित अन्य सभी संभावित बिंदुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है। पी एम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही स्पष्ट कारणो का पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहनता से जांच कर रही है।

# छात्रों का आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज में इंटर विदाई समारोह संपन्न



सीतापुर। आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों को भावभीनी विदाई दी। मुख्य अतिथि आशीष शुक्ला तथा प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अतिथियों के स्वागत उपरांत सारिका मौर्या, अंशिका जायसवाल और तनुष्का जायसवाल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने रंगारंग नृत्य कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विनोद कुमार शुक्ला, कृष्णचंद्र द्विवेदी, संजीत मिश्रा, अजीम अहमद, नीता सिंह, शैल सिंह, विनीत जायसवाल, रमेशचंद्र मिश्रा, आदित्य वर्मा, आरती निगम, क्षमा जायसवाल, सुधा भारती, अर्शिता सिंह, रमाशंकर पाण्डेय एवं शिवकुमार मिश्रा उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधक अनिल कुमार पुरी ने फोन के माध्यम से शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार निगम ने किया तथा अंत में प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को उपहार भेंट कर समारोह का समापन किया।

# स्वामी दयानंद जयंती पर रक्तदान शिविर, 21 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



सीतापुर। स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर श्रीहरिद्वारी वैश्य महासभा के तत्वावधान में सीतापुर ब्लड बैंक के सहयोग से गल्ला मंडी परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 21 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के माल्यार्पण व अंगवस्त्र सम्मान तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार और मंडी समिति सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्वामी दयानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सीएमओ एवं मंडी सचिव ने स्वयं भी रक्तदान कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना आवश्यक है। नियमित रक्तदान से आयरन संतुलित रहता है और हृदय रोग का खतरा कम होता है। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. पूजा ने बताया कि शरीर 24 घंटे में रक्त के तरल भाग की पूर्ति कर लेता है, इसलिए रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित है। कार्यक्रम में महासभा जिलाध्यक्ष मुन्ना लाल गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर श्रीहरिद्वारी वैश्य महासभा के जिलाध्यक्ष मुन्ना लाल गुप्ता, सभासद राकेश गुप्ता पिंकू, आकाश वर्मा, संजीव गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार राजीव गुप्ता तेजू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा, विमल गुप्ता, श्यामजी गुप्ता, दीपक गुप्ता, संतोष गुप्ता, कपिल गुप्ता, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीलम गुप्ता, डॉ. प्रमोद गुप्ता, डॉ. राजीव गुप्ता, आकाश बजरंगी, विवेक अग्रवाल मिंटू आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने बक्सर चैकी पहुंचकर आगामी पर्व के संबन्ध में जानकारी ली



पाटन, उन्नाव। 15 फरवरी को शिवरात्रि महापर्व को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह बक्सर चैकी पहुंच गंगा स्नान तथा शिवरात्रि पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में थाना अध्यक्ष व चैकी इंचार्ज से जानकारी ली। शिवरात्रि महापर्व पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमो तथा शिव शोभायात्रा को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह दोपहर बारा सगवर थाना क्षेत्र की बक्सर चैकी पहुंचे साथ में मौजूद थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा से थाना क्षेत्र में होने वाले विभिन्न उत्सव तथा शिव शोभा यात्रा के बारे में जानकारी ली।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अराजकता फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा नसेबाजी कर हुड़दंग फैलाने वालों से भी शक्ती से निपटे। शिवरात्रि पर्व में गंगा स्नान करने आने वाले लोगों के लिए स्नान घाटों पर पुलिस फोर्स की पर्याप्त तैनाती के भी निर्देश दिए। मेले में आने वाले चोर उचक्कों के पर भी पूरी नजर रखे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्नान घाटों का निरीक्षण भी कर उसके बाद उन्होंने बक्सर चैकी पहुंचकर चैकी इंचार्ज राजेंद्र मिश्रा से अभिलेखों की जानकारी ली। चैकी इंचार्ज से रात में ग्रस्त बढ़ाने के निर्देश दिए।

# हुसैनगंज प्लाईवुड फैक्ट्री: 22 साल का इंतजार, 35 करोड़ का पसीना और अब टूटती उम्मीदें

सीतापुर। हुसैनगंज स्थित एशिया प्रसिद्ध प्लाईवुड प्रोडक्ट्स फैक्ट्री को बंद हुए दो दशक से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन उसके 400 से अधिक कर्मचारियों की उम्मीदें अब भी अधूरी पड़ी हैं। वर्ष 2001 में हाईकोर्ट के आदेश पर फैक्ट्री में तालाबंदी हुई थी। तब से करीब 425-437 श्रमिकों का लगभग 35 करोड़ रुपये बकाया मेहनताना अटका हुआ है। इन कर्मचारियों ने अपनी जवानी इस फैक्ट्री को दी। कभी यहां तीन शिफ्टों में हजारों मजदूर काम करते थे और हर महीने करोड़ों का टर्नओवर होता था। विदेशों तक पहचान रखने वाली यह फैक्ट्री आज खंडहर में तब्दील है।

# नाबालिग लड़के का शव संदिग्ध परिस्थिति में खंती में पड़ा मिला



असोहा, उन्नाव (वीओएल)। थाना क्षेत्र की पंचायत दरसवा के मजरा राधा नगरी निवासी सूरज लोधी 17 वर्ष पुत्र रामकुमार बुधवार शाम दरसवा बाजार के लिये निकला था। देर रात तक घर ना आने पर परिजन फोन मिलाया तो घंटी बजती रही लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। खोजबीन करने पर पता नहीं चला। गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे दरसवा निवासी महिला खेत पर जा रही थी फोन बजता देख फोन रिसीव किया तो सूरज की मां को गांव के बाहर लगभग दो सौ मीटर दूर उमा शंकर के सरसों के खेत के पास खंती मे शव पड़ा होने की जानकारी दी। सूचना पर एसओ फूल सिंह, सीओ तेज बहादुर सिंह फोरेंसिक टीम के साथ पहुंच जांच पड़ताल कर घटना स्थल से सैंपल एकत्र किए। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। सूरज तीन भाइयों मे बीच का था बड़ा भाई नीरज व छोटा सचिन, मां गंगादेई व छोटी बहने आँचल, आरती और अर्चना बेहाल हैं। रामकुमार ने पुलिस को गांव के ही कल्लू उसके बेटे अरविन्द व दीपक और सोहरामऊ थाना क्षेत्र के आशाखेड़ा निवासी दामाद मोनू के खिलाफ नामजद हत्या की तहरीर दी हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरू कर दी हैं। एसओ फूल सिंह ने बताया की पिता रामकुमार ने चार लोगो के खिलाफ हत्या की तहरीर दी हैं। रिपोर्ट दर्ज कर नामजद आरोपियो की तलाश की जा रही हैं।

# बदलते मौसम में कहीं घेर न लें बीमारियां . . .



उन्नाव (वीओएल)। जिला अस्पताल में मौसम बदलते ही बाल रोग विशेषज्ञ के पास बच्चों में सर्दी, खांसी, जुकाम और चेस्ट इंफेक्शन के मामले तेजी से बढ़ रहें हैं। वरिष्ठ परामर्शदाता बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अमित श्रीवास्तव के अनुसार सबसे ज्यादा पांच वर्ष तक के बच्चे बीमार हो रहे हैं। कई परिवारों में एक से अधिक बच्चों के एक साथ बीमार होने के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे संक्रमण के तेजी से फैलने का खतरा बढ़ गया है। बदलते मौसम में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। जिससे वह जल्दी वायरस और बैक्टीरिया की चपेट में आ जाते हैं। वरिष्ठ परामर्शदाता बालरोग विशेषज्ञ डॉ अमित श्रीवास्तव ने बताया कि इस सीजन में बच्चों में खांसी, जुकाम, बुखार, दस्त और सांस लेने में परेशानी जैसी समस्याएं आम हो गई है। यदि खांसी चार हफ्ते से ज्यादा समय तक बनी रहे या सांस फूलने लगे, तो इसे सामान्य मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। खासतौर पर समय से पहले जन्मे यानी प्रीमैच्योर बच्चों को इस मौसम में अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है। ऐसे बच्चों की फीडिंग, कपड़े और दवाईयों पर विशेष ध्यान देना जरूरी है, क्योंकि जन्म के बाद पहले चार महीने उनमें संक्रमण का खतरा सबसे अधिक रहता है।

**● पांच साल तक बच्चे अधिक प्रभावित, ऐसे करें बचाव**

**बदलते मौसम में बरतें ये सावधानियां**

**ऽबच्चे को हमेशा गर्म कपड़े पहनाकर रखें।**

**ऽमां बच्चे को अपना दूध पिलाने से पहले हाथ जरुर धोएं।**

**ऽसर्दी या खांसी होने पर मास्क का इस्तेमाल करें।**

**ऽबच्चे को भीड़-भाड़ वाली जगहों पर ले जाने से बचें।**

**ऽआंख, नाक और मुंह की सफाई का ध्यान रखें।**

# ट्रेड डील के खिलाफ भाकियू का राष्ट्रपति को ज्ञापन



फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन भाकियूके जिला अध्यक्ष नवल सिंह पटेल के नेतृत्व में नहर कॉलोनी में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक ने मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ मजबूत विरोध दर्ज किया। बैठक के बाद संगठन ने महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार, नई दिल्ली को जिलाधिकारी के माध्यम से एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त की गईं, जिसे किसानों ने कृषि, उद्योग, सेवाओं और राष्ट्रीय संसाधनों पर कॉरपोरेट नियंत्रण सुनिश्चित करने वाला बताया।प्रमुख मांगेंज्ञापन में निम्नलिखित मांगें स्पष्ट रूप से उठाईगईं:भारत-अमेरिका ट्रेड डील रद्द करें: इस डील से कृषि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित होगा। भारत को इससे पीछे हटना चाहिए या कम से कम कृषि संबंधी प्रावधानों को हटा देना चाहिए।

बीज विधेयक वापस लें: यह विधेयक निजी बीज कंपनियों के हितों को प्राथमिकता देता है, जबकि किसानों के आजीविका अधिकारों और पारंपरिक बीज संरक्षण को नजरअंदाज करता है।बीजों का अनिवार्य पंजीकरण समाप्त करें: यह प्रावधान छोटे किसानों के लिए बीज संरक्षण को जटिल बना देगा और बड़ी कंपनियों को बीज बाजार पर नियंत्रण देगा।विद्युत विधेयक मसौदा रद्द करें: इसका उद्देश्य बिजली क्षेत्र का निजीकरण और व्यावसायीकरण है, जो किसानों और उपभोक्ताओं के हितों के खिलाफ है।उत्तर प्रदेश में धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित करें: राज्य में धान का निर्धारित लक्ष्य समाप्त हो चुका है। सरकारी खरीद केंद्रों पर किसानों की भारी भीड़ लग रही है, इसलिए केंद्र सरकार से लक्ष्य बनवाने की मांग।बैठक में प्रमुख उपस्थितबैठक में भाकियू के वरिष्ठ नेता सक्रिय रहे। राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक उत्तम, प्रदेश सचिव राम सहाय पटेल, प्रयागराज मंडल महासचिव देवनारायण पटेल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह पटेल, जिला महासचिव मुन्ना शेख, जिला प्रवक्ता दिनेश शुक्ला, जिला संगठन मंत्री धनंजय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी नागेंद्र यादव, युवा जिला अध्यक्ष विवेक सिंह यादव, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गिरिजा शंकर मिश्रा, युवा जिला प्रवक्ता दीपेंद्र द्विवेदी, तहसील अध्यक्ष बिंदकी कप्तान सिंह यादव, जिला सचिव अजीत उत्तम, युवा तहसील उपाध्यक्ष खागा धीरेंद्र सिंह, तहसील संगठन मंत्री खागा कुलदीप सिंह, नगर अध्यक्ष फतेहपुर परशुराम शुक्ल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।यह आंदोलन किसानों की लंबित मांगों को राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। संगठन ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी भाकियू की नहर कॉलोनी बैठक में ट्रेड डील के खिलाफ राष्ट्रपति को ज्ञापनफतेहपुर जिले के नहर कॉलोनी में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन भाकियू के जिला अध्यक्ष नवल सिंह पटेल की अगुवाई में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

# आईजी ने होली मेला परिक्रमा की तैयारियों का किया निरीक्षण



सीतापुर। आगामी होली मेला परिक्रमा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ परिक्षेत्र किरण एस ने थाना नैमिषारण्य व मिश्रिख क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख मार्गों और पड़ावों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया गया। आईजी ने पुलिस प्रबंधन, जल पुलिस व एसडीआरएफ की तैनाती, पार्किंग व्यवस्था, घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से निगरानी, बैरिकेडिंग, एकीकृत नियंत्रण कक्ष तथा खोया-पाया केंद्र की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन एवं पूजन के लिए डिजिटल साइन एज की व्यवस्था को भी परखा गया। उन्होंने भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने और समन्वय के साथ ड्यूटी निर्वहन के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश सिंह, क्षेत्राधिकारी मिश्रिख विशाल गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, थानाध्यक्ष नैमिषारण्य नवनीत मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किसानों मजदूरों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया

जिला संवाददाता



उन्नाव। देश के विभिन्न श्रम फेडरेशनो के आह्वान पर जनपद के श्रमिक साथियों द्वारा सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों के विरोध में ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) के नेतृत्व में बैठक कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट उन्नाव को सौंपा। बैठक को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के प्रांतीय उपाध्यक्ष कामरेड बलवंत सिंह ने कहा कि वित्तीय पूंजी के सहारे साम्राज्यवादी मानसिकता से ग्रस्त उद्योगपतियों के द्वारा देश के संसाधनों पर कब्जा करने की नीयत से मौजूदा सरकार की मदद से किसानों और मजदूरो का उत्पीड़न दिन पर दिन बढ़ता चला जा रहा है। उन्होंने कहा जब उद्योगपतियों का राजनीतिक क्षेत्र में एकाधिकार हो जाता है तो श्रमिकों के अधिकारों में कटौती बढ़ती चली जाती है जिसके परिणाम स्वरूप हमारे पुरखों के संघर्षों के फल स्वरुप मिले अधिकारों को हमसे छीन लिया जाता है। कामरेड बलवंत सिंह ने कहा कि श्रमिकों की समस्याओं के प्रति प्रशासनिक व्यवस्था उदासीन है। उन्होंने कहा कि अनेकों बार जनपद के अधिकारियों से प्रार्थना करने के बावजूद श्रमबंधु की बैठकों के न होने से जनपद के औद्योगिक मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है, फल स्वरुप औद्योगिक मजदूरों में असंतोष व्याप्त होता चला जा रहा है और इसका एकमात्र समाधान है कि आगामी चुनाव में मजदूर वर्ग जाति और धार्मिक मतभेदों को भुलाकर अपनी आपसी एकजुटता के सहारे श्रमिक हितैषी सरकार के निर्माण के प्रति सजग रहे। बैठक में प्रमुख रूप से राज्य काउंसिल सदस्य अखिलेश तिवारी, संजय कुमार जायसवाल, अनिल कुमार शर्मा, बलराम, भगवानदीन, राकेश, फिरोज अहमद, श्रीराम, राम शंकर, राजेश आदि लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बांदा।** बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया लेकिन डाक्टरी ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बबेरू कस्बे के कमासिन रोड आश्रम पद्धति विद्यालय के पास बुधवार की रात बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाा लेकिन डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रामबाबू पुत्र सिद्ध गोपाल 40 वर्ष निवासी पंडूई थाना कोतवाली नगर के रूप में हुई है।

पुलिस ने फोन के जरिए परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

## सहकारी बैंक प्रतिनिधियों की बैठक

**बांदा।** बबेरु कस्बा स्थित उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड की पहली बैठक निर्विरोध निर्वाचित शाखा प्रतिनिधि राधा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई।

उन्होने बैंक कार्यों को प्राथमिकता से जनहित में करने के लिए आग्रह किया और सभी से सहयोग की अपेक्षा जताई। बैठक में सौरभ शिवहरे ब्लॉक अध्यक्ष भाजपा, महेश कुमार त्रिपाठी एडवोकेट, विजयपाल सिंह पूर्व अध्यक्ष बबेरू, विष्णु प्रताप सिंह एडवोकेट, श्याम तिवारी पूर्व अध्यक्ष भाजपा, विनय तिवारी, मधु, लक्ष्मी गुप्ता, गीता देवी, शाखा प्रबंधक आरके सिंह व बैंक के अधिकारी मौजूद रहे। शाखा प्रतिनिधि राधा गुप्ता ने सभी का आभार जताया।

## मुरवल गांव में चोरों का आतंक, पुलिस नाकाम

**बांदा।** तहसील बबेरू के मुरवल गांव में बीती रात चोर घर से नकदी और जेवर लेकर फरार हो गये। घटना गौतमपुरवा निवासी भरतलाल पाल के घर में बुधवार की रात उस समय हुई जब घर के सभी लोग गहरी नींद में सो रहे थे।

भरतलाल पाल ने बताया कि चोरों ने करीब 15 हजार रुपये नकद इसके अलावा सोने और चांदी के गहने भी ले जाने में चोर कामयाब रहे। घटना के समय परिवार के सदस्य दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह जब भरतलाल की पत्नी ने देखा तब पता चला कि घर में चोरी हो गयी है। चोरी की घटना की जानकारी पीड़ित ने मुरवल पुलिस चैकी को दी है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कि मुरवल गांव में बीते दिनों भी कई लोगों के घर से चोरी की घटनाएं हुई हैं। बीते दिनों एक 10 वर्षीय बालक की गुमशुदगी के बाद लाश खेतों में मिली है। लोगों का कहना है कि मुरवल पुलिस चैकी की लचर व्यवस्था के चलते इस तरह की घटनाएं गांव में आम हो गयी हैं।

## चोरी के ट्रैक्टर सहित दो गिरफ्तार, एक फरार

**बांदा।** थाना गिरवां पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खुरहण्ड गांव निवासी शिवदत्त द्विवेदी पुत्र रामदत्त द्विवेदी ने थाना गिरवां में सूचना दी थी कि बीती 7 फरवरी की देर रात अज्ञात चोर उनका महिन्द्रा टैज्क्टर घर के सामने से चोरी कर ले गये हैं। पुलिस अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। इसी के चलते गुरूवार को थाना गिरवां पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी अरविंद पुत्र बाबू व प्रमोद पुत्र बाबू निवासी ग्राम चहितारा थाना कोतवाली देहात दोनो सगे भाईयों को महुआ रोड के पास गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक आरोपी मौका पाकर फरार हो गया। पकड़े गये आरोपियों से कड़ाई से पूंछताछ करने पर दोनो ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि दोनो सगे भाई हैं और 7 फरवरी को खुरहण्ड पेट्रोल पंप के पास से मौसी का लड़का अशोक पुत्र रणविजय निवासी चकदहा थाना मौदहा जिला हमीरपुर के साथ मिलकर चुराया था। पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर बरामद कर लिया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चैकी प्रभारी खुरहण्ड विवेक कुमार त्रिपाठी, उप निरीक्षक अनुग्रह नारायण, हेड कांस्टेबल नितीश द्विवेदी, गोकलेश व संदीप रहे।

# बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के लिए डीएम ने लिया जायजा

जिला संवाददाता



- सेक्टर, जोनल, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के दिए निर्देश
- सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में 50 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी बोर्ड परीक्षा, 35970 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**ललितपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश में 18 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित करायी जा रही हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा -2026 को जनपद में सकुशल, शान्तिपूर्ण व नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में सेक्टर, जोनल, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, सचल दल एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को परीक्षा की बारीकियों से अवगत कराते हुए निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं उत्तरदायित्व के साथ करें। उन्होंने विशेष रूप से सभी मजिस्ट्रेट नियमित रूप से परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करें। प्रश्नपत्रों की अभिरक्षा एवं वितरण प्रक्रिया शासनादेशानुसार कड़ाई से सुनिश्चित की जाए। सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता परीक्षा अवधि में सतत सुनिश्चित रहे। परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छता एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहे। दिव्यांग परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक सहयोगात्मक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। परीक्षा कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियोंध्कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा जनपद की साख से जुड़ा विषय है, अतः सभी अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए टीम भावना से कार्य करें, जिससे परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हो सके। बैठक में परीक्षा की समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा बैठक में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा में नकल कराने, नकल करने, प्रश्नपत्र लीक करने, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अवैध उपयोग अथवा परीक्षा की गोपनीयता भंग करने जैसे कृत्य दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आते हैं। ऐसे मामलों में कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए। संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाए। सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा फर्जी प्रश्नपत्र प्रसारित करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ०प्र० की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाएं दिनांक 18.02.2026 से प्रारम्भ होकर 12.03.2026 तक आयोजित की जाएंगी। जनपद ललितपुर में कुल 50 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें तहसील ललितपुर के 18, महरौनी के 14, तालबेहट के 09, मड़ावरा के 04 तथा पाली के 05 परीक्षा केन्द्र सम्मिलित हैं। वर्तमान स्थिति के अनुसार जनपद में कोई भी परीक्षा केन्द्र संवेदनशील श्रेणी में चिन्हित नहीं है। जनपद में कुल 35,970 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जिनमें हाईस्कूल के 20,163 (बालक-10,998, बालिका-9,165) तथा इण्टरमीडिएट के 15,807 (बालक-8,258, बालिका-7,549) परीक्षार्थी सम्मिलित हैं। परीक्षा की प्रभावी निगरानी हेतु 07 जोनल मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 50 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 50 केन्द्र व्यवस्थापक एवं 50 बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं तथा 06 विभागीय सचल दलों की तैनाती की कार्यवाही प्रचलित है। कक्ष निरीक्षण हेतु कुल 1,585 निरीक्षक नामित किए गए हैं, जिनमें माध्यमिक शिक्षा विभाग से 60 महिला एवं 205 पुरुष तथा बेसिक शिक्षा विभाग से 625 महिला एवं 695 पुरुष निरीक्षक शामिल हैं। प्रश्नपत्रों की अभिरक्षा हेतु राजकीय इण्टर कॉलेज, ललितपुर में सीसीटीवी निगरानी के अंतर्गत स्ट्रांग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रश्नपत्रों के सुरक्षित वितरण के लिए संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को नामित किया गया है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा एवं आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी भूपेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी घनश्याम भारतीय, डीआईओएस ओम प्रकाश सिंह, बीएसए रणवीर सिंह सहित सेक्टर, जोनल, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, सचल दल एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा को लेकर बैठक, व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश



**बांदा।** हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं को नकल विहीन एवं शांतिपूर्वक तरीके से कराने को लेकर मेडिकल कॉलेज सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सीसीटीवी कैमरा, जनरेटर, प्रकाश की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल की व्यवस्था समय से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए सुनिश्चित कराये। उन्होंने प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम स्ट्रांग रूम में करने के निर्देश दिए। निर्देश दिए की परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा से एक घंटा पहले स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक आवश्यक रूप से उपस्थित हों। डीएम ने परीक्षा केन्द्रों में लाइट एवं प्रकाश की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा के दौरान केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट को सतर्क रहने एवं भ्रमण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रश्न पत्रों की गोपनीयता स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक सुनिश्चित करें। निर्देश दिए की परीक्षा केंद्र में कोई भी परीक्षार्थी मोबाइल फोन एवं इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर प्रवेश नहीं करेगा। अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में स्ट्रांग रूम बनाया जाएगा, जिसमें डबल लॉक की चार अलमारियां प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखने के लिए रखी जाएंगी। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग होगी। महिला विद्यार्थियों की चेकिंग महिला पुलिस करेगी। परीक्षा केंद्रों में दूसरे विद्यालयों के परीक्षा निरीक्षक तैनात किए जाएंगे। कहा कि परीक्षा में किसी प्रकार की त्रुटि एवं लापरवाही न हो अन्यथा कड़ी कार्रवाई होगी। परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पेज में रोल नंबर अंकित करेंगे तथा उत्तर पुस्तिकाएं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सील की जाएंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक दो पाली में होंगी। प्रथम पाली प्रातः 8:30 से 11:45 तक तथा द्वितीय पाली 2:00 से 5:15 तक रहेगी। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर नमन मेहता, जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

## महिला अस्पताल का निरीक्षण कर डीएम ने लिया सुविधाओं का जायजा



जिला संवाददाता (vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जिला महिला अस्पताल का औचक रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में स्टाफ कम पाए जाने पर उन्होंने उपस्थिति पंजिका तलब की। पंजिका में कर्मचारियों के नाम तो दर्ज थे, परंतु किसी भी कर्मचारी का ड्यूटी टाइम नहीं लिखा हुआ पाया गया, जिससे रात और दिन के स्टाफ का सही पता चल सके।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बुधवार की रात्रि जिला महिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि ड्यूटी समय का निर्धारण करते हुए शिफ्टवार स्टाफ की उपस्थित पंजिका बनाएं ताकि भ्रम की स्थिति न रहे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने एनआईसीयू एवं चाइल्ड वार्ड का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि वार्डों सहित अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखें और किसी भी स्थान पर गंदगी नजर नहीं आनी चाहिए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि वार्ड में भर्ती मरीजों का ध्यान रखा जाए और उनको किसी भी प्रकार की सुविधा न होने पाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भर्ती मरीजों एवं बच्चों के अभिभावकों से अस्पताल में उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के बारे में मालूम किया, जिस पर उनके द्वारा अस्पताल में सुविधाओं तथा दवाओं आदि का निःशुल्क रूप से उपलब्ध होना बताया गया।

# हत्या के पांच दोषियों को आजीवन कारावास और अर्थदण्ड की सजा

शहजाद अंसारी (vol)

- एडीजीसी क्षितिज अग्रवाल के जोरदार तर्क एंव आरक्षी रविन्द्र कुमार (पैरोकार) द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से मात्र 20 माह में दोषियों को मिली सजा

बिजनौर। अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह ने मुकदमें की रंजिश में हत्या के मामले में पांच अभियुक्तों को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्याय के मंदिर से पहले बेटे सलमान व फिर पिता नसीम उर्फ बब्बू को इंसाफ मिलने से पीडित परिवार ने इसे इंसाफ की जीत बताया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के आदेश पर ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत अपराधी को सजा दिलाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी पैरवी की जा रही है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल के अनुसार वादी मुकदमा महबूब अहमद पुत्र शमीम अहमद निवासी ग्राम हिदायतपुर टांडा थाना अफजलगढ़ ने 06 जून 2024 को अफजलगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 06 जून 2024 की सुबह लगभग 09:52 पर मेरे पिता शमीम अहमद पुत्र शब्बीर अहमद, फिरोज उर्फ सोनू पुत्र इकबाल अहमद तथा इकबाल अहमद पुत्र मुन्तियाज अपने खेतों पर धान की पौध में पानी लगाने के लिए आये थे। खेत में काम करने के दौरान गांव से उसके चाचा नसीम अहमद मुकदमें की तारीख पर साथ ले जाने के लिए आये थे तभी पीछे लगे अखलाक पुत्र अली अहमद, आफताब पुत्र अली अहमद मोटर एक साईकिल पर तथा दूसरी मोटर साईकिल पर राशिद पुत्र मौ0 उमर निवासीगण ग्राम हिदायतपुर टांडा ,शमीम पुत्र बाबू रफीक निवासी मीरापुर मोदीवाला तथा शहजाद पुत्र अली अहमद, रियासत पुत्र मौ0 उमर निवासीगण हिदायतपुर टांडा व एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाँधेहू जंगलों से निकल आये तथा सभी ने एकराय होकर उसके चाचा नसीम अहमद उर्फ बाबू पर हमलावर कर सिर में अवैध तमंचे से गोली मार दी तथा अन्य दो-तीन लोगों ने भी फायरिंग की।

उसके चाचा की हत्या करके ये सभी लोग मौके से भाग गये हैं। विवेचना के बाद विवेचक उपनिरीक्षक पुष्कर मेहरा द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। अभियोजन की ओर से विद्वान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल ने कोर्ट में कार्यकुशलता के साथ अपने जोरदार तर्कों को रखते हुए दलील दी की दोषसिद्ध राशिद, रियासत, शमीम व शहजाद पूर्व से ही धारा 304 आईपी के मुकदमें में दोषसिद्ध है। दोषसिद्धगण द्वारा समाज में भय पैदा करने व अपना बर्चस्व स्थापित करने के लिए मृतक की हत्या जानबूझकर दुश्मनीवश की गई है। इस लिए दोषसिद्धगण को उनके द्वारा कारित अपराध के लिए मृत्युदण्ड से दण्डित किया जाना आवश्यक है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल द्वारा कोर्ट में दी गई जोरदार दलील एंव आरक्षी रविन्द्र कुमार (पैरोकार) द्वारा की गई प्रभावी पैरवी एंव साक्ष्यों के आधार पर अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह ने पांच अभियुक्त अखलाक, राशिद, रियासत, शहजाद व शमीम को आजीवन कारवारस व एक लाख चालिस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने वसूले गए अर्थदण्ड में से पचहत्तर हजार रूपए मृतक की पत्नी को देने के भी आदेश दिए है। न्यायालय के इस फैसले से पहले बेटे सलमान व फिर पिता नसीम उर्फ बब्बू को इंसाफ मिला है।

## खबर छापने के बदले रुपये मांगने का ऑडियो वायरल

**बांदा।** जिले में एक ऑडियो रिकॉर्डिंग मीडिया ग्रुपों में तेजी से वायरल हो रही है। इसमें एक तथाकथित शराबी पत्रकार खदान से जुड़े व्यक्ति से पक्ष में खबर छापने के एवज में 5 हजार रुपये मांग रहा है। ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल होने से जिले की पत्रकारिता को कलंकित करने में कोई कसर नही छोड़ी है। रिकॉर्डिंग सुनने के बाद इस पर चर्चा हो रही है कि आखिर इस तरह की हरकत कोई पत्रकार कैसे कर सकता है। बताते चलें कि गुरूवार को धीरज मिश्रा नामक व्यक्ति ने मीडिया के कई ग्रुपों में ऑडियो वायरल किया है। इसमें लखनऊ से प्रकाशित समाचार पत्र का जिला संवाददाता बालू खदान 13 ब से जुड़े व्यक्ति से स्कैनर भेजकर 5 हजार रुपये की इस एवज में मांग कर रहा है कि खदान के पक्ष में आधा दर्जन समाचार पत्रों में खबर छापी जाएगी। ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल होने से जिले में हड़कंप मचा है। हालांकि वॉयस ऑफ लखनऊ इस वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता है, फिर भी बड़ी संख्या में वरिष्ठ पत्रकारों के अलावा प्रेस क्लब बांदा के अध्यक्ष दिनेश निगम दद्दा ने ऑडियो रिकॉर्डिंग को अपने ग्रुप में भी शेयर करते हुए पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारियों से कार्यवाही की मांग की है। अब देखना है कि पत्रकारिता को बदनाम करने वाले शराबी के विरूद्ध पुलिस कार्रवाई करती है या नही।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत किया जागरूक




**महोबा।** निदेशक महिला कल्याणए जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में कंपोजिट विद्यालय ग्राम पंचायत मंगरोल कला एवं प्राथमिक विद्यालय ग्राम रगौलियाए थाना कुलपहाड़ए जनपद महोबा में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमए हस्ताक्षर अभियान एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्रध्छात्राओं एवं ग्रामीणों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि कानून के अनुसार विवाह हेतु लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं लड़के की 21 वर्ष निर्धारित है। इससे कम आयु में किया गया विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता हैए जो दंडनीय अपराध है। अधिनियम के उल्लंघन पर 2 वर्ष तक का कारावास एवं 1 लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान है। यह अपराध संज्ञेय एवं गैरजमानती है। बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि कम उम्र में विवाह से बालिकाओं के स्वास्थ्यए शिक्षा एवं भविष्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास बाधित होता है तथा वे विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं एवं घरेलू हिंसा का शिकार हो सकती हैं। शिक्षा को बालिकाओं के सशक्तिकरण का आधार बताते हुए उन्हें शिक्षित एवं जागरूक बनने हेतु प्रेरित किया गया।

# सरकार युवाओं के बेहतर करियर के लिए है प्रतिबद्धः डीएम



जिला संवाददाता

- डीएम ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की नि:शुल्क कोचिंग सेंटर का औचक निरीक्षण कर पढ़ाई की गुणवत्ता को जाना
- प्रतियोगी परीक्षाथीर्यों का उत्साहवर्धन कर आगे बढ़ने की दी प्रेरणा

**ललितपुर।** जनपद के सभी वर्गों के गरीब प्रतिभावान मेधावी व लग्नशील एवं परिश्रमी छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु राजकीय इंटर कॉलेज ललितपुर में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की अंतर्गत संचालित निशुल्क कोचिंग सेंटर का जिला अधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने आज गुरुवार को पुलिस अधीक्षक श्री मोहम्मद मुस्ताक व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रतियोगी छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद स्थापित कर पढ़ाए जा रहे अलग-अलग विषयों के समान प्रश्न पूछ कर उनकी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी व कराई जा रही पढ़ाई की गुणवत्ता को जाना।

उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी और उन्हें प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के लिए अनेकों टिप्स भी बताएं। उन्होंने विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुए कहां कि सरकार इस महत्वपूर्ण योजना से युवाओं के बेहतर करियर के लिए लगातार प्रयास कर रही है अब आप लोगों को भी यहां मन लगाकर कठिन परिश्रम के साथ पढ़ाई करनी होगी तभी आपके सपने पूरे होंगे।

उन्होंने केंद्र प्रभारी अमित शुक्ला कड़े निर्देश दिए कि वह अलग-अल प्रतियोगी परीक्षाओं के हिसाब से घंटे निर्धारित करते हुए अध्यापक वार शेड्यूल बनाकर उनके सामने प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर कुछ जिला स्तरीय अधिकारियों को भी कोचिंग के क्लास लेने के लिए लगाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बच्चों की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी उसके लिए उन्हें स्वयं भी पढ़ना पड़े तो वह पढ़ाएंगे। उन्होंने अध्यापन कराने वाले अध्यापकों का भी साक्षात्कार लेते हुए उनसे अलग-अलग विषयों के अनेक प्रश्न पूछे और और उन्हें हिदायत दी कि वह सिलेक्टेट कोचिंग संस्थानों के ऑन ऑनलाइन तैयारी को बच्चों के सामने एक्सप्लेन करें। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश व राजकीय इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल सुरेन्द्र कुमार को भी निर्देश दिए कि वह लगातार इस कोचिंग पर अपना ध्यान बनाए रखें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी भूपेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी घनश्याम भारतीय, डीआईओएस ओम प्रकाश सिंह, बीएसए रणवीर सिंह उपस्थित रहे।

## आरओ वाटर मशीन लगाने की मांग

ललितपुर। नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या- 15 अंतर्गत गांधी नगर स्थित सरकारी कन्या कम्पोजिट विद्यालय चण्डी माता मंदिर के सामने लगे हैंडपंप पर आरओ वाटर प्यूरी फायर मशीन लगाए जाने की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि गांधी नगर वार्ड संख्या-15, ललितपुर तहसील एवं जनपद का एक प्रमुख व घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों व स्थानीय निवासियों का आवागमन होता है। साथ ही उक्त सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पा रही है। हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता को देखते हुए आरओ वाटर मशीन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। लोगों ने कहा कि यदि उक्त हैंडपंप पर आरओ वाटर प्यूरीफायर मशीन स्थापित कर दी जाती है तो विद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ आम नागरिकों को भी शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी बचाव होगा।

## आपत्तिजनक फोटो व वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार




**ललितपुर।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में साइबर क्राइम थाना, ललितपुर पुलिस द्वारा पंजीकृत मामले में वांछित भवानी शंकर उर्फ भोला पुत्र पुरुषाथीर्कान्त निवासी ग्राम गहरा थाना कबरई जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि उक्त आरोपी पीड़िता के नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर, आपत्तिजनक फोटो के साथ आपत्तिजनक शब्द लिखकर पोस्ट किया गया तथा आपत्तिजनक वीडियो फेसबुक पर वायरल करने की धमकी देते हुए अवैध रुपयों की मांग की गई। पीड़िता द्वारा थाने पर तहरीर दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम थाना, ललितपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्रवाई प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पीड़िता द्वारा उपलब्ध कराए गए स्क्रीनशॉट एवं अन्य प्रपत्रों का अवलोकन एवं तकनीकी विश्लेषण किया गया। तत्पश्चात संबंधित एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर प्राप्त विवरण के आधार पर अभियुक्त भवानी शंकर उर्फ भोला को गिरफ्तार कर लिया गया।

## जीजीआईसी तालबेहट में 14 को होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

ललितपुर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब ललितपुर के अंतर्गत 14 फरवरी को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तालबेहट में स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन विषय पर कार्यक्रम प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। जिला विज्ञान क्लब समन्वय राहुल जैन ने बताया कि इस मौके पर कई लिखित कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, कार्यकारी (स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन के सम्बंधित) भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन से संबंधित पुस्तक वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश ने समस्त राजकीय शासकीय वित्तविहीन विद्यालयों को निर्देशित किया है कि सभी छात्र-छात्राओं को बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कराया जाए। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग के भी कक्षा 6-8 तक के छात्र-छात्राएं प्रतिभा कर सकेंगे।

## पुरानी जमीन के विवाद में मारपीट

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम खैरा में पुरानी जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों पर लाठी-डंडों से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। थाना बार में दर्ज एफआईआर के अनुसार ग्राम खैरा निवासी विषेन्द्र उर्फ बृजराज पुत्र कमलेश यादव ने बताया कि 11 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 3.30 बजे गांव के ही बृजेश पुत्र सूरजभान यादव उसके घर में घुस आया और पुरानी जमीन के विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर बृजेश के साथ उसके पुत्र लवकुश व दिनेश पुत्र सुजान यादव और गजरा पत्नी सूरजभान यादव भी मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी।

पीड़ित को बचाने आए उसके भाई लविम पुत्र कमलेश यादव के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। आरोप है कि जाते-जाते आरोपियों ने दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

**जिला कार्यालय-यू.पी. को आपरेटिव फेडरेशन लि., जनपद - बांदा**

**पत्रांकः पी.सी.एफ./जि.का./प्रा.स./ई-टेण्डर/2025-26/727 दिनॉकः-12.02.2026**

**अल्पकालीन ई-टेण्डर नोटिस**

पी.सी.एफ. में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले गेहूँ को जिलाधिकारी, महोदय द्वारा अनुमोदित/प्रस्तावित क्रय केन्द्रों पर क्रीत गेहूं के **हैण्डलिंग कार्य** हेतु चित्रकूट धाम, मण्डल बांदा के जनपद **बांदा** के अनुमोदित क्रय केन्द्रों हेतु पुनः ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी जिला प्रबन्धक पी.सी.एफ बांदा के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं.-8765985022 पर की जा सकती है।

**जिला प्रबन्धक**
**पी.सी.एफ.-बांदा**

# डिजिटल धोखाधड़ी पर तुरंत लगायें लगाम



संजय श्रीवास्तव




कई राज्यों के बजट से भी अधिक के डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्र सरकार को पूरे देश में एक मानकीकृत संचालन प्रक्रिया अथवा एसओपी लागू करने का निर्देश अत्यंत स्वागत योग्य है। उसने सीबीआई से डिजिटल अरेस्ट के अपराधियों की पहचानने के लिये भी कहा है और बैंकों को भी उनकी कार्यप्रणाली में खोट तथा लापरवाही ही नहीं बल्कि मिलीभगत के लिये भी लताड़ा है। वाकई 54 हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा बहुत बड़ा है। बेशक, बैंक यदि संदिग्ध लेनदेन पर ग्राहकों को सतर्क करते हैं और साइबर अपराधों की पहचान तथा जांच के लिए अंतर-एजेंसी समन्वय मजबूत रखते, तो आंकड़े शायद अलग दिखते। पर फिर भी इस पर पूरी रोक के लिये व्यापक बहुआयामी उपाय अपनाने होंगे जिसमें न सिर्फ बैंकिंग व्यवस्था सुधार, तकनीक, जन जागरूकता जैसे कारकों पर भी ध्यान देना होगा। डिजिटल युग की तेज रफ्तार ने आसान भुगतान को साइबर ठगों ने विविध तरीकों से लूट का हथियार बना लिया। वह फिशिंग ई-मेल से लिंक क्लिक करवाता है, स्मिशिंग से एसएमएस तो विशिंग फोन कॉल से ओटीपी मांगता है। स्पियर फिशिंग लक्षित व्यक्ति पर हमला करता है, तो स्किमिंग एटीएम से कार्ड डेटा चुराता है और सिम स्वैप नंबर हाईजैक करता है।
वेबसाइट स्पूफिंग बैंक साइट की नकल से, मेलवेयर डिवाइस संक्रमित करता है। जनता को स्मिशिंग-स्पियर फिशिंग से सबसे ज्यादा नुकसान होता है। क्योंकि ये रोजमर्रा के संदेश सरीखे लगते हैं। ऐसे में लगता है कि तकनीकी का जंजाल ही सबकी वजह है पर डिजिटल फ्रॉड के मामलों में सिर्फ तकनीक दोषी नहीं है अथवा महज सरकार या फिर मात्र बैंकिंग व्यवस्था बल्कि जनता की अल्पज्ञता, लोभ-लालच और भय का भी इसमें बहुत बड़ा योगदान है। जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा शिक्षाएं और आम नागरिकों को साधारण फ्रॉड के तरीकों से परिचित कराना अब अत्यंत आवश्यक है। दुर्भाग्य है कि इस खेल में बैंक भी शामिल हैं, बैंकों केवल लेनदेन का ह्लब्रोकरेज हबह्व गये जबकि उन्हें ग्राहकों की सुरक्षा के लिए सक्रिय निगरानी और अलर्ट सिस्टम लागू करना चाहिए था। यदि बैंक संदिग्ध तौरपर किसी खाते से अचानक बड़ी रकम निकासी या अंजान स्त्रोतों से फंड ट्रांसफर को समय पर चिन्हित कर सूचना की प्रणाली को ईमानदारी से अपनाते तो यह मामले काफी कम होते। म्यूल अकाउंट फ्रॉड का केंद्र हैं। म्यूल खातों द्वारा भारी राशि का अंतरण और अपराधियों द्वारा पैसों की हेराफेरी कर करोड़ों रुपये विदेशों को भेज पाना बिना बैंकों की लापरवाही और उनके इस खेल में शामिल हुये बिना संभव नहीं।

**देश के तकरीबन दस राज्यों का बजट 54 हजार करोड़ से कम है और भूटान, गुयाना, मालदीव और फिजी जैसे देश भी इससे कम बजट रखते हैं। इतनी बड़ी राशि डिजिटल फ्रॉड में गवां देना वाकई शोचनीय है। सर्वोच्च अदालत ने इसके निवारण हेतु सरकार से एक मानकीकृत संचालन प्रक्रिया देशभर में लागू करने को कहा है।**

**सामयिक**

इसकी रोकथाम के लिए आवश्यक है कि बैंक बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन, डिवाइस फिंगरप्रिंटिंग उचित प्रकार से अपनाएं तथा एआई से रीयल-टाइम मॉनिटरिंग करने के अलावा एफआईयू-इंडिया को रिपोर्टिंग और अंतर-बैंक डेटा शेयरिंग बढ़ाएं तो ये उपाय 50 फीसदी तक डिजिटल फ्रॉड रोक सकते हैं। नए खातों पर लेनदेन सीमा, लाभार्थी जोड़ने पर 'कूलिंग-ऑफ' अवधि और उच्च-जोखिम श्रेणी की सतत निगरानी प्रभावी उपाय हो सकते हैं।
फ्रॉड की जड़ें सोशल मीडिया इंटरमीडियरीज प्लेटफॉर्मों से जुड़ती हैं, फर्जी विज्ञापन, स्पूफ वेबसाइट, डीएम या मैसेजिंग के जरिए फिशिंग और म्यूल अकाउंट में धन-स्थानांतरण के ये कारक हैं। यदि सोशल मीडिया कुछ ही घंटों में संदिग्ध अकाउंट हटाए, केवाईसी डेटा जांच एजेंसियों से साझा करे, तो नेटवर्क तोड़ा जा सकता है। साइबर अपराधी कमाई को क्रिप्टो, प्रीपेड कार्ड, या लेयरिंग के जरिए बाहर भेजते हैं। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग, एफआईयू-ईडी-सीबीआई समन्वय और वर्चुअल एसेट सर्विस प्रोवाइडर्स पर सख्त नियम अनुपालन आवश्यक है। संदिग्ध विदेशी रेमिटेंस पर अस्थायी होल्ड और लाभार्थी देशों के साथ त्वरित म्यूचुअल लीगल असिस्टेंस समझौते इसमें मददगार हो सकते हैं। हालांकि सीबीआई और राज्य साइबर सेल की क्षमता बढ़ी है, डिजिटल अरेस्ट के कई मामले सुलझाए गये हैं तो पिछले साल बैंक फ्रॉड मामलों में गिरावट आयी पर राशि 3 गुना बढ़कर 36,000 करोड़ रुपये हो गई कार्ड-इंटरनेट फ्रॉड के 13,516 मामलों में 520 करोड़ की ठगी हुई और कुल डिजिटल फ्रॉड 54,000 करोड़ के पार चला गया। जाहिर है परिमाण को देखते हुए सफलता नाकाफी थी। सीमा-पार ट्रैकिंग और त्वरित डेटा-शेयरिंग में अभी भी संसाधन व अधिकार-क्षेंत्र की चुनौतियां दूर करना, साइबर अदालतें और फॉरेंसिक क्षमता बढ़ाना जरूरी है। फिलहाल अदालत को केंद्र सरकार द्वारा जारी एक एसओपी निस्संदेह समयोचित हस्तक्षेप है, पर किसी एक एसओपी के जरिये इतने बड़े और विविध स्तर पर होने वाले साइबर और डिजिटल वित्तीय अपराध को नहीं रोका जा सकता है। एसओपी के कड़ाई से पालन से कुछ मामलों को तो रोका जा सकता है, लेकिन यह पूर्ण समाधान नहीं है।
आरबीआई ने इस तरह की मानकीकृत संचालन प्रक्रिया तैयार कर रखी है, अब नये सिरे से व्यापक एसओपी तैयार करना, उसे देशव्यापी स्तर पर लागू करवाना तभी प्रभावी होगा, जब इसे वित्तीय संस्थानों, बैंक अधिकारियों, टेलीकॉम पोर्टलों और साइबर पुलिस के बीच वास्तविक समय में डेटा साझा करने और त्वरित कार्रवाई की तकनीकी सक्षमता के साथ जोड़कर व्यवहारिक तौरपर कड़ाई से लागू किया जाए। एआई आधारित अलर्ट सिस्टम को निगरानी में शामिल करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपाय है। डिजिटल साधनों के व्यापक और तीव्र विस्तार के अनुरूप डिजिटल प्राइवेसी के उल्लंघन के खिलाफ पर्याप्त कानून और सुरक्षा ढांचा विकसित नहीं हो पाया है। लाखों लोग एक ही फोन नंबर या ईमेल से कई प्लेटफॉर्म पर जुड़े हैं, जिससे फ्रॉड करने वालों को उपयोगकर्ता के प्रोफाइल तक आसानी से पहुंच मिल जाती है। आवश्यकता है कि डेटा सुरक्षा कानून को अधिक स्पष्ट, उपयोगकर्ता-केंद्रित और सख्त बनाया जाए और इसका पालन भी सुनिश्चित हो। इसके साथ-साथ डिजिटल शिक्षा, व्यापक जागरूकता, डेटा प्राइवेसी कानूनों का सख्त अनुपालन और बैंकिंग तंत्र की सक्रिय भूमिका भी अत्यावश्यक है। एसओपी आवश्यक है, पर तकनीकी ढांचे, एआई-आधारित अलर्ट, म्यूल अकाउंट पर नकेल, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, जवाबदेही और स्पष्ट मुआवजा कानून एवं त्वरित मुआवजा तंत्र के साथ जोड़े बिना यह पर्याप्त नहीं, इन सबका संयोजन ही समाधान देगा। ऐसा न हो सका तो ठगी जारी रहेगी और बैंकिंग प्रणाली में जनता का भरोसा क्षीण होगा, डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव डगमगा जायेगी।
बात डिजिटल फ्रॉड से पीडितों को मुआवजे की भी है। कोर्ट ने सरकार को पीड़ितों को पैसा लौटाने की ठोस नीति मांगी है। मुआवजे के जिम्मेदारी किसकी है? सरकार की, संबंधित बैंक की अथवा आरबीआई की? मुआवजा बैंक-सरकार का संयुक्त दायित्व लगता है पर सिद्धांततः प्राथमिक जिम्मेदारी उस बैंक या फिर भुगतान इंटरमीडियरी की होनी चाहिए जहां सुरक्षा में चूक हुई। जहां तक आरबीआई का प्रश्न है उसने डिजिटल पेमेंट बढ़ावा दिया पर कमजोर सुरक्षा के लिये वह सीधे दोषी नहीं। आरबीआई नियामक है, उसका दायित्व मौद्रिक स्थिरता और बैंकिंग निगरानी है। अगर आरबीआई मुआवजे के काम में उतरता है तो उसका यह हस्तक्षेप 'मिशन क्रीप' बनेगा, डोमेन ओवरलैप या अधिकार क्षेत्र में टकराव पैदा होगा। यदि यह धारणा बने कि हर नुकसान की भरपाई केंद्रीय बैंक करेगा, तो बैंकों और उपभोक्ताओं की सतर्कता घट सकती है। फिलहाल इतना कहना पर्याप्त होगा कि डिजिटल फ्रॉड के व्यापक अपराध के निबटने, पीडितों को समयबद्ध क्षतिपूर्ति और भरोसे के लिये के लिये हमें एसओपी तथा कानून बनाने के अलावा भी बहुत कुछ करना होगा।

## पूंजी निवेश में वृद्धि

निजी क्षेत्र एक लंबे समय से पूंजी निवेश को लेकर काफी उदासीन रहा। इसको लेकर सवाल भी उठे। कई कारण भी गिनाये गये जैसे कैपेसिटी यूटिलाइजेशन, निवेश में बाधाएं, लाल फीताशाही आदि। इसको लेकर अनेक सुधार लागू किये गये लेकिन निजी क्षेत्र निवेश को लेकर मुट्ठी बांध रहे। इस कारण सरकार सार्वजनिक निवेश बढ़ाकर आर्थिक प्रगति आगे बढ़ाती रही। लेकिन हाल के वर्षों में उठाये गये कदमों, लागू किये गये सुधार, ब्याज दरों में कटौती, बेहतर औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित होने, आधारभूत संरचना, बिजली, लैंड जैसे क्षेत्रों में उपयुक्त सुधार के बाद अब धीरे-धीरे निजी निवेश बढ़ने लगा है। निजी निवेश में सुधार इस बात की ओर इशारा करता है कि भारत की ग्रोथ स्टोरी अब लंबे समय तक ऊंची छलांग लगाती रहेगी। चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के स्थिर मूल्यों पर 7.4 फीसदी की दर से वृद्धि हासिल करने का अनुमान है। वर्ष 2024-25 में इसमें 6.5 फीसदी की वृद्धि हुई थी। कोविड-19 महामारी के बाद से भारतीय अर्थव्यवस्था की एक प्रमुख थीम लगातार उच्च सरकारी पूंजीगत व्यय रही है। महामारी के बाद आर्थिक सुधार में सहयोग करने के अलावा, विचार यह भी था कि अधिक सरकारी पूंजीगत व्यय और तीव्र भौतिक अधोसंरचना निर्माण निजी निवेश को आकर्षित करेगा। निजी निवेश कई वर्षों से सुस्त रहा है, लेकिन मध्यम से दीर्घकालिक अवधि में उच्च आर्थिक वृद्धि बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है। जैसा कि इस अखबार में मंगलवार को प्रकाशित एक विश्लेषण ने दिखाया, निजी क्षेत्र के निवेश की गति में वृद्धि



के शुरुआती संकेत नजर आ रहे हैं। करीब 700 से अधिक सूचीबद्ध कंपनियों (बैंक, वित्तीय सेवा, बीमा और तेल एवं गैस कंपनियों को छोड़कर) के अध्ययन से पता चलता है कि उनकी संयुक्त अचल परिसंपत्तियों में साल-दर-साल आधार पर 13.1 फीसदी का इजाफा हुआ। यह बढ़ोतरी चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में यानी अप्रैल से सितंबर 2025 के बीच हुई और बीते छह साल की सबसे तेज वृद्धि है। निजी क्षेत्र के निवेश में होने वाला इजाफा तेल और गैस क्षेत्र को शामिल करने पर और अधिक हो गया। आर्थिक समीक्षा में भी निजी निवेश में सुधार के संकेतों को रेखांकित किया गया। वृहद स्तर पर यह इस बात को रेखांकित करता है कि सकल घरेलू उत्पाद में सकल स्थिर पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) का हिस्सा वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में 30.5 फीसदी के स्तर पर था जबकि महामारी के पहले इसका औसत 28.6 फीसदी था। हालांकि टिकाऊ ढंग से उच्च आर्थिक वृद्धि हासिल करने के लिए जीएफसीएफ में उल्लेखनीय बढ़ोतरी करनी होगी। निजी निवेश वर्षों से कई कारकों के चलते बाधित रहा है। वर्ष 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद के वर्षों में बैंकिंग और कॉरपोरेट बैलेंस शीट अत्यधिक निवेश और ढीले ऋण मानकों के कारण गंभीर रूप से प्रभावित हुईं। इस दोहरी बैलेंस शीट समस्या को हल करने में कई वर्ष लगे। अब बैंक और कॉरपोरेट दोनों की बैलेंस शीट बेहतर स्थिति में हैं। कोविड-19 महामारी ने भी कुछ वर्षों तक विश्वास को कमजोर किया और निजी निवेश को प्रभावित किया। निवेश निर्णयों को प्रभावित करने वाले अन्य बड़े कारणों में वैश्विक व्यापार मोर्चे पर अनिश्चितता और चीन में जरूरत से ज्यादा क्षमताएं शामिल थीं। हाल ही में यूरोपीय संघ और अमेरिका सहित अन्य देशों के साथ हुए व्यापार समझौतों ने व्यापार मोर्चे पर कुछ हद तक निश्चितता प्रदान की है। हालांकि, चीन की अतिरिक्त क्षमता से जुड़े जोखिम बने हुए हैं। चीन वैश्विक बाजारों, जिनमें भारत भी शामिल है, में वस्तुओं की आपूर्ति करता रहेगा। यह निवेश निर्णयों पर भार डाल सकता है। क्षमता उपयोग लगभग 75 फीसदी के आसपास है, लेकिन वर्तमान वातावरण में कंपनियां बड़े पैमाने पर निवेश करने से पहले इसे और बढ़ते हुए देखना पसंद करेंगी। यद्यपि निजी निवेश में वृद्धि के प्रारंभिक संकेत दिखाई दे रहे हैं लेकिन इसे सहारे की आवश्यकता होगी। सरकार ने हाल के महीनों में कई सुधारात्मक कदम भी उठाये हैं।

**विचार**

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

**सोशल मीडिया**

बाबा साहब का मूवमेंट एक शरीर है, जिसमें सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक अंग जरूरी हैं। इसमें एक को भी छोड़ दिया जाये तो शरीर में बीमारी बढ़ जायेगी। मायावती.



वैदिक चेतना के महान उद्घोषक, आध्यात्मिक चिंतक, आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। सीएम योगी.



इससे पहले कि भाजपा अगले बजट का झूठ बखाने, उससे पहले जनता का हक बनता है कि पिछले बजट की सचाई जानें। भाजपाई आत्म प्रचार का बजट है यह। अखिलेश यादव.



## जीवन का सार तत्व

आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में एक ही सबसे बड़ी भूल होती है कि हम अपने आप को भूल जाते हैं और पराये अपना समझने लगते हैं। ऐसी गलती कभी-कभी भूत-पलीतों के आवेश में होती है। जिस पर वह आवेश आता है वह अपने मुंह से कुछ कहता और कुछ से कुछ बताता है। ऐसी अटपटी बातें कहता है जो उस व्यक्ति के काम की तनिक भी नहीं होती। भूत के काम की भले ही हो, इसी प्रकार ज्वर की तीव्रता में जब मनुष्य बेचैन विकल हो जाता है तब भी ऐसी बातें कहता है जिसे बकवास ही कहा जा सकता है। क्रोध के आवेश में भी लोग ऐसी ही गाली गलौज देते हैं जिन्हें वज्रमूर्खता की संज्ञा दी जा सकती है। शराब पीकर उन्मादी व्यक्ति ऐसे ही वचन बोलता है और ऐसी ही कृत्य करता है। माया को भी एक प्रकार का उन्माद माना गया है। उसकी छाया जिस पर जितनी गहरी पड़ती, वह उतना ही असंगत अव्यवहारिक और अवास्तविक बन जाता है। सबसे बड़ी भुल यह होती है कि आत्मा को शरीर और शरीर का आत्मा मानने लगता है। फलस्वरूप सारा चिंतन और क्रियाकलाप गड़बड़ा जाता है। शरीर वाहन अथवा उपकरण है। आत्मा स्वामी, ईश्वर का पुत्र या प्रतिनिधि। आत्मा को कुछ महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गये हैं और विश्वास दिलाया गया है कि इन प्रयासों को यदि ठीक तरह किया जा सके तो इसके परिणाम स्वरूप अगले दिनों उच्च स्तरीय पदोन्नति होगी। इसके अतिरिक्त शरीर ऐसा दिया गया है जैसा कि किसी और प्राणी के पास नहीं है। यह अनुकम्पा इसलिए की गयी है कि जो कार्य उच्च श्रेणी को सौंपी गये हैं उन सभी को ठीक प्रकार किया जा सके। शरीर और मस्तिष्क तथा उपलब्ध सुविधा साधन यदि इस स्तर के न मिले होते तो शायद मनुष्य इतना कुछ कर नहीं पाता जितना कि करना चाहिए। अपना अंश आत्मा को देकर भगवान ने कम अनुग्रह नहीं किया है। भूल यह हो जाती है कि शरीर की वासना और मन की तृष्णा इतनी बलवती हो उठती है कि उन्हें पूरा करने के लिए पूरा समय, श्रम, मनोयोग, खप जाता है। लगता है हम शरीर ही हैं। जो शारीरिक स्वार्थ हैं वे ही हमारे सवर्थ हैं। शरीर में भूख भौतिक आवश्यकता अन्न, वस्त्र और अच्छादन हैं। मन का प्रवाह जब ज्ञानेन्द्रियों की ओर बहने लगता है तो उनकी स्थिति भी यही होती है कि अनेक तरह के दृश्य स्वाद, स्पर्श मांगने लगती है। उनकी पूर्ति के लिए व्याकुलता होती है तो उसे वासना कहते हैं। शरीर की ही एक भाग मन की उमंगें लोभ, मोह और अहंकार के रूप में उफनती रहती हैं। यह सब मिलकर इतना जाल जंजाल खड़ा हो जाता है कि शरीर और मन की इच्छाएं पूरी करने में ही जीवन का समूचा सरतत्व खप जाता है।

**अंतर्दृष्टि**

## ...और मेरा प्रेम सेल्फियाना

**व्यंग्यलोक**

इन दिनों मैं भी प्यार का इजहार करने के इसी सेल्फियाना तरीके का प्रेमी चल रहा हूं। जब कुत्तों से प्रेम प्रदर्शित करने को मन करता है तो उनके साथ सेल्फी ले लेता हूं। जब गधों से प्रेम प्रदर्शित करने को मन करता है तो उनके साथ भी सेल्फी ले लेता हूं। जब अपनी तरह के रंगे सियारों से प्रेम प्रदर्शित करने को मन करता है तो उनके साथ सेल्फी ले लेता हूं। अब आप ही बताइए कि प्रेम के सेल्फियाना दौर में सूफीयाना प्रेम कैसे संभव होगा भला? अबके भी हर उत्सव, महोत्सव की तरह इधर आजादी का महोत्सव भी आया। उत्सव हो या महोत्सव, माफ कीजिएगा, अपने शहर में सब अब बड़ी धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ फेसबुक पर ही मनाये जाते हैं। बाकि तो छोड़िए, अब तो मरने वाले के साथ तक हर्षोल्लास के साथ सेल्फी लेने के दिन आ गए हैं। अपनों और अपने उत्सवों के प्रति प्रेम, श्रद्धा, भक्ति का प्रदर्शन करने के लिए मन में प्रेम नहीं, अपने मोबाइल से उत्सव के संग सेल्फी लेने की कुशल तकनीक होनी चाहिए बस! प्रेम, श्रद्धा, भक्ति तो अब बीते जमानों के शब्द हो गये हैं। जिसके पास यह तकनीक जितनी बेहतर है वह अपनों, अपनी परंपराओं, उत्सवों के संरक्षण में उतना ही माहिर। वैसे मैं आजादी के उत्सव का महीना आने से पहले ही दूसरे सारे जरूरी काम स्थगित कर सोचने लग गया था कि अबके किसके साथ सेल्फी ले अपने फेसबुक अकाउंट पर डालूं। देश को आजाद करवाने वालों के साथ या फिर तिरंगे के साथ। या फिर देश को चरने-चराने वाले की तस्वीर के साथ। फिर सोते सोचते मैंने सोचा कि आजादी के महोत्सव वाले दिन तिरंगे के साथ वाली सेल्फी ही अच्छी रहेगी। जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद करवाया था, उनको आज जानते ही कितने हैं? वे भी नहीं जानते जो उनकी बीजी फसल जनता के हाथों में दराटियां दे काट रहे हैं। सो मैंने फाइनली तय किया कि तिरंगे के साथ सेल्फी ले उसे अपने फेसबुक अकाउंट पर अपलोड कर मैं भी देशभक्त हो जाऊं। यह दूसरी बात है कि आजादी के इस दिन के आसपास अबके पहले से अधिक फेसबुक पर देशभक्तों की बाढ़ आ गई है। फेसबुक के सब्र का बांध टूटने के कगार पर है। जो रात को देश को पूरा चाट कर सो रहे हैं वे सुबह अव्वल दर्जे के देशभक्त बन फेसबुक पर कुल्ला, जीभमंजन कर रहे हैं। गूगल पर तिरंगों की फोटुओं की भीड़ में मैंने अपने थोबड़े से बेस्ट सूट करता तिरंगा डाउनलोड़ कर सेव किया और फिर उसे फोटोशॉप पर जाकर अपने माथे पर, गालों पर, छाती पर कट पेस्ट कर लगा लिया। बस, अब इसे फेसबुक पर डालने की देर थी। इधर मैंने पूरी मुस्तैदी से तिरंगे के साथ वाली अपनी फोटों फेसबुक पर डाली कि उधर से मेरी देशभक्ति को लेकर मेरी जमात के फेसबुकिया देशभक्तों का समुद्र उमड़ पड़ा। आह! कितना ग्रेट देशभक्त हूं मैं!



अशोक गौतम

## बैडमिंटन के क्षितिज पर चमकता हुआ सितारा



**खेल जगत**

सारिम अन्ना

'मैं जीत गई।' इस एहसास को समझने में समय लगा। बैंकाक में थाईलैंड मास्टर्स 2026 में सफलता आगमन जैसी कम और खामोश घोषणा जैसी अधिक प्रतीत हुई। मात्र 20 वर्ष की आयु में देविका सिहाग सबसे कम उम्र की और केवल तीसरी- भारतीय महिला एकल शटलर बनी हैं साइना नेहवाल व पीवी सिंधु के बाद, जिन्होंने बी डब्लू एफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 खिताब जीता है। इस प्रकार भारतीय बैडमिंटन की विशिष्ट विजेता सूची में एक और नाम जुड़ गया है। कुल ढाई लाख प्राइज पूल की यह प्रतियोगिता बैंकाक के निमिबुत्र स्टेडियम में 27 जनवरी से 1 फरवरी तक खेली गई।

'इस प्रतियोगिता में जाने से पहले मैंने अपना मन बना लिया था कि मैं हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी। शुरू से ही मैं बहुत अच्छा खेल रही थी। नंबर 1 सीड सुपानिदा (कटेथोंग) को पराजित करने के बाद मुझे विश्वास हो गया था कि मेरी कामयाबी की प्रबल संभावनाएं हैं।' देविका ने बैंकाक से लौटने के बाद बताया। पंचकुला की रहने वाली देविका की हाइट 172 सेमी है, जिसकी वजह से वह बंग्लुरु में सेंटर ऑफ बैडमिंटन एक्सीलेंस, जिसका पिछला नाम प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) था, के ट्रेनियों में सबसे लम्बे कद की लड़की हो जाती हैं। देविका के मामले में कद गारंटी की बजाय संसाधन है। वह जिस स्पीड की संभावना प्रदर्शित कर रही हैं, उसमें अभी पैनापन लाने की जरूरत है। वह कहती हैं, 'सिंधु दीदी के साथ ट्रेनिंग करने के बाद मैं साफ देख सकती हूं कि हमारी स्पीड्स में कितना अंतर है। वह खेल के उच्चतम स्तर पर खेल रही हैं। अब मुझे मालूम है कि मुझे अपने खेल में जबरदस्त गति लाने की आवश्यकता है ताकि हाई-रैंक खिलाड़ियों के साथ मुकाबला कर सकूं।' इस बिंदु तक की यात्रा कुलीन अकादमियों के नियंत्रित वातावरण से बहुत दूर आरंभ हुई थी, पंचकुला में जहां देविका अपने चार शुरूआती वर्षों में ताऊ देवी लाल स्टेडियम में कोच रोहित मंधाना की निगरानी में ट्रेनिंग करती थीं। वहां उन्होंने प्रतिस्पर्धा की रिद्म सीखी। उनके पिता अजित सिहाग जो वकील हैं और अध्यापिका माता ने उन्हें व उनके भाई को बैडमिंटन में फिटनेस के लिए प्रवेश दिलाया था। इससे पहले देविका स्केटर थीं। लेकिन जब बैडमिंटन में अच्छे नतीजे सामने आने लगे तो परिवार का नजरिया मनोरंजन से संभावना में बदल गया। इस संभावना ने 2017 में निर्णायक कदम उठाने को प्रेरित किया और देविका बंग्लुरु शिफ्ट हो गईं। पीपीबीए में वह उमेंद्र राना की निगरानी में ट्रेनिंग करने लगीं, अनुशासनात्मक व्यवस्था के तहत, जिसे अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया है। हाल के महीनों में उनकी कोर्ट शिक्षा ने एक अन्य मोड़ लिया है। वह सिंधु व विख्यात कोच इर्वान्स्याह अदि प्रतामा के साथ काम कर रही हैं, जिसकी वजह से उनकी आधुनिक खेल की समझ पैनी हो गई है। देविका कहती हैं, ह्ल'कोच इर्वान्स्याह हमेशा मुझे बताते हैं कि मेरे स्ट्रोक्स अच्छे हैं, लेकिन मुझे अपनी स्पीड व चपलता पर अधिक काम करना है।' कोर्ट से अलग 18 अप्रैल 2005 को जन्मीं देविका चितकारा यूनिवर्सिटी से स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में बीबीए कर रही हैं।

बैंकाक में जीत के बाद देविका का कहना है, 'अब लोग मुझसे अधिक की उम्मीद रखेंगे। मैं आशा कर रही हूं कि सुपर 500 व सुपर 750 प्रतियोगिताओं में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकूं। मैं उन गलतियों में सुधार लाऊंगी जो मैं बंग्लुरु में कर रही हूं। मैं हर संभव कोशिश करूंगी कि मेरे खेल में अतिरिक्त सुधार आये।' देविका का फोकस अब फिटनेस पर है। वह बताती हैं, 'हर किसी के पास अच्छे स्ट्रोक्स होते हैं, लेकिन बैडमिंटन में सफलता के लिए फिटनेस आवश्यक है। इसलिए फिटनेस के मामले में बहुत स्ट्रांग होने की जरूरत है और साथ ही स्ट्रेंथ की दृष्टि से भी हमें चरम पर होना चाहिए। मुझे विशेषरूप से अपने शरीर के निचले हिस्से में अधिक स्ट्रेंथ की जरूरत है।' घर पर जीत का जश्न संक्षिप्त व जमीन से जुड़ा हुआ रहा है। देविका ने बताया, 'मेरे पैरेंट्स वास्तव में खुश हैं और उन्होंने मुझसे कड़ी मेहनत करने के लिए कहा है। मेरे पिता मुझे बताते रहते हैं कि मैं कहां गलतियां कर रही हूं और मुझे किन पहलुओं पर काम करना चाहिए।' सितारों से आगे जहां और भी हैं। देविका ने अभी एक मील का पत्थर पार किया है, इससे आगे का सफर बहुत लम्बा है और सपने भी बड़े हैं।

## आपकी बात

### हाइवे पर दुर्घटनाएं

हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रसे वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न मेरीफेरल एक्सप्रे वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। दरअसल देश में फर्राटा भरने वाली सड़कें तो तेजी के साथ बन एवं बढ़ रही हैं लेकिन लोगों को ट्रैफि क सेंस की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गयी हैं। ये दुर्घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तेज स्पीड के कारण होती हैं।
हाइवे का मतलब यह नहीं होता कि उस पर हवाई जहाज की रफ्तार से फर्राटा भरने लगें। प्रायः यह देखा जाता है जाता है कि तेज रफ तार के कारण गाड़िया आगे बढ़ने के चक्कर में बगल वाली गाड़ी टक्कर मार देती हैं और इस तरह खुद के और दूसरों के जान के लिए खतरा बनी रहती हैं। हाईवे निर्माण के साथ अब यह भी जरूरी है कि लोगों को ट्रैफिक नियमों पालन एवं यात्रा के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपाय की भी जानकारी दी जाये। देश में हर साल लगभग डेढ़ लाख जानें दुर्घटनाओं में चली जाती हैं। अगर ट्रैफिक नियमों एवं सुरक्षा उपायों के साथ यात्रा की जाये तो इसमें भारी कमी आ सकती है। हाइवे पर स्पीड सबसे बड़ा दुर्घटना का कारण है इसलिए सरकार प्रत्येक सड़क पर अधिकतम और न्यूनतम स्पीड को तय करे और इसी पूरी निगरानी रखे। जो भी स्पीड लिमिट का उल्लंघन करें पर कार्रवाई हो।

**संजीव श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सरकारी उद्यमों को करें मजबूत

सरकारी बैंकों की संख्या लगातार कम हो रही है। अब बीस से घटकर दस-बारह की पीएसयू बैंक रह गये हैं। राष्ट्रीयकृत बैंकों में जिस तरह से खराब ऋण वितरण के कारण एनपीए बढ़ा उसके कारण अब सरकार को एक-एक करके बैंकों का विलय कर उनकी संख्या कम करनी पड़ी। अब बैंकों का बोझ उठाने के लिए सरकार तैयारनहीं है, यही कारण है कि बीते पांच-छह साल में करीब एक दर्जन सरकरी बैंक दूसरे बैंकों में विलीन हो गये हैं। अब कुल 12 राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं और इन्हें भी कम करके चार-पांच रखने की कोशिश हो रही है। बैंकिंग व्यवस्था में रीढ़ की हड्डी रहे सरकारी क्षेत्र के बैंक अगर कराह रहे हैं और दिन प्रति दिन देश में प्राइवेट सेक्टर बैंकिंग ऊंचाईयां छू रही हैं तो इसके पीछे सरकारी बैंकों के अधिकारियरों एवं कर्मचारियों की घटिया कार्यप्रणाली भी जिम्मेदार है।
आज भी सरकारी बैंक के कर्मचारी अपने को सरकारी कर्मचारी मानते हैं और ठीक से काम न करना अपना पुश्तैनी अधिकार मानते हैं। सरकारी बैंकों में जिस तरह सरकारी कल्चर हावी है उसे अगर दूर न किया गया तो प्राइवेट बैंकों के सामने टिक नहीं पायेंगे। देश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले सरकारी क्षेत्रों के बैंकों की स्थिति आजकल ठीक नहीं है। इनके प्रबंधकों एवं कर्मियों की मनमानी, भ्रष्टाचार और लापरवाही ने आज दुनिया के सबसे बड़े सरकारी बैंकिंग तंत्र को बीमार कर पूरी तरह से आईसीयू में डाल दिया है। लोग बड़े आराम से बैंक का पैसा पार कर दे रहे हैं।

**राजेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## सपा ने चुनाव आयोग पर खड़े किये गंभीर सवाल

अयोध्या। एसआईआर के बाद बड़े पैमाने पर अयोध्या महानगर के 300 बूथों पर 72,971 ( बहत्तर हजार नौ सौ इकहत्तर) लगभग मतदाताओं को नोटिस भेजने की तैयारी चल रही है निवर्तमान महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने आरोप लगाया कि अयोध्या महानगर के सभी बूथों के मतदाताओं को बड़े पैमाने पर नोटिस भेजी गयी जबकि उनकी मैपिंग 2003 के अनुसार हो चुकी है अब उनसे जो त्रुटियां चुनाव आयोग ने खुद की है उसमें भी मतदाताओं को परेशान किया जा रहा है जैसे अगर उनके पिता या दादा की आयु में अन्तर है तो उनको प्रमाण देना है बल्कि उन्हीं के द्वारा जारी वेब साइट पर पहली लिस्ट जो स्कैन की गयी थी डाली गयी उसमे उसकी उम्र सही थी फिर दूसरी टाइप की गयी लिस्ट डाली उसमे उम्र गलत थी उसने पुरानी स्कैन लिस्ट से एसआईआर फार्म भरा फिर आपने नयी लिस्ट में उम्र बदल दी ये गलती चुनाव आयोग की है अब जितने आपने उससे संबंधित मैपिंग की सब गलत तो इसमे मतदाता को क्यू परेशान किया जा रहा है।

# कमिश्नर ने देखी तहसील की व्यवस्था

जिला संवाददाता



- खामियों पर सख्ती, ब्लॉक रुदौली की हैचरी बनी मिसाल
- ब्लॉक रुदौली का किया भी किया निरीक्षण, की सराहना

रूदौली-अयोध्या। गुरुवार की दोपहर करीब एक बजे निर्धारित समय से पहले मंडलायुक्त राजेश कुमार डीएम निखिल टीकाराम फंडे के साथ तहसील रुदौली पहुंचे। मंडलायुक्त राजेश कुमार का पुलिस बल द्वारा औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया। सम्मान ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने वार्षिक निरीक्षण की शुरूआत कर दी। उनके साथ जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे भी मौजूद रहे। समय से पूर्व पहुंचने पर प्रशासनिक अमले में हलचल देखी गई और अधिकारी अपने-अपने अनुभागों में सक्रिय नजर आए, रुदौली तहसील परिसर में मंडलायुक्त ने सबसे पहले भूलेख अनुभाग का निरीक्षण किया। दाखिल-खारिज के लंबित प्रकरणों की फाइलें खंगाली गईं। कई मामलों में अनावश्यक विलंब पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। अभिलेखों के अव्यवस्थित संधारण और सेवा पुस्तिकाओं के अद्यतन न होने को गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाई गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि लंबित प्रकरणों की सूची बनाकर प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद उन्होंने तहसीलदार न्यायिक न्यायालय का निरीक्षण किया। एक साधारण प्रार्थना पत्र पर मुकदमा लंबे समय से लंबित मिलने पर उन्होंने जवाब तलब किया। मंडलायुक्त ने कहा कि न्यायिक कार्यों में देरी से आमजन का विश्वास प्रभावित होता है। आपत्तियों के निस्तारण के लिए अधिकतम एक सप्ताह की समयसीमा तय कर शीघ्र आदेश पारित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड रूम, नजारत, स्टांप अनुभाग और शिकायत कक्ष का भी अवलोकन किया गया। साफ-सफाई और दस्तावेजों के सुरक्षित रखरखाव पर विशेष बल दिया गया। जनसुनवाई व समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कागजी कार्रवाई नहीं, बल्कि जमीनी समाधान दिखना चाहिए। तहसील परिसर से निकलते समय बनगांवा गांव की वृद्ध विधवा मंगाला रोते हुए मंडलायुक्त के समक्ष पहुंचीं। उन्होंने बताया कि शासन से मिले भूमि पट्टे पर दबंगों ने कब्जा कर रखा है। मंडलायुक्त ने तत्काल एसडीएम को जांच कर कब्जा दिलाने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं तहसील निरीक्षण के बाद मंडलायुक्त विकास खंड रुदौली पहुंचे, जहां उन्हें पुनः गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ब्लॉक सभागार में उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचायत विकास कार्य, स्वयं सहायता समूह और अन्य योजनाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता, श्रमिकों के समय से भुगतान और कार्यस्थलों पर सुविधाओं की उपलब्धता की विस्तार से जानकारी ली गई। उन्होंने निर्देश दिया कि पारदर्शिता बनाए रखते हुए हर पात्र लाभार्थी तक योजना का लाभ पहुंचे। ब्लॉक परिसर में स्थापित हैचरी इकाई का निरीक्षण विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। मंडलायुक्त ने हैचरी की स्वच्छता, तकनीकी व्यवस्था और उत्पादन प्रणाली की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह इकाई उत्कृष्ट रूप से संचालित हो रही है और इसे मॉडल परियोजना के रूप में विकसित किया जा सकता है। स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को और गति देने पर बल दिया। खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी एवं उनकी टीम की कार्यशैली की सराहना करते हुए सकारात्मक पहलों को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में मंडलायुक्त राजेश कुमार एवं जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने ब्लॉक परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लगाए गए पौधों की देखभाल सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान अपर आयुक्त राजेश कुमार झा, मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, डीसी मनरेगा महेंद्र देव पाण्डेय जिला विकास अधिकारी, एसडीएम रुदौली संतोष कुमार, नायब तहसीलदार रुदौली शेखर शुक्ला, नायब तहसीलदार मवई राज नारायन मौर्य, सओ आशीष निगम, सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) भगवान दीन, राकेश चैधरी एडीओ पंचायत, रवीश मिश्रा एडीओ (समाज कल्याण), मनोहर उपाध्याय एडीओ युवा कल्याण अधिकारी, क्राइम इंस्पेक्टर शत्रुघ्न यादव, एसओ मवई सुरेश पटेल, भेलसर चैकी प्रभारी युवराज सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। वार्षिक निरीक्षण ने जहां तहसील प्रशासन को व्यवस्थाएं सुधारने का सख्त संदेश दिया, वहीं ब्लॉक रुदौली की हैचरी और विकास कार्यों ने सराहना बटोरी।

## बालिकाओं के अधिकार और महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन



बाराबंकी। बालिकाओं के अधिकार व महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम विषय पर राजकीय बालिका इण्टर कालेज पर विधिक साक्षरता एंव जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे सिविज जज सी0डी0/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शिवानी रावत ने छात्राओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि इस शिविर का उद्देश्य समाज के हर वर्ग में बालिकाओं के अधिकारों के प्रति समझ बढ़ाना और इन्हें सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। बालिकाएं हमारे समाज की नींव और भविष्य की निमाताएं हैं। उन्होने आगे कहा कि महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 में यौन उत्पीड़न की व्यापक परिभाषा शामिल है। जिसमें शारीरिक संपर्क, अनुरोध यौन अनुग्रह के लिए, यौन संबंधी टिप्पणियाँ, अश्लील साहित्य दिखाना, या किसी भी प्रकार का अवांछित यौन व्यवहार शामिल है। प्रधानाचार्य नन्दिता सिंह ने कहा आगामी 22 फरवरी को जी0आई0सी0 आडिटोरियम में होने वाले मेगा वृहद जागरुकता व सेवा शिविर के सफल आयोजन हेतु लघु शिविर का भी आयोजन कर बालिकाओं को निःशुल्क मिलने वाली राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। और चिन्हित लाभार्थियों को लाभ दिलाये जाने का आश्वासन दिया गया।

## अनधिकृत डग्गामार के खिलाफ पीटीओ ने की कार्यवाही



बाराबंकी। परिवहन विभाग ने अवैध रूप से संचालित अनाधिकृत डग्गामार सहित प्राइवेट का कमर्शियल उपयोग करने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना वैध परमिट, अनफिट और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को सीज कर जुर्माना वसूला गया। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज हाइवे पर यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने अनाधिकृत डग्गामार व प्राइवेट का कमर्शियल उपयोग करने वाले 2 वाहनो को थानो मे निरुद्ध किया। तथा अन्य अभियोगो मे 28 चालान किये।

## प्रदेश की अर्थव्यवस्था का स्केल बदलने वाला साबित होगा बजटः राकेश वर्मा कर्रा



बाराबंकी। वित्त एंव संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा पेश किये गये बजट पर वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने बजट को दूरदर्शी करार दिया। उन्होने कहा कि यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था का स्केलह बदलने वाला साबित होगा। बजट के लिए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही सभी वर्ग का विकास करेगा। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों और महिला सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होने आगे कहा कि यू0पी सरकार ने बजट मे पर्यटन और संस्कृति को विशेष महत्व देते हुये कई महत्वपूर्ण घोषणाये की है। योगी सरकार ने अब तक सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत किया है। इस बजट मे विकास, वित्तीय अनुशासन व भविष्य तीनो को समान महत्व दिया गया है। तथा किसान, युवा, महिला व छात्र-छात्राओ सहित हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। भाजपा नेता श्री कर्रा ने बजट के लिए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का आभार व्यक्त किया है।

# पहली पत्नी को झांसा देकर रचायी दूसरी शादी

जिला संवाददाता

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के गांव सनाहा निवासी एक युवक ने परिजनों को झांसे में रखकर गैर प्रांत में एक महिला से शादी कर ली। इसे झांसा देकर कुछ दिन पहले गांव आ गया। परिजनों ने दूसरी शादी तय कर नई दुल्हन ला दिया। इसकी भनक पहली पत्नी को लगी तो प्रीतिभोज के दिन अपनी छः माह की बच्ची लेकर पति के घर आ धमकी। फिर एतराज जताते हुए हंगामा किया।बात पुलिस और थाना तक पहुंची। आरोप है कि गाँव निवासी जय शंकर पुत्र रमेश कुमार ने लगभग 6 साल पहले दिल्ली में काम काज के दौरान एक महिला से शादी कर ली। दोनों के बीच एक लड़की भी पैदा हो गयी। लेकिन इसकी जानकारी अपने घर वालों को नहीं दी। कुछ दिन पहले घर आया तब परिजनों ने इसकी शादी मिल्कीपुर क्षेत्र में तय कर दी। युवक ने बीते मंगलवार को बारात के साथ जाकर दूसरी शादी रचा ली। बुधवार को प्रीतिभोज का आयोजन था। इसकी भनक पहली पत्नी को लग गई।तब वह गांव में आ धमकी। विरोध जताते हुए हंगामा कांटा। पहली पत्नी ने शिकायत दर्ज कराते हुए तहरीर पुलिस को सौंपी। दिन भर सुलह समझौते का दौर चला लेकिन पुलिस ने यह कहते हुए हाथ खड़ा कर लिया। और कहा कि मामला परिवाद का है। जो सीधे न्यायालय में सुना जायेगा। रौनाही प्रभारी निरीक्षक लाल चन्द्र सरोज ने बताया कि जो बात पहले से साबित होती है। उसकी विवेचना नहीं की जाती है।मामले में न्यायालय का जैसा आदेश होगा वही किया जायेगा।

# राम नगरी में भक्तों का स्वागत करेगा लक्ष्मण द्वार

जिला संवाददाता

- एनएच-330ए पर बन रहा भव्य लक्ष्मण द्वार, 3,970.50 लाख रुपये की लागत से हो रहा निर्माण
- पिंक सॉलिड स्टोन से सजेगा प्रवेश द्वार, अयोध्या-गोण्डा मार्ग की बढ़ेगी गरिमा



अयोध्या। राम की नगरी अब भक्तों के लिए और अधिक आकर्षक व स्वागतमय बन रही है। राम मंदिर के दर्शनार्थ आने वाले लाखों श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत करने के लिए एनएच-330ए (अयोध्या-गोण्डा मार्ग) पर एक शानदार लक्ष्मण द्वार का निर्माण तेजी से चल रहा है। यह प्रवेश द्वार अयोध्या की धार्मिक गरिमा को और निखारने के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह भव्य लक्ष्मण द्वार देईपुर/कटरा भागचंद्र अहतमाली क्षेत्र में 40 मीटर चैड़े मार्ग पर बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को इस परियोजना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुल निर्माण लागत 3,970.50 लाख रुपये निर्धारित की गई है। द्वार को पिंक सॉलिड स्टोन से सजाया जाएगा, जो इसे राजसी एवं आकर्षक बनाएगा। पिंक स्टोन का उपयोग न केवल सौंदर्य बढ़ाएगा, बल्कि यह स्थानीय शिल्प कौशल को भी प्रदर्शित करेगा और अयोध्या की प्राचीन वास्तुकला से प्रेरित होगा। राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर रविंद्र यादव ने बताया कि वर्तमान में परियोजना का 35 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और अक्टूबर तक पूरा लक्ष्मण द्वार तैयार हो जाएगा। लक्ष्मण द्वार के बनने से यह मार्ग धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व का प्रतीक भी बन जाएगा। रामायण काल में लक्ष्मण जी के भाई राम के प्रति समर्पण की याद दिलाता यह द्वार भक्तों के मन में श्रद्धा एवं उत्साह का संचार करेगा। अयोध्या विकास की इस नई परियोजना से न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश का धार्मिक पर्यटन नक्शा और चमकदार हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में धार्मिक स्थलों का विकास एवं पर्यटन संवर्धन प्रमुख स्थान रखता है। अयोध्या में राम मंदिर के लोकार्पण के बाद यहां पर्यटकों एवं तीर्थयात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। लक्ष्मण द्वार का निर्माण इसी दिशा में एक और कदम है, जो न केवल श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। स्थानीय व्यापारियों, होटलों, परिवहन सेवाओं और अन्य सेवाओं से जुड़े लोगों को इससे प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

# जन व्यापारी उद्योग व्यापार मण्डल ने किया पुष्प वर्षा और प्रसाद वितरण का आयोजन

- मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी नवाबगंज ने कांवरियो मे किया प्रसाद वितरण
- कांवर लेकर जा रहे शिव भक्तों की सेवा करना पुनीत कार्यः आनन्द तिवारी



बाराबंकी। पटेल तिराहा स्थित अमर शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट शंकर दयाल वाजपेई के स्मारक पर जन व्यापारी उद्योग व्यापार मण्ड़ल के तत्वाधान मे पुष्प वर्षा एंव प्रसाद वितरण का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द तिवारी व विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट कमिश्नर खाद्य शैलेन्द्र सिंह, जन व्यापारी उद्योग व्यापार मण्ड़ल प्रदेश महामंत्री व भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक रोहिताश्व दीक्षित, जिला बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष बृजेश कुमार दीक्षित ने संयुक्त रुप से भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा अर्चना कर किया। तथा गंगाजल लेकर लोधेश्वर महादेवा जा रहे कांवरियों पर पुष्प वर्षा एंव प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी श्री तिवारी ने कहा कि कांवर लेकर जा रहे शिव भक्तों की सेवा करना पुनीत कार्य है। इस अवसर पर संजय वर्मा, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष मो0 अकील, जिलाध्यक्ष अंकुर जैन, जिला महासचिव मुजीबुद्दीन अंसारी, शशीकांत गुप्ता, एड़वोकेट श्रवण सिंह, हसन अब्बास, सरदार सतपाल सिंह, बाहुबली जैन, डी0वी सिंह, हिमांशु अवस्थी, अखिलेश वर्मा, संतोष गुप्ता, नितिश जैन, प्रदीप मिश्रा, तेज जैन, राजनाथ वर्मा, संतोष गुप्ता, राजाराम चाट मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न



बहराइच । जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रियान्वित की जा रही पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा हेतु विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन करते हुए अधि.अभि. जल निगम सूरज वर्मा ने बताया कि आर.पी.डब्लू.एस.एस. अन्तर्गत अब तक 362 योजनाओं की आई.डी. बनायी जा चुकी है। डीएम ने निर्देष दिया कि समस्त ग्रामों की आई.डी. शीघ्र बनाना सुनिश्चित करें। श्री वर्मा ने बताया कि 36 राजस्व ग्राम का जल सेवा आंकलन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, शेष का कार्य प्रगति पर है। डीएम ने निर्देश दिया कि समस्त लक्षित ग्रामों में एक सप्ताह के अन्दर कार्य पूर्ण कराया जाय। नल जल मित्र की समीक्षा के दौरान बताया गया कि कार्यवाही प्रारम्भ करा दी गयी है तथा दो नल जल मित्र का नामिनेशन कराया जा चुका है तथा शेष की सूंची जिला पंचायत राज अधिकारी बहराइच द्वारा तैयार करायी जा रही है। इस सम्बन्ध में डीएम द्वारा अधिशासी अभियन्ता एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए उक्त कार्य को यथा शीघ्र पूर्ण कराते हुए पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

अधि.अभि. श्री वर्मा ने बताया कि कार्यदायी फर्म मेसर्स पी.एन.सी.-एस.पी.एम.एल.(जे.वी.), द्वारा 599 नग पाइप पेयजल योजनाओं में से 75 नग पाइप पेयजल योजनाओं में शिरोपरि जलाशय के माध्यम से पानी का संचालन किया जा रहा है जिसमें से 36 नग पाइप पेयजल योजनाओं को पूर्ण करते हुए राख-रखाव कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। वर्तमान में फर्म द्वारा जिन पाइप पेयजल योजनाओं का कार्य 90 से 80 प्रतिशत पूर्ण है उनको प्राथमिकता पर कार्य पूर्ण कराते हुए रख-रखाव में ले जानें हेतु लक्षित किया गया है। 64 नग पाइप पेयजल योजनाओं पर मार्च 2026 तक कार्य पूर्ण कराकर रख-रखाव में लानें हेतु लक्षित किया गया है। डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि वितरण प्रणाली बिछाये जानें हेतु खोदी गयी सड़कों को पुर्नस्थापना कार्य में विशेष ध्यान दिया जाये ।

## धोखाधड़ी के मामले में जेल में निरुद्ध सहायक डायरेक्टर को मिली हाईकोर्ट से राहत

अयोध्या। मोबाइल ऐप एलजीएलएफ वर्क ग्रुप नामक कम्पनी का गठन कर लोगों से दुगने व्यापारिक लाभ के लिए कूटरचित दस्तावेज के सहारे निवेशकों का लाखों रुपए जमा कराकर फरार होने के मामले में जेल में निरूद्ध मुख्य आरोपित सहायक डायरेक्टर हरिकृष्ण गुप्ता को हाईकोर्ट लखनऊ खंडपीठ से भारी राहत मिली है। मामले में सुनवाई के पश्चात हाईकोर्ट से जमानत मिलने के पश्चात अधिवक्ता रणधीर पाण्डेय ने आरोपित सहायक डायरेक्टर की जेल से रिहाई के लिए एक-एक लाख के बंधपत्र जेएम तृतीय के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। यह मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र का है। वादी मुकदमा अभिषेक चतुवेर्दी निवासी आदर्शनगर बड़ी देवकाली थाना कोतवाली नगर अयोध्या की ओर से एक मुकदमा गोसाईगंज थाना में अपराध संख्या 181/2025 बीएनएस की धारा 318/(4) सहित कई आपराधिक धाराओं में दर्ज कराया था। जिसमें कहा गया कि एक मोबाईल ऐप एलजी एलएफ वर्क ग्रुप कम्पनी बनाकर पैसा दोगुना कराने के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार किया गया था। इस कम्पनी में अभिषेक चतुवेर्दी सहित कई लोगों ने निवेश किया था। लेकिन आरोपितों ने लोगों को गुमराह करते छल द्वारा निवेशकों का पैसा लेकर फरार हो गये थे। यह मुकदमा चार लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ था।

## जनपद स्तरीय पाककला प्रतियोगिता में विशेश्वरगंज प्रथम



बहराइच । जनपद स्तरीय पी एम पोषण (मध्यांह भोजन योजना) पाक कला का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय अमीर माह में धूमधाम से आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि वित्त एवम लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा वीरेश कुमार वर्मा रहे। निर्णायक मंडल में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बहराइच के प्रधानाचार्य एवं गृह विज्ञान के प्रवक्ता शामिल हुए ।कार्यक्रम में सभी विकास खंडो से चयनित रसोईया ने प्रतिभाग किया, जिसमें प्रथम पुरस्कार विकासखंड विशेश्वरगंज की रसोइयों ने, द्वितीय पुरस्कार विकासखंड फखरपुर की रसोइयों ने तथा तृतीय पुरस्कार नगर क्षेत्र की रसोइयों ने प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार के रूप में 3500 रुपए का चेक, द्वितीय पुरस्कार के रूप में ?2500 का चेक तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में ?1500 के चेक के साथ रसोइयों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इनके अतिरिक्त सभी प्रतिभागी रसोइयों को यात्रा भत्ता के रूप में ?300 तथा सांत्वना पुरस्कार के रूप में ?300 खातों में आरटीजीएस के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे। सभी विकासखंड के रसोइयों ने मीनू के अनुसार उत्कृष्ट पाक कला का प्रदर्शन करते हुए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जिसका निर्णय निर्णायक मंडल में शामिल राजकीय इंटर कॉलेज की प्रवक्ता नीतू राय तथा प्रधानाचार्य किरण देवी द्वारा किया गया। समस्त कार्यक्रम जिला समन्वयक मध्यानह भोजन योजना राकेश कुमार मिश्र की देखरेख में संपादित हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा ने सभी रसोइयों को मीनू के अनुसार अपने विद्यालयों में स्वच्छ एवं अच्छा भोजन बनाने के साथ बच्चों के पोषण संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बेसिक शिक्षा विभाग से जिला समन्वयक निर्माण श्री राकेश कुमार सिंह, जिला समन्वयक निपुण संतोष कुमार सिंह, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा , अनुराग कुमार शर्मा जिला समन्वयक समेकित, शिक्षा लाल जी दुबे जिला समन्वयक डॉ इसरार खान , कार्यालय सहायक देवेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# चोरी की मोटरसाइकिल जब्त अभियुक्त पकड़ा गया

बहराइच । पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम एवं चोरी व वाहनो की चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व चोरो की गिरफ्तारी व चोरी गये वाहनो की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय नानपारा श्री पहुप सिंह के कुशल नेतृत्व व प्रभारी निरीक्षक श्री रमेश सिंह रावत के पुलिस टीम द्वारा दिनांक 11.02.2026 को क्ऊढ चौराह से पचपकड़ी मार्ग पर गश्त के दौरान एक मोटरसाइकिल पर 03 व्यक्ति संदिग्ध तीनो व्यक्तियों को रोककर नाम पता पूछा गया तो तीनो ने अपना नाम क्रमशः 01. साहरुप खाँ उर्फ टोर्रा पुत्र मो0 सफीक खाँ उम्र 22 वर्ष 2. अरमान खाँ पुत्र नफीस खाँ उम्र करीब 21 वर्ष 03. नफीस खाँ पुत्र सरीफ खाँ उम्र करीब 42 वर्ष निवासीगण मलऊपुरवा डुडुवा ग्राम पालिका वार्ड संख्या 04 जिला बांके थाना कमदी राष्ट्र नेपाल बताये तथा गाड़ी के कागजात व भागने का कारण पूछा गया तो कोई प्रपत्र नहीं दिखा सके तथा मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेण्डर वढ32ट30297 थाना नानपारा से चोरी कर नेपाल ले जाना बताये ।पुलिस टीम द्वारा और कड़ाई से पूछताछ करने पर उक्त अभियुक्तों द्वारा चकिया जंगल में झाड़ी में छुपाये 09 अदद अन्य चोरी की मोटरसाइकिल को पुलिस टीम द्वारा बरामद किया गया ।जिसे उक्त अभियुक्तों द्वारा भिन्न भिन्न स्थानों से चोरी किया जाना बताये जो थाना नानपारा, थाना रिसिया, थाना रामगाँव, थाना कोतवाली नगर, थाना कोतवाली देहात, थाना दरगाह शरीफ, इन्दिरा नगर लखनऊ, जानकीपुरम लखनऊ, जनपद लखीमपुर खीरी, जनपद गोण्डा से सम्बन्धित है ।मौके पर उक्त तीनो अभियुक्तों को उनके जुर्म का बोध कराते हुए दिनांक 12.02.2026 को समय 01.13 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया । फर्द बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर बनाम उपरोक्त पंजीकृत किया गया एवं बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही अभियुक्त को पेशी हेतु माननीय न्यायालय सदर बहराइच रवाना किया गया ।

# नेपाल-भारत बॉर्डर डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेशन की बैठक संपन्न

बहराइच । भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा, शांति व्यवस्था एवं प्रभावी समन्वय को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नेपालगंज, बांके में आयोजित नेपाल-भारत बॉर्डर डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेशन मीटिंग सम्पन्न हुई। जिसमें नेपाल राष्ट्र के बांके व बर्दिया तथा भारत के बहराइच जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का शुभारम्भ दोनो देशों के राष्ट्रगान के गायन से हुआ।

बैठक के दौरान मौजूद अधिकारियों द्वारा सीमा स्तंभों की सुरक्षा और रखरखाव, नो मेन्स लैंड की पवित्रता बनाए रखना, सीमा पर अपराध नियंत्रण के लिए सहयोग और समन्वय, मानव तस्करी, नशीली दवाओं की तस्करी, माल की तस्करी, नकली मुद्रा, अपराध जांच के लिए सहयोग और समन्वय, आपदा प्रबंधन के लिए सहयोग, सूचनाओं का आदान-प्रदान तथा नेपाल में संघीय संसदीय चुनाव 2026 के लिए सहयोग पर चर्चा की गई।

बैठक का शुभारम्भ करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने भारत-नेपाल के ऐतिहासिक एवं मैत्रीपूर्ण संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि खुली सीमा जो वन से आच्छादित भी है, दोनों देशों के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण है, किन्तु सीमा की संवेदनशीलता को देखते हुए सतत निगरानी एवं समन्वित कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के मध्य त्वरित सूचना आदान-प्रदान तंत्र को और अधिक सक्रिय रखने पर बल दिया।बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब, वन्यजीव एवं अवैध लकड़ी तस्करी तथा मानव तस्करी की रोकथाम के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। दोनों पक्षों द्वारा सीमा से सटे संवेदनशील एवं वन क्षेत्रों में समन्वित एवं सघन गश्त बढ़ाने, रात्रिकालीन पेट्रोलिंग को प्रभावी बनाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखने पर सहमति व्यक्त की गई। सीमा शुल्क, वन, पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों के मध्य समन्वित कार्रवाई के माध्यम से अवैध व्यापार एवं तस्करी की गतिविधियों पर संयुक्त रूप से अंकुश लगाने का निर्णय लिया गया।

पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा सीमा पार से संचालित आपराधिक नेटवर्क के विरुद्ध प्रभावी एवं लक्षित कार्रवाई करने, थाना एवं चैकी स्तर पर नियमित संपर्क बनाए रखने तथा फील्ड स्तर पर सशस्त्र सीमा बल एवं सशस्त्र पुलिस बल के मध्य फ्लैग बैठकें निरंतर आयोजित करने पर बल दिया गया। नेपाल पक्ष के अधिकारियों द्वारा भी पूर्ण सहयोग का आश्वासन प्रदान किया गया तथा आपात अथवा संवेदनशील परिस्थितियों में त्वरित समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक के दौरान डीएम व एसपी ने नेपाल के अधिकारियों को आश्वस्त किया गया कि नेपाल में आसन्न संघीय संसदीय चुनाव 2026 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने में हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक के अन्त में दोनों देशों के अधिकारियों ने फोटो सेशन में प्रतिभाग किया तथा एक दूसरे को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

नेपाल साइड से सीडीओ बर्दिया गोगन बहादुर हमल, बांके के दिल कुमार तमंग, एसीडीओ बांके महेश कुमार गुरूंग व पूर्ण बहादुर खत्री व बर्दिया अशोक कुमार भण्डारी, एसपी बर्दिया सरोज पाउडेल व बांके के अंगुर जी.सी., एसपी शस्त्र पुलिस बल बर्दिया दिनेश कुमार महत व बांके के भीम बहादुर चंद, डीआईडी बर्दिया रमेश सिंह दंगा व बांके के हरीशपाउडेल, एएसपी शस्त्र पुलिस बल बांके ईश्वर दंगी छेत्री, डीएसपी शस्त्र पुलिस बल बीएस कम्पनी जमुनहा तीरथ राज न्यूपाने सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में सड़क जाम कर किसानों ने किया प्रदर्शन

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन टिकैट के राष्ट्रीय आह्वान पर किसानों ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में सिविल लाइन स्थित तिकोनिया पार्क से प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट गेट पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने किसानों को समझाकर मार्ग से किनारे करवाया। इसके बाद किसानों ने अपनी रणनीति पर चर्चा की और जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम प्रशासन को सौंपा।

वही महिला जिला अध्यक्ष सुमन पांडे ने कहा कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील किसानों के हित में नहीं है।

संक्षेप

## पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर** ।जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने पाक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में वांछित अभियुक्त पर सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।मु0अ0 सं0 187/25 धारा 76, 352, 351 (3), 64 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) व 3/9 पाक्सो एक्ट में नामजद अभियुक्त रंजीत निषाद पुत्र पतिराज निषाद निवासी ककरवारपुर काफी समय से फरार चल रहा है।पुलिस द्वारा लगातार दबिश देने के बावजूद अभियुक्त गिरफ्तारी से बचता रहा, जिस पर अब विधिक प्रक्रिया के तहत कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार न्यायालय से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर अभियुक्त के विरुद्ध धारा85 बीएनएसएस के अंतर्गत कुर्की की कार्रवाई शीघ्र अमल में लाई जाएगी।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून से भागने वाले किसी भी अभियुक्त को बख्शा नहीं जाएगा और न्यायालय के आदेशों का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

## वकील की हत्या के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**सलोन, रायबरेली**। लायर्स बार एसोसिएशन सलोन की कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बार एसोसिएशन रामपुर द्वारा पारित एक दिवसीय प्रस्ताव के समर्थन में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।बैठक में तय किया गया कि 11 फरवरी को जनपद रामपुर के अधिवक्ता फारुख अहमद की जघन्य हत्या के विरोध में 12 फरवरी को समस्त अधिवक्ता पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य से विरत रहे।साथ ही उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश गौतम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी तथा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को जल्द लागू किए जाने की मांग की जाएगी।इस आशय का प्रस्ताव पारित कर ज्ञापन प्रेषित किया गया तथा सभी से सहयोग की अपील की गई।बैठक में एडवोकेट लालता प्रसाद यादव, मो. ताहिर, जगदीश प्रसाद मौर्य, ज्ञानेंद्र कुमार त्रिपाठी, उमेश कुमार त्रिपाठी, गिरजेश मिश्रा, पवन कुमार श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार त्रिपाठी, अमित कुमार शुक्ला, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, सिद्धांत कुमार श्रीवास्तव, कुलदीप कुमार, इन्देश द्विवेदी, रामानुज पांडेय सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## श्वान को बचाने में बाइक सवार घायल

हलिया, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया-ड्रमंडगंज मार्ग पर पुरवाऔसान सिंह गांव में बृहस्पतिवार की सुबह कुत्ता को बचाने में बाइक चालक सड़क पर गिर गया, जिससे चालक सहित सवार घायल हो गये एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहा चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद एक को ट्रामा सेण्टर रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के पुरवाऔसान सिंह गाव निवासी सतीश (38) सवार हथेडा गांव निवासी महेश (35) दोनों एक बाइक पर बैठ कर कहीं जा रहे थे कि जैसे ही पूरवा औसान सिंह गांव के गांव पहुंचे कि सामने से कुत्ता आ गया जिसको बचाने में बाइक सहित असंतुलित हो कर सड़क पर गिर कर घायल हो गए गए ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सतीश को ट्रामा सेंटर मिजार्पुर रेफर कर दिया है। दूसरे का इलाज चल रहा है।

# शिक्षा से ही संस्कार व संस्कार से समाज, राष्ट्र का होता है निर्माण



**रायबरेली** ।शिक्षा से ही संस्कार एवं संस्कार से समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है । उक्त उद्गार सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत बेलाखारा स्थित आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के निर्माण में शिक्षा व संस्कृति को भलीभाँति पहचान कर उसको क्रियान्वित करने वाले लोग ही समाज के उत्थान में अपना योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय एक मंदिर है जिसमें बैठा ईश्वर स्वयं गुरु जन जन का कल्याण करने के लिए शिक्षक के रूप में जन्म लेते है ।उन्होने कहा कि जब कभी कठिन समय होता है तो ज्ञान और सद्बुद्धि ही समाज की नैया पार करती है जिसमें शिक्षकों का बहुत योगदान होता है । उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए प्रदेश सरकार ने तमाम योजनाएं चलायी हैं जिससे बालिकाओं की शिक्षा पर बल देने की आवश्यकता है ।इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक देवेन्द्र कुमार सिंह समस्त विद्यालय स्टाफ, उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं सम्मानित अभिभावकों से आत्मीय संवाद किया। सदर विधायक ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विकसित भारत की सशक्त एवं उज्ज्वल नींव यही छात्र-छात्राएँ हैं, जो अपने आत्मविश्वास, परिश्रम और संकल्प के बल पर राष्ट्र को उच्च शिखर तक पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

## आई केयर नेत्र जांच केंद्र व चश्मा घर का हुआ उद्घाटन

**हलिया, मीरजापुर**। हलिया बाजार में मां आई केयर नेत्र जांच केंद्र व चश्मा घर का गुरुवार को फीता काटकर उद्घाटन किया गया है जांच केंद्र पर डॉक्टर ओपी सिंह वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी व डॉक्टर शालिनी सिंह वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी द्वारा मोतिया बिंद का आपरेशन, नाखुना का आपरेशन, नासूर का आपरेशन, आँखों से पानी आना कम दिखाई देना और आँखों की सभी बीमारियों का इलाज किया जायेगा, चश्मा घर में सभी ब्रांडेड चश्मा फ्रेम उपलब्ध है ब्रांडेड फ्रेम पर 20 प्रतिशत की छुट दिया जायेगा,उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में दिलीप सिंह गहरवार जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, इंस्पेक्टर सिंह शिवम, अवनीश सिंह, नृपेंद्र सिंह, मोहित, डॉक्टर संदीप सिंह, त्रिलोक नारायण सिंह, संतोष सिंह, जय सिंह गोलू, रोहित सिंह, नवनीत सिंह, आदि मौजूद रहे

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिव्यांगों को पहचान में होगी आसानी : बीईओ

जिला संवाददाता (vol)

- प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में कार्यरत 34 लोकेटेड आंगनबाडी कार्यकत्री को दिया गया प्रशिक्षण

**रायबरेली**। गांवों में दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मुंशीगंज बीआरसी में 10 से 12 फरवरी को प्रशिक्षण दिया गया।ब्लॉक संसाधन केंद्र मुंशीगंज में तीन दिनों तक चले प्रशिक्षण में सन्दर्भदाताओं ने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा से लेकर उनकी देखभाल के बारे में जानकारी दी गई।

ब्लॉक संसाधन केंद्र के प्रशिक्षण के बारे में बीईओ बृजलाल ने बताया कि राही में संचालित प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में कार्यरत को 34 लोकेटेड आंगनबाडी कार्यकत्री को इक्कीस प्रकार की दिव्यांगता से सम्बन्धित जानकारी दी गई तथा यूडीआईडी कार्ड बनवाने की प्रकिया के विषय में बताया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण से अब आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिव्यांग बच्चों को पहचानने में आसानी होगी। सन्दर्भदाता के रूप में मल्लिका सक्सेना तथा नरेश कुमार सक्सेना द्वारा तीन दिवसीय लोकेटेड आंगनबाडी कार्यकत्री का प्रशिक्षण सम्पन्न कराया। आज समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी राही बृजलाल वर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर आशीष, नीरज, अभिषेक, मनीष मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।




## मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सुलतानपुर ओवर ऑल चैंपियन



**सुलतानपुर (वीओएल)**। पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन धूमधाम से हुआ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक शिक्षा निदेशक कौस्तुभ कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि डायट प्राचार्य हरकेश यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर रहे। सुलतानपुर ने 459 अंक से ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता, जबकि 234 अंकों के साथ अमेठी दूसरे और अंबेडकरनगर 184 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। दिन भर चली प्रतियोगिता में वॉलीबॉल बालिका में सुलतानपुर प्रथम, अम्बेडकरनगर द्वितीय, हैंडबॉल बालिका में सुलतानपुर प्रथम, बाराबंकी द्वितीय, वहीं बालक में सुलतानपुर बना विजेता, अम्बेडकरनगर उप विजेता रहा।कबड्डी जूनियर बालक में अमेठी बना विजेता सुलतानपुर इसमें उप विजेता रहा। खो-खो प्राथमिक बालक में अयोध्या विजेता और सुलतानपुर उप विजेता, जूनियर बालिका लंबी कूद में अम्बेडकरनगर की महक पटेल प्रथम सुलतानपुर की अनुश्री द्वितीय रही। ऊंची कूद में सुलतानपुर की इच्छा सिंह प्रथम वहीं अमेठी की सेजल द्वितीय रही स 400 और 600 मीटर दौड़ में अनुश्री ने बाजी मारी स 200 मीटर में अम्बेडकरनगर की अंजलि प्रथम सुलतानपुर की मुस्कान द्वितीय रही स व्यक्तिगत चैंपियनशिप प्राथमिक बालक में सुल्तानपुर के जोहिद बालिका संवर्ग में अयोध्या की वैष्णवी वहीं जूनियर बालक संवर्ग में अमेठी के आजाद बालिका में सुलतानपुर की अनुश्री मिश्रा रही स इसके अतिरिक्त, लंबी कूद, ऊंची कूद और के मुकाबले भी सम्पन्न हुए।जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी ने बताया कि विजेता बच्चे राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेंगे स इस अवसर पर सभी शिक्षक संघों के पदाधिकारी शिक्षक प्रशिक्षक व विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## सेमिनार में लोगों को टीडीएस-टीसीएस के बारे में किया गया जागरूकता




**सुलतानपुर (वीओएल)**।आयकर विभाग (टीडीएस) लखनऊ के आयुक्त पुनीत कुमार एवं अपर आयकर आयुक्त सौरभ दूबे के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सुलतानपुर के सभागार में टीडीएस/टीसीएस से जुड़े संशोधित एवं नए प्रावधानों तथा विभिन्न टैन के विरुद्ध लंबित बकाया मांगों को लेकर सेमिनार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयकर अधिकारी (टीडीएस) सुलतानपुर संतोष कुमार पांडेय ने वित्त अधिनियम 2025 के तहत नए शामिल टीडीएस/टीसीएस प्रावधानों, संशोधनों और संबंधित त्रुटियों पर विस्तार से चर्चा की।साथ ही टैन पर लंबित मांग, बार-बार दाखिल किए गए सुधार विवरण और पूर्व में पाए गए गैर-अनुपालन के मामलों के परिणामों पर भी जानकारी दी गई ।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जे.सी. सरोज, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लालजी व डॉ. हरेंद्र नाथ वरुण सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षक, बीपीएम और लेखा सहायक मौजूद रहे।सेमिनार में कुल- 57 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डीडीओ/ लेखाधिकारियों एवं चिकित्सकों के प्रश्नों का समाधान भी विभागीय टीम द्वारा किया गया।

# महाशिवरात्रि पर बाबा बाल्हेश्वर मंदिर में एक लाख के लगभग पहुंचेंगे श्रद्धालु : कीर्ति

**लालगजा, रायबरेली।** रायबरेली जनपद के लालगंज क्षेत्र में स्थित बाबा बाल्हेश्वर मंदिर एक प्रसिद्ध शिव मंदिर है, जो अपनी अनोखी कहानी और चमत्कारों के लिए जाना जाता है। यह मंदिर लगभग 500-600 वर्ष पुराना है और यहां के शिवलिंग की स्थापना पांडव पुत्र भीम ने की थी।मंदिर के गुंबद पर लगा त्रिशूल सूर्य की गति के सापेक्ष परिवर्तित होता रहता है, जो इसकी विशेषता है।मंदिर और सरोवर की दूसरी ओर भगवान श्री राम का भी भव्य मंदिर है जहां वह भगवान शेषनाग और लक्ष्मी जी के साथ विराजमान है। मुख्य पुजारी पंडित झिलमिल जी महाराज कहते हैं कि बाबा बाल्हेश्वर के नित्य दर्शन पूजन करने से प्रत्येक श्रद्धालु की मन मांगी मुराद पूरी होती है।



श्री जनकल्याण समिति के अध्यक्ष सुशील पांडे और वरिष्ठ समाजसेवी अनुज अवस्थी मंदिर की स्थापना के बाबत बताते हैं कि एक गाय मालिक की गाय घर में दूध नहीं देती थी जब मालिक ने गाय के पीछे जाकर देखा तो वह आज जहां बाबा बाल्हेश्वर का शिवलिंग स्थापित है वहीं पर दूध गिरा देती थी, उस स्थान की खुदाई हुई तो भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग दिखाई पड़ा। उस किसान को भगवान शिव ने उसे स्वप्न में आकर शिवलिंग की मौजूदगी का अहसास कराया, जिसके बाद मंदिर का निर्माण हुआ।हालांकि उसके बाद ऐहार के ही तिवारी परिवार के द्वारा मंदिर का निर्माण कराया गया। नव वर्ष,महाशिवरात्रि और अन्य पवित्र त्योहारों के साथ-साथ सावन माह में यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है, और यहां के मुख्य पुजारी पंडित झिलमिल जी महाराज द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ बाबा का अभिषेक किया जाता है। कांवरिया भी भारी संख्या में पहुंचते हैं।मंदिर परिसर में एक सरोवर भी है, जिसमें सब तीर्थों का जल लाकर डाला गया था। वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने भी मंदिर में पहुंचकर दर्शन पूजन किया था।मुख्यमंत्री की ही प्रेरणा से वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व विधायक राकेश सिंह ने मंदिर के सामने शेड डलवा कर भव्यता प्रदान करने का कार्य किया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित श्रृंगार समारोह में पूर्व विधायक राकेश सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

## बैंक कर्मियों की हड़ताल से कारोबार प्रभावित

**सुलतानपुर (वीओएल)**।यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर गुरुवार को जनपद में बैंक कर्मियों ने हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे बैंकिंग कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा।हड़ताल के चलते बैंकों में लेनदेन ठप रहा और आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के जिला अध्यक्ष कॉम अशोक शुक्ला के नेतृत्व में बैंक कर्मचारियों ने शहर में विशाल जुलूस निकालकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।प्रदर्शन के दौरान बैंक कर्मी शहर के विभिन्न निजी बैंकों में भी पहुंचे और वहां कार्यरत कर्मचारियों से हड़ताल में शामिल होने तथा समर्थन देने की अपील की।हड़ताल का मुख्य मुद्दा बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू किए जाने और श्रम कानूनों को समाप्त कर चार श्रम संहिताएं लागू किए जाने के विरोध से जुड़ा रहा।स्टेट बैंक परिसर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कॉम अशोक शुक्ला ने कहा कि पूर्व में सरकार के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह पर सहमति बनी थी, लेकिन अब सरकार अपने वादे से पीछे हट रही है, जिससे बैंक कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चारों श्रम संहिताएं वापस नहीं ली गईं, तो बैंक कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। यूनियन के अनुसार हड़ताल के कारण जिले में लगभग 1000 करोड़ रुपये का बैंकिंग कारोबार प्रभावित हुआ है।प्रदर्शन में कॉम आर.सी. शुक्ला, कॉम आलोक सिंह, कॉम पवन तिवारी सहित दर्जनों बैंककर्मियों ने हिस्सा लिया।

## एम्स में शुभम चयनित, क्षेत्र का नाम किया रोशन

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)**।चांदा क्षेत्र के शफीपुर स्थित राम मनोर्थ इंटर कॉलेज के संस्थापक श्री राम मनोर्थ यादव के पौत्र शुभम यादव पुत्र वसंत कुमार यादव का चयन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में रेडियोलॉजी टेक्निशियन के पद पर हुआ है। शुभम की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।शुभम ने अपनी 12वीं तक की शिक्षा राम मनोर्थ इंटर कॉलेज, शफीपुर से ही प्राप्त की।अपनी मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने ऑल इंडिया रैंक में 48वीं तथा कैटेगरी रैंक में 16वीं रैंक हासिल कर यह महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। अपनी सफलता का श्रेय शुभम ने अपने माता-पिता, परिवारजनों एवं गुरुजनों को दिया ।उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग से ही यह मुकाम हासिल कर सके हैं।शुभम की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अधिवक्ता की हत्या के विरोध में वकीलों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)**। रामपुर में अधिवक्ता फारूख अहमद खान की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना को लेकर अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। गुरुवार को बार एसोसिएशन जयसिंहपुर के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रभात सिंह के माध्यम से सौंपकर पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, एक आश्रित को सरकारी नौकरी तथा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की।ज्ञापन में कहा गया कि रामपुर में अधिवक्ता फारूख अहमद खान की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिससे अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।अधिवक्ताओं ने कहा कि कानून के रखवालों की ही सुरक्षा सुनिश्चित नहीं है तो न्याय व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कानून और ठोस सुरक्षा व्यवस्था जरूरी है। अधिवक्ताओं ने मांग की कि मृतक अधिवक्ता के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी सेवा में समायोजित किया जाए। साथ ही अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हों।इस दौरान रविशंकर मिश्र (अध्यक्ष), देवानंद पाण्डेय (महासचिव), राजनरायन मिश्र, विजयशंकर शुक्ल, अरविंद सिंह, रमाकांत मिश्र, राजबहादुर तिवारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

## अवैध निर्माण को लेकर एडीए ने भेजी नोटिस, चर्चा जोरों पर

जिला संवाददाता (vol)

**आजमगढ़**। हरिहरपुर क्षेत्र में अवैध निर्माण को लेकर आजमगढ़ विकास प्राधिकरण (एडीए) की कार्रवाई अब सियासी रंग लेने लगी है।एडीए ने समाजवादी पार्टी के नेता पप्पू कुमार यादव को कारण बताओ नोटिस जारी कर 120 वर्गमीटर क्षेत्रफल में भूतल पर कराए जा रहे निर्माण को बिना अनुमति बताया है। प्राधिकरण के अनुसार, आरोग्य औषधि केंद्र के पास किया जा रहा निर्माण एडीए के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए बिना स्वीकृति के कराया गया है।सक्षम प्राधिकारी राहुल विश्वकर्मा की ओर से जारी नोटिस में पप्पू कुमार यादव को कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही लिखित जवाब और निर्माण से संबंधित अनुमति एवं प्रयोजन के दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है।नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्माण बिना अनुमति पाया जाता है तो अधिनियम की धारा 26(1) के तहत अर्थदंड सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई, यहां तक कि ध्वस्तीकरण भी किया जा सकता है।इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है।

खास बात यह है कि कुछ दिन पूर्व हरिहरपुर में ही संगीत महाविद्यालय के सामने भाजपा बूथ अध्यक्ष का मकान अल सुबह घने कोहरे में एडीए द्वारा ध्वस्त कर दिया गया था। उस कार्रवाई को लेकर भी विपक्ष ने सवाल उठाए थे।फिलहाल निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि पप्पू कुमार यादव प्राधिकरण को क्या जवाब देते हैं और एडीए आगे क्या कदम उठाता है।

## आशा बहुओं ने डीएम से लगायी गुहार, सौंपा ज्ञापन



**सुलतानपुर (वीओएल)**।जिले की आशा बहुओं की एसआईआर में ड्यूटी लगाए जाने को लेकर नाराजगी जाहिर की है। गुरुवार को आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष आशा बहु कुसुम लता यादव के नेतृत्व में दर्जनों आशा बहुओ ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया।इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को ज्ञापन सौंपते हुए एसआईआर ड्यूटी से हटाकर मूल कार्य में लगाए जाने की मांग की है।प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि आशा बहु के रूप में वे अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं देने का कार्य करती हैं, लेकिन एसआईआर ड्यूटी लगने से उन्हें काफी परेशानी हो रही है।इससे वे अपने गांव और क्षेत्र के लोगों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं करा पा रही हैं, जिससे ग्रामीणों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आशा बहुओ ने डीएम से मांग की है कि उन्हें शीघ्र एसआईआर ड्यूटी से हटाकर पुनः मूल स्वास्थ्य कार्य में लगाया जाए, ताकि गांव में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें।ज्ञापन के दौरान जिला मंत्री सरला सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष देवकी यादव, ममता सिंह, राकेश्वरी पांडेय, सुमन, मीरा सिंह, शिव कुमारी सहित अन्य आशा बहुए मौजूद रही।

## शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



**महराजगंज, रायबरेली**।आगामी रमजान, होली और महाशिवरात्रि पर्वों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से महराजगंज थाना परिसर में गुरुवार शाम को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों धर्मों के लोगों को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने भाईचारा व कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने की अपील की।वहीं क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने पर विशेष जोर दिया गया।कोतवाल जगदीश यादव ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें जिससे समय पर राहत दिलाई जाए।बैठक में दोनों समुदायों के धार्मिक गुरु के अलावा हाजी जियाउलहक ,पंकज गुप्ता, उमेश चंद्र मिश्रा, जुगुन तिवारी , रिंकू चैधरी, प्रदीप लोधी व जनप्रतिनिधि और संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा की प्रशिक्षण बैठक संपन्न

**रायबरेली**।डीएम हर्षिता माथुर व एसपीरवि कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाओं को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न कराने हेतु तैनात किए गए जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक के साथ प्रशिक्षण बैठक संपन्न हुई।



प्रशिक्षण बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि 18 फरवरी से 12 मार्च तक संचालित होने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए जनपद में 107 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।परीक्षा दो पालियों में होगी, प्रथम पाली का समय प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे एवं द्वितीय पाली का समय अपरान्ह 2 से 5:15 बजे तक रहेगा। परीक्षाओं को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न करने के लिए जनपद को नौ जोन एवं 19 सेक्टर में विभाजित करते हुए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र में स्टैटिक मजिस्ट्रेट केंद्र, व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं। यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में कुल विद्यार्थी 38,026 जिसमें बालक 19,178 व बालिकायें 18,848 शामिल है तथा इंटरमीडिएट में कुल विद्यार्थी 31,635 जिसमें बालक 15,721 व बालिका 15,914 शामिल है।कुल परीक्षार्थियों की संख्या 69,661 है। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में कन्ट्रोल रूम बनाया गया है, जिसमें परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनिटरिंग की जायेगी। डीएम ने कहा कि सभी नामित जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट आवंटित परीक्षा केंद्रों का समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण करते हुए केंद्र पर प्रभावी नियंत्रण रखेंगे तथा अपने संबंधित परीक्षा केंद्रों के स्टैटिक मजिस्ट्रेट मॉनिटरिंग करते हुए परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक परीक्षा तिथि एवं पाली पर उनकी उपस्थिति में सुनिश्चित कराएंगे। परीक्षा में तैनात जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। डीएम ने कहा कि जोनल मजिस्ट्रेट परीक्षा अवधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने एवं केन्द्रों पर अवांछित भीड़ इकट्ठा न होने देने के दृष्टिगत पुलिस दल के साथ परीक्षा अवधि में अपने जोन के परीक्षा केन्द्रों में नियमित दौरा करेंगे। जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा परीक्षा केन्द्रों से न्यूनतम 01 किमी की परिधि में फोटो कापियर्स एवं स्कैनर का संचालन परीक्षा अवधि में पूर्णतया प्रतिबंधित कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रत्येक दिन दोनों पालियों की परीक्षाओं में केन्द्रों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करेंगे।परीक्षा केन्द्रों में नकल की रोकथाम के लिये सेक्टर मजिस्ट्रेट का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व होगा।

## लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर प्रगति पुरम मोड़ के पास ट्रक बना आग का गोला




**रायबरेली**। थाना मिल एरिया क्षेत्र के प्रगति पुरम मोड़ के पास लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर एक ट्रक में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गया।आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उनका नजारा प्रगति पुरम कॉलोनी से भी साफ दिखाई दिया। धुएं और तेज आवाजों से हाईवे पर हड़कंप मच गया, वाहन चालकों में दहशत फैल गई।घटना की सूचना पर पुलिस व दमकल विभाग मौके पर पहुंचा।हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रक और उसमें रखा सामान पूरी तरह स्वाहा हो गया।

संक्षेप

## पुलिस की बोली लगाने वाले रीलबाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मथुरा। सोशल मीडिया पर सस्ती लोकप्रियता पाने के चक्कर में पुलिस को खुली चुनौती देने वाले युवक को गोवर्धन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल किया था, जिसमें उसने सिपाही से लेकर पूरे थाने तक की ह्लरेट लिस्टह्ल गिनाते हुए उनकी बोली लगाई थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों इंस्टाग्राम पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें रॉबिन नाम का युवक बड़े



ही बेबाक अंदाज में पुलिस विभाग का मजाक उड़ा रहा था। उसने वीडियो में बोली लगाने वाले इस युवक ने हवलदार - 1,000 रुपये, इंस्पेक्टर- 10,000 रुपये और पूरा पुलिस स्टेशन - 1 लाख रुपये का बताया था। थाना गोवर्धन प्रभारी भगवत सिंह गुर्जर ने बताया कि पुलिस टीम सोशल मीडिया पर नजर रखने के साथ-साथ मुखबिरों के जरिए आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि आरोपी रोबिन पुत्र रईश निवासी देवसेरस को गांठौली- देवसेरस बम्बा की पुलिया के पास घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। इसके पास से एक तमंचा बरामद हुआ है।

## डीएम ने की फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी ने म्सीडीओ शत्रोहन वैश्य के साथ फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक की,बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिले के विभिन्न गांवों में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों का जायजा लिया, समीक्षा के दौरान धीमी प्रगति वाले ग्राम सचिवों को सख्त हिदायत देते हुए स्पष्ट किया, कि शासन की प्राथमिकता वाली इस योजना में किसी भी प्रकार की शीथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो भी कर्मचारी इस कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं, अगर उनके प्रदर्शन में सुधार नहीं आया, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी, जिलाधिकारी ने प्रत्येक गांव में शत-प्रतिशत किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्री करने के निर्देश दिए, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंच सके, मुख्य विकास अधिकारी को नियमित रूप से फील्ड रिपोर्ट की निगरानी करने और प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। अंत में डीएम ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों के हित के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और इसमें देरी का अर्थ है, किसानों को उनके अधिकारों से वंचित करना, उन्होंने सभी अधिकारियों को टीम भावना से काम करते हुए, समय सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया, बैठक के दौरान उपनिदेशक कृषि और जिला कृषि अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# रामपुर के वकील की हत्या पर मथुरा में आक्रोश, प्रदर्शन



मथुरा। रामपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ता फारूक अहमद खान की हत्या से आक्रोशित मथुरा बार एसोसिएशन के वकीलों ने आज कलैक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। बार अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह और महासचिव मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्रा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने प्रदेश में वकीलों पर बढ़ते हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई और कहा कि हाल के समय में अधिवक्ताओं के साथ हो रही हिंसक घटनाओं ने कानून पेशे से जुड़े लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। उन्होंने सरकार से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी और स्थायी कानूनी प्रावधान लागू करने की मांग की। बार अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। यदि वे ही सुरक्षित नहीं रहेंगे तो आम नागरिकों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया भी प्रभावित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। महासचिव मनोज कुमार शर्मा ने रामपुर की घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि लगातार हो रही घटनाओं से अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रदेश सरकार से अधिवक्ता संरक्षण कानून शीघ्र लागू करने तथा न्यायालय परिसरों और अन्य स्थानों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापक स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

# छाता चीनी मिल चालू करने को लेकर किसानों का फ्लैग मार्च

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा,छाता। अखिल भारतीय किसान सभा मथुरा के बैनर तले भारी संख्या में क्षेत्रीय किसान चौमुंहा से छाता शुगर मिल तक ट्रैक्टर रैली लेकर पहुंचे। किसानों ने छाता चीनी मिल गेट पर अपनी मांगों मंगवाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार छाता सचिन पवार को एक ज्ञापन सौंपा।

12 फरवरी दिन गुरुवार को बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान अखिल भारतीय किसान यूनियन मथुरा के बैनर तले ट्रैक्टर ट्राली रैली निकलते हुए चौमुंहा से छाता पहुंचे। छाता चीनी मिल गेट पर उन्होंने धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की वहीं कुछ देर बाद किसानों के बीच तहसीलदार छाता पहुंचे और किसानों की बातों सुना किसानों अपनी मांग रूपी ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा और मांग की हमारे ज्ञापन को उत्तर प्रदेश सरकार तक भेजा जाए और हमारी मांग पूरी कराई जाए, किसानों की मुख्य मांग चीनी मिल चलवाने की है वही बेरोजगारी ,कर्ज माफी, किसानों को एसपी गारंटी,पेंशन, बिजली बिल, खाद बीज व अन्य समस्या है वह पूरी की जाए वही किसानों ने मोदी सरकार को कोसते हुए भी नारेबाजी की ।छीतर सिंह ने बताया कि जनपद मथुरा के किसानों की प्रमुख मांगे चीनी मिल चलाई जाए, उन्होंने कहा कि किसान बचाओ देश बचाओ। देश को आजादी दिलाने में किसान मरा। आज किसान आत्महत्या कर रहा है , गौरों से भी हम लड़े और कालों से भी हम लड़ेंगे। लड़ाई जा रही है, आज कमाने



वाले पीड़ित हैं, और लूटने वाले मौज कर रहे हैं इस मौके पर छीतर सिंह एडवोकेट,गजेंद्र सिंह, जयवीर सिंह, लियाकत , कल्ली पहलवान, हरवीर, कपिल गौड़,कल्लन,नत्थीलाल, लीलाधर, सुनील, चेतराम, मानवेंद्र सिंह, दिनेश सिसौदिया , रवि सिसौदिया, प्रेमपाल, राधा कृष्ण, गौरव सिंह, अंजली आर्य,सुमन, बेबी, पूनम, आदि मौजूद रहे ।

# कृषक इंटर कॉलेज : विदाई समारोह में छलकी जूनियर की आंखें



टूंडला। कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा में फेयरवेल का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें जूनियर छात्रों ने अपने सीनियरों को भावभीनी विदाई दी,इस मौके पर जूनियर छात्रों की आंखें छलक आई, शिक्षा के स्तर और सामाजिक जीवन में छात्रों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। शुभारंभ करते हुए विद्यालय प्रबंधक ब्रजेश उपाध्याय ने कहा कि लगातार एक साथ रहने से दुश्मन भी दोस्त हो जाते हैं यहां तो छात्र छात्राओं ने कई वर्ष एक साथ बताएं हैं, विद्यालय भी एक परिवार की तरह होता है, ।संस्थाध्यक्ष संतोष उपाध्याय ने कहा कि छात्र छात्राओं और गुरुओं का संबंध बहुत अटूट होता है जीवन में आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। मिस फेयरवेल रागिनी और मिस्टर फेयरवेल अर्पित पाठक को चुना गया। छात्रा तमन्ना ने स्वयं के द्वारा बनाया हुआ प्रबंधक का चित्र उन्हे भेंट किया। मंच का संचालन पायल और लवी शर्मा ने किया। इस मौके पर सुनील जैन अमित उपाध्याय गोकुल चंद्र गौतम सुरेश पचौरी शीर ध्वज शर्मा सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

# राज्यसभा में गूंजा मथुरा वृंदावन गोवर्धन परिक्रमा में बढ़ती भीड़ का मुद्दा



मथुरा। मथुरा-वृंदावन-गोवर्धन में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भारी भीड़ का मुद्दा अब संसद के उच्च सदन तक पहुंच गया है। राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने सदन में सभापति के समक्ष यह विषय उठाते हुए कहा कि ब्रजभूमि में उमड़ रही अपार भीड़ को देखते हुए यहां मेट्रो या रैपिड ट्रेन जैसी आधुनिक परिवहन व्यवस्था शुरू की जानी चाहिए। उनका कहना था कि बढ़ती भीड़ के कारण ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा रही है और स्थानीय लोगों के साथ-साथ श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर बृज प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं एन यू जे आई राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद ठाकुर अरुण सिंह को ब्रज वासियों की तरफ से बहुत-बहुत बधाई उन्होंने ब्रज की मांगों को ब्रज की परेशानियों को राज्यसभा में रखा और ब्रज में गोवर्धन एवं वृंदावन और मथुरा में मेट्रो ट्रेन चलाने की मांग की और कहा कि ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए, जिससे दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी तकलीफ ना हो और ब्रज में प्रदूषण और ट्रैफिक जाम की व्यवस्था से मुक्ति मिले आज बृजवासियों का श्री अरुण सिंह ने दिल जीत लिया। उन्होंने मथुरा-वृंदावन केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक बताया है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्त श्रीकृष्ण जन्मभूमि, बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर, गोवर्धन और अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। विशेष अवसरों, पर्वों और छुट्टियों के दौरान यह संख्या कई गुना बढ़ जाती है, जिससे शहर की सड़कों पर लंबा जाम लगना आम बात हो गई है। उन्होंने सदन में कहा कि ब्रज की ह्लरजह्ल का अपना आध्यात्मिक महत्व है. वृंदावन, गोवर्धन और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिक्रमा करने आते हैं. इनमें अनेक श्रद्धालु दंडवती परिक्रमा करते हैं, जिसमें वे लेट-लेटकर परिक्रमा करते हैं ताकि ब्रज की पवित्र रज उनके शरीर पर लगे। धार्मिक मान्यता है कि ब्रज की रज मस्तक पर लगने से मोक्ष की प्राप्ति होती है. इस आस्था के कारण यहां श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में मेट्रो नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। जहां पहले देश में केवल पांच मेट्रो परियोजनाएं थीं, वहीं अब 26 से अधिक शहरों में मेट्रो सेवाएं संचालित या निमार्णाधीन हैं। ऐसे में मथुरा-वृंदावन जैसे अंतरराष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन स्थल को भी आधुनिक परिवहन सुविधा से जोड़ा जाना चाहिए।

- सांसद अरुण सिंह ने की मेट्रो-रैपिड ट्रेन चलाने की मांग

# किसान से लूटपाट करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने लूट की रकम के साथ दबोचा

फिरोजाबाद। थाना नसीरपुर क्षेत्र के करनपुर की पुलिया के पास से गेहूं बेचकर लौट रहे किसान से उसके ही गांव के एक युवक ने अपने साले के साथ मिलकर 89 हजार से भरे थैले को लूटकर भाग गए। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले जीजा को करनपुर की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। जबकि साला व उसका साथी अभी फरार है। पुलिस आरोपी के पास से लूट की 70 हजार रुपए के साथ अभिलेख बरामद हो गए। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

बताते चलें हरिओम पुत्र गीतम सिंह निवासी ग्राम रुपवास थाना मटसैना जनपद इटावा गेहूं बेचने गये थे। गेहूं बेचकर 89 हजार से साथ हाइवे से सर्विस रोड़ होते हुए ग्राम रूपवास लौट रहे थे कि तभी करनपुर पुलिया अंडरपास के पास किसान के गांव के एक युवक ने अपने जीजा, उसके साथी के साथ मिलकर बाइक से किसान हरिओम के हाथ से रूपयों की थैली व मोबाइल फोन लूटकर भाग गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाश अखिलेश पुत्र मोहन निवासी ग्राम रूपवास थाना मटसेना के रूप में शिनाख्त हुई। उसी के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से लूट के 70 हजार रुपए, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो बरामद की। जबकि एक अन्य आरोपी मुलायम सिंह पुत्र गिरन्द सिंह निवासी ग्राम नगला आशा थाना लाईनपार जिला फिरोजाबाद, अज्ञात की तलाश में दबिश दी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सोलंकी ने बताया कि आरोपी अखिलेश, मुलायम जीजा साले हैं। दोनों ने एक अन्य अज्ञात के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया है। लूट के आरोपी अखिलेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह सोलंकी, उपनिरीक्षक जितेन्द्र पाल राजौरिया, अतुल शर्मा, अजय कुमार, कॉस्टेबल सत्यवीर सिंह हैं।

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर डीएम और एसएसपी ने किया निरीक्षण



टूंडला। महाशिवरात्रि के पावन पर्व दृष्टिगत डीएम रमेश रंजन और एसएसपी सौरभ दीक्षित द्वारा संयुक्त रूप से तहसील टूंडला अंतर्गत थाना पचोखरा क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया गया, निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य व्यवस्थाओं का जायजा लेना साथ ही सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन करना था,इस अवसर पर डीएम और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस व्यवस्था में लगे अधिकारियों से उनकी तैयारी के संबंध में जानकारी ली, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी टूंडला ने बताया कि सर्वाधिक भीड़ वाले संवेदनशील स्थानों पर 24 घंटे एंबुलेंस तैनात रहेगी, चिकित्सकों की विशेष टीम अनवरत ड्यूटी पर तैनात रहेगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके, जबकि बीडीओ ने कहानिहाल सिंह की पुलिया तजापुर और रजावली मार्ग पर विशेष कैंप बनाए गए हैं, इन शिविरों में शुद्ध पेयजल, दूध और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, ताकि आने वाले दर्शनार्थियों और कांवड़ियों को कोई परेशानी न उठानी पड़े, अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया की कावड़ मार्ग पर लटके हुए ढीले तारों को दुरुस्त करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। ताकि किसी भी दुर्घटना को रोका जा सके, जबकि एसडीएम टूंडला ने जानकारी दी कि क्षेत्र के सभी अत्यधिक भीड़ वाले बिंदुओं को चिन्हित कर लिया गया है, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सड़कों के टूटे-फूटे किनारो की मरम्मत कराई जा रही है, ताकि आवागमन में कोई असुविधा न हो, इस अवसर पर डीएम ने कहा कि महाशिवरात्रि पर आने वाले दर्शनार्थियों व कावंडियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है,सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए, वहीं पर एसएसपी ने कहा कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, संवेदनशील स्थानों की निगरानी सी0सी0टी0वी0 कैमरों के माध्यम से की जा रही है, इस दौरान सीडीओ शत्रोहन वैश्य, एडीएम विशु राजा आदि उपस्थित रहें।

# एमवीडीए ने होटल सिद्धि विनायक पर की सीलिंग की कार्यवाही



मथुरा। डैमेज हो जाने के बाद डैमेज कंट्रोल की कार्यवाही करनी हो तो मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण से बेहतर उदाहरण कोई नहीं हो सकता। बुधवार को वृंदावन स्थित होटल सिद्धि विनायक में हुए अग्निकांड के बाद गुरुवार को होटल को सील कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर एमवीडीए उपाध्यक्ष द्वारा सचिव की अगुवाई में रुक्मिणी और चैतन्य विहार के अवैध निमार्णों की जांच के लिए टीम गठित की है।

एमवीडीए द्वारा विकसित रुक्मिणी बिहार आवासीय योजना के सेक्टर 1 में भूखंड संख्या 108 पर नवनिर्मित होटल सिद्धि विनायक में बुधवार को हुए भीषण अग्निकांड ने तीर्थनगरी में विकसित हो रहे पर्यटन इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुरक्षा मानकों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार इस इमारत का आवासीय मानचित्र एमवीडीए से सुधा अग्रवाल, हरिओम और कन्हैयालाल द्वारा स्वीकृत करवाया गया जबकि भू उपयोग के विपरीत इस पर व्यावसायिक इमारत होटल का निर्माण कर दिया गया। जिसमें पार्किंग के स्थान पर हॉल व कमरे का निर्माण पाया गया, वहीं सेटबैक में भी विच पाया गया। मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी ने इस निर्माण के विविध पहलुओं की जांच के लिए कड़ा रुख अपनाया था। जिसके बाद गुरुवार को एमवीडीए की टीम ने होटल पर सीलिंग की कार्यवाही कर दी। इसके साथ ही जहां एमवीडीए उपाध्यक्ष द्वारा सचिव की अगुवाई में रुक्मिणी और चैतन्य विहार के अवैध निमार्णों की जांच के लिए टीम गठित की है तो दूसरी ओर निर्माण के दौरान प्रवर्तन में रहे अवर अभियंताओं दिनेश गुप्ता, मनोज अग्रवाल और अनिल सिंघल से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# भाकियू ने मनाया किसानों के मसीहा का जन्मदिन

मथुरा। भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकताओं पदाधिकारीयों ने मथुरा महानगर के हृदय स्थल होली गेट चैराहे पर पूर्व केंद्रीय मंत्री किसानों के मसीहा चैधरी अजीत सिंह की 87वीं जयंती फल बिस्किट मिष्ठान वितरण कर धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य ठाकुर जीतेन्द्र सिंह थे।

भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकताओं ने होली गेट चैराहे पर चैधरी अजीत सिंह अमर रहे हैं, जय जवान जय किसान के गगन भेजी, नारे लगाकर किसानों के मसीहा चैधरी अजीत सिंह की जयंती मनाई। किसान नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य ठाकुर जीतेन्द्र सिंह भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी जिला अध्यक्ष थान सिंह पहलवान ने संयुक्त रूप से कहा चैधरी अजीत सिंह ने किसानों गरीबों मजदूरों के लिए संघर्ष किया था जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता वह हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। भारत सरकार से मांग कि किसानों के मसीहा चैधरी अजीत सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए उनकी जयंती पुण्यतिथि पर केंद्रीय व राज्यकीय अवकाश घोषित किया जाए मथुरा महानगर के किसी भी प्रमुख चैराहे पर किसानों के मसीहा चैधरी अजीत सिंह जी की प्रतिमा स्थापित की जाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष थान सिंह पहलवान महिला जिला अध्यक्ष मीना ठाकुर महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल जितेंद्र चैधरी वरिष्ठ किसान नेता प्रयानाथ चतुर्वेदी भगवान दास तोमर उत्तर प्रदेश महासचिव नरोत्तम लाल पाराशर वृंदावन नगर अध्यक्ष विनोद राजपूत अशोक निषाद विकास तोमर नरोत्तम आदि मौजूद थे।

# सीएमओ ने सीएचसी कोटला का निरीक्षण किया



फिरोजाबाद। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्त चिकित्सा अधिकारी तथा कर्मचारी मौके पर उपस्थित पाए गए। प्रभारी अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटला को निर्देशित किया गया कि वह स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें, टीवी रोगियों की जांच कर उनका समुचित उपचार प्रदान करवाना सुनिश्चित करें, खोजी अभियान चलाकर कुष्ठ के रोगियों को खोज कर उनका इलाज करवाना सुनिश्चित करें, एमसीडी कार्यक्रम के तहत कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए विशेष अभियान चलाएं तथा गांव-गांव में कैंप लगाकर प्रचार प्रसार करें और मरीजों की जांच करें कैंप में आयुष्मान कार्ड टीवी की जांच कैंसर की स्क्रीनिंग तथा कुष्ठ की रोगियों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, हाइपरटेंशन तथा शुगर की भी जांच अनिवार्य रूप से की जाए, ओपीडी में आए हुए समस्त मरीजों की ओरल चेकअप करना सुनिश्चित करें ।फार्मासिस्ट अशोक कुमार द्वारा अपने कार्यों का निर्वहन सही से न किए जाने को दृष्टिगत रखते हुए उनको चेतावनी दी गई एवं माह फरवरी 2026 का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया,निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटला डॉ.हेमंत कुमार चिकित्सा अधिकारी डॉ.विकास वर्मा ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक विमल शुक्ला एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल को लेकर अखिल भारतीय बैंक कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन




मथुरा। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संगठन के आह्वान पर एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल की गई। इस हड़ताल का नेतृत्व पीएनबी के बहुमत प्राप्त संगठन के प्रदेश सहायक सचिव नंदकिशोर शर्मा द्वारा होलीगेट, मथुरा स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा पर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया तथा मजदूर-विरोधी श्रम कानूनों के विरुद्ध रोष प्रकट किया। प्रदर्शन में मथुरा से पंजाब नेशनल बैंक प्रोग्रेसिव एम्प्लॉयीज एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष नारायण चंद दास, उपाध्यक्ष पवन सारस्वत, माधव चंद दास, वीरेंद्र कुमार शर्मा, संजय कुमार, धर्मवीर सिंह, नेम सिंह, गौतम जैन, रामवीर सिंह, देवेंद्र कुमार, टिकेंद्र, दिलीप दिलेर, लाल बहादुर यादव, मोहर सिंह, वेद प्रकाश तथा अधिकारी साथी यतेंद्र गौतम, गोविंद प्रसाद एवं महेंद्र चौधरी सहित अन्य साथियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपना विरोध दर्ज कराया।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विवि ने निकाली शिव की शोभायात्रा

टूंडला। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रामनगर केंद्र द्वारा भगवान शिव की शोभायत्रा बड़े धूमधाम एवं बैंडबाजों के साथ निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुषों एवं बच्चों ने भाग लिया।

गुरुवार को ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विवि ने त्रिमूर्ति शिव जयंती पर शोभायात्रा धूमधाम से निकाली। भगवान शिव की शोभायात्रा सुभाष चौराहे से शुरू हुई जो नगर भ्रमण करते हुए एलएस रिसोर्ट तहसील के पीछे पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। इस दौरान शोभा यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान एलएस रिसोर्ट में शिव जयंती के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र आगरा की राजयोगिनी सब जॉन प्रभारी शीला दीदी ने कहा कि कलयुग जा रहा, सतयुग आ रहा के उद्घोषों के साथ लोगों को शिव की महिमा को बताया गया। ब्रह्माकुमारी विजय ने कहा वर्तमान समय कलियुग का अंतिम चरण चल रहा है। यह सारा काल, रात्रि अथवा महारात्रि ही है। हम सभी नर-नारियों को यह शुभ संदेश देना चाहते हैं कि




अब परमपिता परमात्मा शिव संसार को पावन तथा सुखी बनाने के लिए फिर से प्रजापिता ब्रह्मा के तन में अवतरित होकर सहज राजयोग की शिक्षा दे रहे हैं। इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि उनकी आज्ञानुसार हम पवित्रता और शुद्धता का पालन करें। उन्होंने कहा कि शिव के अर्पण होकर संसार की ज्ञान से सेवा करे। वास्तव में यही सच्चा व्रत है। इसका फल मुक्ति और जीवन-मुक्ति की प्राप्ति माना गया है। अब मनुष्यों को चाहिए विकारों रूपी विष से नाता तोड़कर,परमात्मा शिव से अपना नाता जोड़े। इस मौके पर अश्वना दीदी जॉइंट सबजोन इंचार्ज आगरा, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका सरिता दीदी, बीके गीता दीदी अवधपुरी आगरा, बीके रजनी दीदी समयपुर दिल्ली, विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर टूंडला एसडीएम टूंडला सीबीआई सीनियर इंस्पेक्टर दीपक कुमार सीजीओ कॉम्पलेक्स न्यू दिल्ली नगर पालिका अध्यक्ष भंवर सिंह चौधरी, क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार चौरसिया उपखंड अधिकारी इंजीनियर दुष्यंत कुमार ब्लाक प्रमुख सतीश बघेल वीर सुरेन्द्र बीके विजय तनु खुशी निधि शिवानी मधु राजू भाई के अलावा सैकड़ो श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कोटक महिंद्रा बैंक ने शुरू किया सेहत का सफर 4.0

मुंबई। कोटक महिंद्रा बैंक (केएमबीएल/कोटक) ने अपने प्रमुख कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम सेहत का सफर 4.0 के चौथे संस्करण की शुरुआत की घोषणा की है। यह पहल खास तौर पर देश के ट्रक ड्राइवरों, ट्रांसपोर्टरों और उनके परिवारों के लिए निःशुल्क निवारक स्वास्थ्य जांच सुविधा उपलब्ध कराती है। ये वही लोग हैं जो देश की अर्थव्यवस्था को लगातार गतिशील बनाए रखते हैं, लेकिन अक्सर स्वास्थ्य सुविधाओं तक उनकी पहुंच सीमित रह जाती है। साल 2022 में शुरू हुई यह पहल हर वर्ष विस्तार पाती गई है। अब तक इसके तीन संस्करणों में 75 से अधिक शहरों में 120 से ज्यादा स्वास्थ्य शिविर लगाए जा चुके हैं, जिनसे लगभग 13,500 ड्राइवर लाभान्वित हुए हैं। सेहत का सफर 4.0 की शुरुआत 18 दिसंबर 2025 से हो चुकी है और यह 31 मार्च 2026 तक चलेगा। इस अवधि में देश के प्रमुख परिवहन मार्गों पर 45 से अधिक स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष बैंक का लक्ष्य करीब 4,500 ट्रक ड्राइवरों और उनके परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का है, ताकि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य के साथ आर्थिक सुरक्षा भी मिल सके।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने पेश की एमजी मैजेस्टर

नयी दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज एमजी मैजेस्टर को पेश किया। यह भारत की पहली डी+ एसयूवी है। इसे उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है जो बोल्ड, प्रभावशाली, बेहतर क्षमता से लैस, अटल विश्वसनीयता और बेजोड़ सुंदरता वाली जीवनशैली चाहते हैं। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में शानदार पदार्पण के बाद, मैजेस्टर अब एमजी की सबसे मजबूत, टिकाऊ और प्रीमियम एसयूवी बन गई है। इसे भारतीय सड़कों और उससे आगे के लिए तैयार किया गया है। शीर्ष प्रदर्शन, सड़क पर दबदबा, सभी भूभागों पर बेहतर क्षमता, प्रीमियम आराम और उन्नत सुरक्षा के लिए निर्मित, मैजेस्टर अत्याधुनिक 4x4 कौशल का प्रदर्शन करती है। इसकी इनोवेशन, लग्जरी फीचर्स, शीर्ष स्तर की सुरक्षा और स्थायी निर्माण गुणवत्ता इसे बेहतरीन बनाते हैं।

### प्रोटिनेक्स ने शुरू किया नोचेयरडेयर राष्ट्रीय अभियान

बंगलुरु। प्रोटिनेक्स ने नोचेयरडेयर नाम से एक राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को एक आसान वॉल-सिट चैलेंज के माध्यम से अपनी मांसपेशियों की ताकत परखने के लिए प्रेरित करना है ताकि बैठने वाली जीवनशैली और प्रोटीन की कमी के बढ़ते असर को लेकर जागरूकता बढ़ाई जा सके। नोचेयरडेयर के माध्यम से हम पोषण संबंधी जागरूकता को केवल जानकारी तक सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि इसे व्यवहार में बदलना चाहते हैं। मसल स्ट्रेंथ ऐसी चीज है जिसे लोग तुरंत महसूस कर सकते हैं और यही उन्हें यह सोचने के लिए प्रेरित करती है कि क्या उनका रोजाना का आहार वास्तव में उनके स्वास्थ्य का साथ दे रहा है।

### क्रिप्टो मार्केट पल्स लॉन्च

नयी दिल्ली। क्रिप्टो मार्केट पल्स उन दर्शकों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है जो अक्सर जटिल और गलतफहमियों से घिरे इस बाजार में स्पष्टता और विश्वसनीय जानकारी चाहते हैं। प्रत्येक कड़ी का उद्देश्य तथ्य और मिथक के बीच अंतर स्पष्ट करना, अनिश्चितताओं को कम करना और निवेशकों को ज्ञान-आधारित निर्णय लेने के उपकरणों से सशक्त करना है। कॉइनस्विच ने जी बिजनेस के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत क्रिप्टो मार्केट पल्स नाम की एक विशेष पहल शुरू की जा रही है, जिसका उद्देश्य भारतीय दर्शकों के लिए क्रिप्टो की दुनिया को सरल और समझने योग्य बनाना है यह सहयोग तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल एसेट इकोसिस्टम की जटिलताओं को सरल बनाने और खुदरा निवेशकों को सूचित भागीदारी के लिए आवश्यक ज्ञान से सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### कच्चे तेल में गिरावट

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बावजूद कारोबारियों की मुनाफावसूली उभरने से वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को कच्चा तेल की कीमत का लाभ सीमित हो गया और इसकी कीमत 14 रुपये की गिरावट के साथ 5,893 रुपये प्रति बैरल रह गयी। डिलिवरी होने वाला अनुबंध 14 रुपये या 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,893 रुपये प्रति बैरल रह गया।

# सेंसेक्स में 559 अंकों की गिरावट




मुंबई। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कमजोर पड़ने और कृत्रिम मेधा (एआई) से संभावित व्यवधान की आशंकाओं के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में बिकवाली से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 559 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 147 अंक के नुकसान में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 558.72 अंक यानी 0.66 प्रतिशत टूटकर 83,674.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 716.97 अंक के नुकसान के साथ 83,516.67 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 146.65 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,807.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में सबसे ज्यादा दबाव आईटी शेयरों पर रहा। टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) लगभग छह प्रतिशत तक टूटकर सेंसेक्स के प्रमुख गिरावट वाले शेयर रहे। इसके अलावा एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, इंडिगो, कोटक महिंद्रा बैंक और अदाणी पोर्ट्स भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एशियन पेंट्स, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल और टाटा स्टील के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। मझोली कंपनियों के बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.48 प्रतिशत और छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप सूचकांक में 0.28 प्रतिशत की गिरावट रही। क्षेत्रीय सूचकांकों में फोकस्ड आईटी खंड में 5.40 प्रतिशत जबकि आईटी खंड में 5.29 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े आने के बाद फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में कटौती की संभावना कम होने और एआई से सेवा क्षेत्र की आय पर दबाव की आशंका से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। आईटी क्षेत्र में कमजोर धारणा होने के साथ अमेरिका एवं ईरान के बीच तनाव बने रहने से भी निवेशक अल्पावधि में सतर्क रुख अपना सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.27 प्रतिशत टूटकर 69.21 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 943.81 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) 125.36 करोड़ रुपये के शुद्ध बिकवाल रहे।

# अधिक आयकर संग्रह का मतलब मध्यम वर्ग को दबाना नहीं, यह उनके आगे बढ़ने का सबूत: सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि व्यक्तिगत आयकर संग्रह बढ़ने का मतलब यह नहीं है कि देश में मध्यम वर्ग को दबाया जा रहा है। उन्होंने 2026-27 के केंद्रीय बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश में मध्यम वर्ग को दबाने का कोई सबूत नहीं है, बल्कि उनके आगे बढ़ने के सबूत जरूर हैं।

सीतारमण ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना अर्थव्यस्था को मृत बताने वाले उनके बयान को नकारात्मक करार देते हुए कहा कि वह देश की जनता का मजाक उड़ा रहे हैं, जो वास्तव में भारत के वृद्धि में अपना योगदान दे रही है। विपक्ष ने यह आरोप लगाया कि मध्यम वर्ग, अमीर और गरीब वर्गों के बीच फंसा हुआ है। इस पर सीतारमण ने कहा कि ऐसा इसलिए लगता है क्योंकि व्यक्तिगत आयकर का संग्रह कॉरपोरेट कर से अधिक है। उन्होंने कहा, ...वास्तव में, पिछले दस साल में किए गए आर्थिक सुधारों के कारण ऐतिहासिक रूप से मध्यम वर्ग का विस्तार हुआ है। इसके पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। व्यक्तिगत आयकर का अधिक संग्रह का मतलब यह नहीं है कि मध्यम वर्ग को दबाया जा रहा है। सीतारमण ने कहा कि आज कर योग्य आय वाले लोगों की संख्या अधिक है। अब संगठित क्षेत्र में अधिक आय दिखाई देती है। उन्होंने कहा, ‘अर्थव्यवस्था अब केवल कुछ गिने-चुने वर्ग तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें भागीदारी बढ़ी है। मध्यम वर्ग का दायरा बढ़ रहा है। 2013-14 और 2024-25 के बीच, करदाताओं की संख्या, यानी रिटर्न दाखिल करने वाले या टीडीएस कटवाने वालों की संख्या, 5.26 करोड़ से बढ़कर 12.13 करोड़ हो गई है। पिछले 11 वर्षों में, करदाताओं की संख्या दोगुनी हो गई है। यह संचयी रूप से सालाना 7.9 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त मंत्री ने कहा, यह इस देश में मध्यम वर्ग का सबसे बड़ा संरचनात्मक विस्तार है। इसलिए, अगर कर का दायरा बढ़ रहा है तो दबाव नहीं हो सकता...। लोग कर देने के लिए आगे आ रहे हैं और वे इसलिए आगे नहीं आ रहे हैं क्योंकि हम दरें बढ़ा रहे हैं। इस विस्तार के बावजूद, आयकर सीमा सभी के लिए 12 लाख रुपये और वेतनभोगी वर्ग के लिए 12.75 लाख रुपये तक बढ़ायी गई है।

# प्रतिस्पर्धा आयोग ने इंटेल पर लगाया 27.38 करोड़ का जुर्माना

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने डेस्कटॉप कंप्यूटर के लिए बॉक्स्ड माइक्रो प्रोसेसर (बीएमपी) के संबंध में भारत के लिए एक अलग वारंटी नीति अपनाने को लेकर अमेरिकी कंपनी इंटेल कॉर्प पर 27.38 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

इंटेल अमेरिका की एक प्रमुख बहुराष्ट्रीय सेमीकंडक्टर कंपनी है, जो कंप्यूटर प्रोसेसर और चिप विनिर्माण के लिए जानी जाती है। आयोग ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि इंटेल ने भारत में बॉक्स्ड माइक्रो प्रोसेसर के बाजार में अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग किया है। प्रतिस्पर्धा आयोग की जांच में पाया गया कि भारत के लिए इंटेल की अलग वारंटी नीति चीन, ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों में लागू उसकी वारंटी नीतियों की तुलना में भेदभावपूर्ण थी। सीसीआई के अनुसार, अमेरिकी कंपनी की इस नीति ने उपभोक्ताओं और समानांतर आयातकों के विकल्प सीमित करने का काम किया, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। समानांतर आयात का मतलब ऐसे वैध उत्पादों के आयात से है, जो किसी कंपनी के आधिकारिक वितरण चैनल के बाहर से खरीदे जाते हैं। डेस्कटॉप कंप्यूटर के बीएमपी पर वारंटी संबंधी इंटेल की यह नीति आठ वर्षों तक लागू रही।

# खुदरा मुद्रास्फीति सीपीआई शृंखला के तहत जनवरी में 2.75 प्रतिशत



नयी दिल्ली। वर्ष 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की नई श्रृंखला के तहत जनवरी में खुदरा मुद्रास्फिति 2.75 प्रतिशत रही।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा बृहस्पतिवार को जारी नई श्रृंखला में मूल्य स्थिति की बेहतर तस्वीर पेश करने के लिए वस्तुओं की संख्या 259 से बढ़ाकर 308 तथा सेवाओं की संख्या 40 से बढ़ाकर 50 कर दी गई है। जनवरी के लिए खाद्य मुद्रास्फिति 2.13 प्रतिशत रही। नई श्रृंखला में प्रमुख सुधारों में ग्रामीण मकान किराया, ऑनलाइन मीडिया सेवाएं एवं ईंधन (सीएनजीपीएनजी) को शामिल किया गया है। डिजिटल व प्रशासनिक स्रोतों से उपलब्ध आंकड़ों के बेहतर कवरेज के लिए टेलीफोन शुल्क, रेल किराया, हवाई किराया, ईंधन, डाक शुल्क तथा ऑनलाइन मीडिया एवं स्ट्रीमिंग सेवाएं (ओटीटी सब्सक्रिप्शन) को भी नई श्रृंखला में शामिल किया गया है। वर्ष 2012 को आधार वर्ष मानने वाली पुरानी श्रृंखला के तहत जनवरी, 2025 में खुदरा मुद्रास्फिति 4.26 प्रतिशत जबकि दिसंबर में 1.33 प्रतिशत रही थी।

# देश में डिजिटल भुगतान का प्रसार पहली छमाही में भी जारी रहा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में डिजिटल भुगतान का दायरा बढ़ने का सिलसिला अप्रैल-सितंबर, 2025 के दौरान भी जारी रहा।

आरबीआई ने कहा कि उसका डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई-डीपीआई) सितंबर, 2025 में 516.76 पर पहुंच गया, जो सितंबर, 2024 में 465.33 और मार्च, 2025 में 493.22 पर था। देशभर में डिजिटल भुगतान के प्रसार और दायरे को मापने वाला यह सूचकांक जनवरी, 2021 से प्रकाशित किया जा रहा है और मार्च, 2018 को आधार वर्ष मानता है। आरबीआई ने बयान में कहा, सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण भुगतान प्रदर्शन और भुगतान सक्षम कारकों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी है। आरबीआई-डीपीआई पांच प्रमुख मानकों पर आधारित है। इसमें भुगतान सक्षम कारक (25 प्रतिशत भार), मांग पक्ष का भुगतान ढांचा (10 प्रतिशत), आपूर्ति पक्ष का भुगतान ढांचा (15 प्रतिशत), भुगतान प्रदर्शन (45 प्रतिशत) और उपभोक्ता केंद्रीकरण (पांच प्रतिशत) शामिल हैं। इन सभी मानकों के कई उप-मानक और मापनीय संकेतक रखे गए हैं, जिनके आधार पर समय-समय पर डिजिटल भुगतान की प्रगति का आकलन किया जाता है।

# रुपया 17 पैसे बढ़कर 90.61 प्रति डॉलर पर



मुंबई। विदेशी कोषों के निवेश से निवेशकों का उत्साह बढ़ने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे बढ़कर 90.61 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों का आना, हालांकि बहुत ज़ुयादा नहीं था, लेकिन इसने एक मनोवैज्ञानिक सहारा दिया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक यह पक्का कर रहा है कि बैंकिंग प्रणाली में नकदी की स्थिति भरपूर बनी रहे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 90.55 पर खुला, और कारोबार के दौरान 90.40 के दिन के उच्चतम स्तर तक गया और 90.65 के निचले स्तर तक आया। बृहस्पतिवार को कारोबारी सत्र के अंत में, रुपया 90.61 (अस्थायी) पर था, जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे की मजबूती है। बुधवार को, डॉलर के मुकाबले रुपया 22 पैसे की गिरावट के साथ 90.78 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि शुरू में बाजार ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का स्वागत किया, लेकिन व्हाइट हाउस के फैक्ट शीट जारी करने के बाद नई चिंताएं सामने आई हैं। फैक्ट शीट में समझौते की खास शर्तों पर रोशनी डाली गई है, जिसमें यह भी शामिल है कि भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक सामान और अमेरिका के कई तरह के खाने और खेती के उत्पादों पर शुल्क खत्म कर देगा या कम कर देगा। बुधवार को, वाणिज्य सचिव, राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत ने हमेशा उन क्षेत्रों पर साफगोई के साथ बातचीत की है जो व्यापार समझौतों में देश के लिए बहुत संवेदनशील हैं, और अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते के तहत उन सभी खास खंडों को संरक्षित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों टीमें साझा बयान को कानूनी समझौते में बदलने के लिए काम कर रही हैं, जिसके मार्च के आखिर से पहले तय होने और हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर इंडेक्स, 0.04 प्रतिशत घटकर 96.79 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक कच्चा तेल मानक ब्रेंट क्रूड, वायदा कारोबार में 0.29 प्रतिशत टूटकर 69.20 डॉलर प्रति बैरल पर था। घरेलू शेयर बाजार में, सेंसेक्स 558.72 अंक टूटकर 83,674.92 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 146.65 अंक टूटकर 25,807.20 अंक पर बंद हुआ। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 943.81 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्य के लिए डीजल वाहनों को हटाना होगा



नयी दिल्ली। नीति आयोग की एक रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य पाने की दिशा में परिवहन क्षेत्र की भूमिका अहम होगी और इसकी शुरुआत डीजल वाहनों को चरणबद्ध ढंग से हटाने और सीएनजी, हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने से होनी चाहिए।

परिवहन क्षेत्र में बदलाव के अगले चरण में एथनॉल-मिश्रित ईंधन पर चलने वाले फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों, उच्च बायो-सीएनजी मिश्रण और हाइब्रिड फ्लेक्स-फ्यूल मॉडल को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसके साथ इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का विस्तार जारी रहना चाहिए। नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है कि परिवहन क्षेत्र में बदलाव के अंतिम चरण में ईवी, हाइड्रोजन आधारित और सीबीजी आधारित वाहनों जैसे शून्य-उत्सर्जन विकल्पों का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि कम उत्सर्जन वाली वाहन प्रौद्योगिकियों का मूल्यांकन केवल वाहन से निकलने वाले धुआं के आधार पर नहीं, बल्कि उनके समूचे जीवन-चक्र (निर्माण, ईंधनाबिजली उत्पादन, उपयोग और निस्तारण) को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में बैटरी-चालित ईवी के उत्पादन चरण में होने वाले व्यापक उत्सर्जन का जिक्र करते हुए कहा गया है कि हाइब्रिड वाहन मौजूदा भारतीय ग्रिड परिस्थितियों में अक्सर बैटरी ईवी को पीछे छोड़ देते हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर और ऊर्जा एवं पर्यावरण शोध संस्था टेरी के अध्ययनों के हवाले से कहा गया है कि मौजूदा परिस्थितियों में बैटरी-चालित ईवी को प्रारंभिक उत्सर्जन की भरपाई के लिए 1.5 से 2 लाख किलोमीटर तक चलाना पड़ सकता है। वर्ष 2020 में परिवहन क्षेत्र का देश के कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में लगभग 10 प्रतिशत और ऊर्जा खपत में 20 प्रतिशत हिस्सा था।

## पेज एक का शेष

### पंचायत चुनाव

किए जाने का आदेश दिया था। दलील दी गई कि अप्रैल व जुलाई 2026 के बीच उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने हैं, बावजूद इसके अब तक एक समर्पित आयोग का गठन नहीं किया जा सका है। यह भी दलील दी गई कि छह सदस्यीय आयोग के गठन का मामला कैबिनेट के समक्ष विचाराधीन है। वहीं राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने शासन से प्राप्त निदेशों के आधार पर न्यायालय को बताया कि पंचायत चुनाव से पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर लिया जाएगा तथा संबंधित कानून के तहत ही चुनाव कराए जाएंगे। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव इसी साल अप्रैल-मई में प्रस्तावित है। पंचायत चुनाव की तैयारियां चल रही हैं। इस बार यूपी में 504 ग्राम पंचायत कम हो गई हैं और अब 57695 ग्राम पंचायतों में चुनाव होगा। ग्राम प्रधानों के अलावा 826 ब्लॉक प्रमुख और 75 जिला पंचायत अध्यक्ष भी चुने जाएंगे। इस बार पंचायती राज निदेशालय की ओर से ग्राम पंचायतों की संख्या निश्चित कर दी गई है। वर्ष 2021 के पंचायत चुनावों में 58199 ग्राम पंचायतों में चुनाव हुआ था।

इस बार यहां घट गई हैं पंचायतें

शहरी सीमा का विस्तार होने के कारण बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतें शहरों में शामिल हो गईं। जिनके कारण इस बार बीते पंचायत चुनाव के मुकाबले ग्राम पंचायतों की कम सीटों पर चुनाव कराया जाएगा। करीब 36 जिले ऐसे हैं, जहां पर ग्राम पंचायतें घटी हैं। देवरिया में 64, आजमगढ़ में 47, प्रतापगढ़ में 45, अमरोहा व गोरखपुर में 21-21, गाजियाबाद में 19, फतेहपुर में 18, अलीगढ़ में 16 और फरुर्खाबाद में 14 सहित विभिन्न जिलों में ग्राम पंचायतों की संख्या कम हुई है। अब शहरी क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के शामिल होने के बाद जो मजरे बचे हैं, उन्हें अगल-बगल की ग्राम पंचायतों में सम्मिलित किया जा रहा है। ऐसे में वार्डों की संख्या में बदलाव होगा।

चुनाव तैयारियों के बीच गांवों में हलचल

पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच गांव में हलचल तेज हो गई है। गांवों में चुनावी माहोल दिखने लगा है। वर्तमान ग्राम प्रधान और प्रधान प्रत्याशी ग्रामीणों को लुभाने में लग गए है। तरह-तरह के हथकंडे अपनाना शुरू कर दिए हैं। गांव-चौराहों पर चर्चा तेज हो गई। ग्राम प्रधान और प्रधान पद के प्रत्याशी लोगों का हालचाल लेने लगे हैं। ग्रामीणों के दावे और वादे भी कर रहे हैं।

### 114 राफेल

ने मध्यम बहु-उद्देश्यीय लड़ाकू विमान (एमएमआरसीए) के एक बेड़े की खरीद के लिए जमीनी स्तर पर तैयारी पूरी कर ली थी। हालांकि, यह परियोजना आगे नहीं बढ़ पाई थी। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की स्क्वाड्रन संख्या में तेजी से हो रही गिरावट के मद्देनजर, 2015 में मोदी सरकार ने 36 राफेल लड़ाकू विमानों के लिए समझौते की घोषणा की थी। भारतीय वायुसेना वर्तमान में इन राफेल विमानों का संचालन करती है। रक्षा मंत्रालय ने कहा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने लगभग 3.60 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित मूल्य पर सेनाओं के विभिन्न प्रस्तावों के लिए आवश्यकता स्वीकृति (एओएन) प्रदान की।

इसने कहा भारतीय वायु सेना के लिए एमआरएफए, लड़ाकू मिसाइलों और एयरशिप आधारित उच्च ऊंचाई वाले छद्म उपग्रह (एएस-एचएपीएस) की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दी गई थी। मंत्रालय ने कहा कि एमआरएफए की खरीद से युद्ध की सभी स्थितियों में हवाई वर्चस्व स्थापित करने की क्षमता बढ़ेगी और लंबी दूरी के आक्रामक हमलों के साथ वायुसेना की निवारक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसने कहा, खरीदी जाने वाली अधिकांश एमआरएफए मिसाइलों का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। ये लड़ाकू मिसाइल गहरी मारक क्षमता और अत्यधिक सटीकता के साथ जमीनी हमले की क्षमता को बढ़ाएंगी। मंत्रालय ने कहा कि एएस-एचएपीएस का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए निरंतर खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही, इलेक्ट्रॉनिक खुफिया, दूरसंचार और रिमोट सेंसिंग के लिए किया जायेगा। इसने कहा कि भारतीय नौसेना को चार मेगावाट के समुद्री गैस टरबाइन आधारित विद्युत जनरेटर और पी8आई लम्बी दूरी के समुद्री टोही विमान के अधिग्रहण के लिए मंजूरी मिल गई है।

रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 की मेक-कश्रेणी के तहत चार मेगावाट के समुद्री गैस टरबाइन आधारित विद्युत जनरेटर के शामिल होने से विदेशी निर्माताओं पर निर्भरता कम होगी। इससे भारतीय नौसेना की बिजली उत्पादन आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित होगी। पी8आई विमान के अधिग्रहण से नौसेना की लम्बी दूरी की पनडुब्बी-रोधी युद्ध क्षमता, समुद्री निगरानी और समुद्री हमले की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### न्यूनतम वेतन

आलेचना नहीं करनी चाहिए और उनके अच्छे विचारों का सरकार स्वागत करेगी। मांडविया ने कहा कि औद्योगिक संबंध संहिता लागू हुए ढाई महीने हो चुके हैं और इस दौरान दो सर्वेक्षण किए गए। पहले सरकारी सर्वेक्षण में 60 प्रतिशत से अधिक श्रमिकों ने विश्वास जताया है कि संहिता लागू होने से नियम शर्तें स्पष्ट हुई हैं, नौकरी की सुरक्षा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि 60 प्रतिशत संविदा कर्मियों और गिग कर्मियों ने सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिलने का विश्वास जताया है। मांडविया ने कहा कि भारत दुनिया में पहला देश है जिसने गिग कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए चिंता की। मंत्री ने कहा कि एक निजी संस्था के दूसरे सर्वेक्षण में अधिकतर श्रमिकों ने माना कि छोटे शहरों में रोजगार मजबूत हो रहा है और महिलाओं के लिए अवसरों में तुलनात्मक बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि 2014 में केवल 25 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा मिलती थी जो आबादी का 19 प्रतिशत थी, लेकिन आज 19 प्रतिशत से बढ़कर 64 प्रतिशत नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा मिल रही है। उन्होंने कहा कि 2028 तक 100 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा की प्रतिबद्धता के साथ मोदी सरकार काम कर रही है। मांडविया ने देश में बेरोजगारी के विपक्ष के दावों को खारिज करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार 2017-18 में बेरोजगारी दर छह प्रतिशत थी जो आज घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। विधेयक को इससे पहले आज ही लोकसभा में चर्चा के बाद पारित किया गया था।

### अर्बन नक्सल

कहा था कि उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ विशिष्ट प्रस्ताव लाने के लिए एक नोटिस दिया है।

### वंदे मातरम

शिक्षाओं को जबरन दूसरे धर्मों के मानने वालों पर थोप नहीं जा सकती। बोर्ड के महासचिव ने कहा कि यह गीत बंगाल की पृष्ठभूमि में लिखा गया था और इसमें दुर्गा व अन्य देवताओं की पूजा और वंदना का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल चुनावों से पहले केंद्र के इस फैसले के पीछे चाहे जो भी राजनीतिक कारण हों, मुसलमान इसे स्वीकार नहीं कर सकते क्योंकि यह उनकी धार्मिक मान्यता के साथ सीधा टकराव है।

# सीएम योगी ने दिया ब्रह्मोस संग हार्ड पावर विजन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश करने वाली सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने नए यूपी की बढ़ती ताकत का संकेत दिया। बजट 2026-27 के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कवर इमेज बदल दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रह्मोस संग अपनी फोटो लगाकर हार्ड पावर विजन का संदेश दिया। मुख्यमंत्री के ऑफिशियल '' और फेसबुक हैंडल दोनों पर ही नई कवर इमेज लगा दी गई है। डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण के बाद अब लखनऊ में ब्रह्मोस का निर्माण हो रहा है। यह तस्वीर उसी की सफलता को दिखाती है। तस्वीर से साफ है कि सीएम योगी विकास की बड़ी परियोजनाओं के साथ-साथ 'सुरक्षित उत्तर प्रदेश' और 'सशक्त भारत' की झलक का संदेश दे रहे हैं। माना जा रहा है कि सीएम योगी न केवल उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति, बल्कि सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का एक बड़ा संदेश दिया है। सोशल मीडिया हैंडल पर मुख्यमंत्री का यह संदेश बताता है कि लखनऊ में ब्रह्मोस निर्माण के जरिए उत्तर प्रदेश एक तरफ रक्षा उत्पादन का उभरता वैश्विक हब हो गया है। वहीं दूसरी ओर 9.12 लाख करोड़ का बजट और सामरिक शक्ति के संगम का भी संकेत प्रदेशवासियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। बजट के जरिए सीएम योगी ने संदेश दिया कि यूपी की अर्थव्यवस्था फर्श से अर्श तक पहुंच गई है, जो यूपी के विकास, सुरक्षा और निवेश के त्रिवेणी मॉडल को प्रदर्शित करता है। योगी का यह सुपरसोनिक केसरिया संदेश बताता है कि उत्तर प्रदेश विकास का इंजन और प्रदेशवासियों की सुरक्षा का कवच भी बन गया है।

### श्रमिक संगठनों की

रहा। श्रमिक संगठनों ने दावा किया कि यह केंद्रीय सरकार की आम-जन और राष्ट्र-विरोधी नीतियों के खिलाफ बड़ी प्रतिक्रिया है और कहा कि इस हड़ताल में 30 करोड़ से अधिक श्रमिकों, किसानों और अन्य वर्गों ने भाग लिया। मंच ने कहा कि केंद्रीय श्रमिक संगठनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय संघों और संघों के संयुक्त मंच, संयुक्त किसान मोर्चा के घटकों और कृषि श्रमिक संघों के संयुक्त मोर्चे के साथ देश के 600 से अधिक जिलों में हड़ताल की कार्वाई और बड़े पैमाने पर लामबंदी आयोजित करने में सफल रहे।

### अर्थव्यवस्था को

रूप से सशक्त बन रही है। लखपति दीदी जैसी योजनाएं ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने वैश्विक स्तर पर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है और उत्तराखंड भी विकास की इस यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। राज्य के बजट में बढ़ोतरी, ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि और पलायन में कमी जैसे संकेत सकारात्मक बदलाव को दशार्ते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रदेश की सांस्कृतिक अस्मिता और सामाजिक समरसता की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुशासन, पारदर्शिता, नकल विरोधी सख्त प्रावधान और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण से प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत हुई है। साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रियाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री धामी ने क्षेत्रीय विकास में सक्रिय सहयोग के लिए विधायक सहदेव सिंह पुंडीर की सराहना की। इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि सरकार की विकासोन्मुख नीतियों के कारण प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है और समाज के सभी वर्गों को इसका लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### अर्थव्यवस्था को

स्थिरता कारकों को दीर्घकालिक उत्पादक क्षमताओं में परिवर्तित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस विकास गति को अगले दशकों तक विस्तार दिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इन सबमें आत्मनिर्भरता एक महत्वपूर्ण सिद्धान्त है तथा सरकार ने बजट में जो भी घोषणाएं कीं और नीतियां बनायी हैं, उसमें आत्मनिर्भरता का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा, हमने घरेलू उत्पादन क्षमता का निर्माण किया है, बजट का निर्माण करते समय हमने ऊर्जा सुरक्षा को भी अपने ध्यान में रखा है।




# भारत ने नामीबिया को 93 रन से हराया





नई दिल्ली। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के 18वें मैच में नामीबिया को 93 रन से हरा दिया है। वर्ल्डकप में टीम इंडिया की यह लगातार दूसरी जीत है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 9 विकेट के नुकसान पर 209 रन बनाए थे। भारत ने आखिरी 4 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए थे। ईशान किशन ने 61 और हार्दिक पंड्या ने 52 रन बनाए। नामीबिया से कप्तान जेरार्ड इरासमस ने 4 विकेट लिए। 210 रन का टारगेट चेज करने उतरी नामीबिया की टीम 18.2 ओवर में 116 रन पर ऑलआउट हो गई। वरुण चक्रवर्ती ने 3, अक्षर और हार्दिक ने 2-2 विकेट लिए। नामीबिया की ओर से लौरेन स्टीनकैंप ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए। गुरुवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में नामीबिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने 209 रन बना दिए। ईशान किशन ने 61 और हार्दिक पंड्या ने 52 रन बनाए। नामीबिया से कप्तान जेरार्ड इरासमस ने 4 विकेट लिए। टॉस हार कर बैटिंग कर रही भारतीय टीम ने विस्फोटक शुरूआत की है। टीम ने शुरूआत 6 ओवर में एक विकेट पर 86 रन बना लिए हैं। ईशान-तिलक नाबाद है। ईशान ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में लगातार 4 छक्के और एक चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 20 बॉल पर हाफ सेंचुरी लगाई। सैमसन 22 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय पारी के पहले ओवर में 8 रन बने हैं। संजू सैमसन ने रूबन ट्रम्पलमैन की आखिरी बॉल पर छक्का लगाया।

# इटली ने नेपाल को 10 विकेट से रौंदकर टी20 विश्व कप में पहली जीत दर्ज की



मुंबई। इटली ने टी20 विश्व कप पदार्पण में अपने दूसरे ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया और बृहस्पतिवार को यहां के ग्रुप सी मैच में नेपाल को 44 गेंद रहते 10 विकेट से रौंदकर आईसीसी टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

इटली के स्पिनरों ने अनुशासित गेंदबाजी करते हुए नेपाल की पूरी टीम को 19.3 ओवर में महज 123 रन पर समेट दिया। इसके बाद उसने एंथोनी मोस्का (नाबाद 62 रन) और जस्टिन मोस्का (नाबाद 60 रन) के बीच अटूट साझेदारी से 12.4 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत हासिल की। मोस्का बंधुओं में से बड़े भाई एंथोनी ने 32 गेंद की नाबाद पारी में छह छक्के और तीन चौके जड़े जबकि छोटे भाई जस्टिन ने 44 गेंद की नाबाद पारी के दौरान तीन छक्के और पांच चौके जमाए। यह इटली के लिए टी20 विश्व कप इतिहास का दूसरा ही मैच था। पिछले मैच में उसे कोलकाता में स्कॉटलैंड से 73 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मुकाबले में नेपाल को जीत का दावेदार माना जा रहा था जिसने इसी स्थल पर इंग्लैंड को कड़ी चुनौती दी थी। लेकिन उनका कोई भी बल्लेबाज इटली की सटीक स्पिन गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के सामने नहीं टिक सका। नेपाल ने अपने सर्वश्रेष्ठ स्पिनर संदीप लामिचाने को इस्तेमाल में भी बहुत बाद में किया। इंडियन प्रीमियर लीग सहित कई टी20 टूर्नामेंट खेल चुके लामिचाने को तब गेंदबाजी के लिए लगाया गया जब इटली के सलामी बल्लेबाज 58 रन बना चुके थे। इटली के सलामी बल्लेबाजों ने प्रति ओवर करीब 10 रन बनाए और नेपाल किसी भी मौके का फायदा नहीं उठा सका जिससे वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद बड़ी संख्या में उसके प्रशंसकों को काफी निराशा हुई। इससे पहले यहां स्पिनरों का दबदबा जारी रहा जिसमें इटली के लिए बेन मानेंटी ने नौ रन दकर दो जबकि कृशन कालुगामागे ने 18 रन देकर तीन विकेट झटके। सटीक लाइन एवं लेंथ के साथ इटली के क्षेत्ररक्षकों ने भी शानदार प्रदर्शन किया जिससे नेपाल के खिलाड़ी दबाव में रहे। नेपाल के लिए आरिफ शेख ने सर्वाधिक 27 रन और कप्तान रोहित पौडेल ने 23 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी जेजे स्मट्स ने टी20 विश्व कप में पदार्पण करने वाली टीम के लिए 22 रन देकर एक विकेट झटका। मानेंटी ने पिच से पूरा फायदा उठाया जिससे उनके भाई हैरी का काम आसान हो जाएगा जिन्हें इटली के कप्तान वेन मैडसेन की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया गया जो कंधे की हड्डी खिसकने के कारण इस मैच में नहीं खेले। मैडसेन की अनुपस्थिति बिलकुल नहीं खली। टीम ने अच्छा खेल दिखाया।

## संक्षेप

### आधुनिक शतरंज में खेल की गहरी समझ ही असली निर्णायक कारक है: विश्वनाथन आनंद

मदुरै (तमिलनाडु)। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने गुरुवार को यहां कहा कि ऐसे युग में जहां खिलाड़ी कंप्यूटर से मिलने वाली सहायता से अभिभूत हैं तब खेल की गहरी समझ आधुनिक शतरंज में एकमात्र असली निर्णायक कारक बन गई है। आनंद ने तीन दिवसीय शतरंज कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में कहा, दिलचस्प बात यह है कि आपको जितना अधिक ज्ञान उपलब्ध कराया जाता है, उतना ही कम आप जान पाते हैं। यदि हर दिन आपको 20-30 नए निष्कर्ष मिलते हैं तो आप उन्हें कैसे समझ पाएंगे। मेरा मानना है कि आज के शतरंज खिलाड़ियों को अलग करने वाली एकमात्र चीज गहरी समझ है। कई साल पहले जब आनंद ने कंप्यूटर का उपयोग करना सीखा था, तब का उदाहरण देते हुए इस ग्रैंडमास्टर ने कहा कि नए विचारों के प्रति खुला रहना मददगार होता है, लेकिन बारीकियों को समझना एक खिलाड़ी को नए स्तर पर ले जाता है। आनंद ने इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि शतरंज में महारत हासिल करना रटने के बजाय पैटर्न को पहचानने पर आधारित है। हमारा दिमाग हमारी क्षमता से कहीं अधिक पैटर्न बनाता है। किसी का खेल देखने के हफ्तों बाद अक्सर खिलाड़ियों के दिमाग में नए विचार आ जाते हैं। उन्हें इसका अहसास नहीं होता है कि वे कहीं और से कुछ नकल कर रहे हैं।

### आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने की विंडहोक में स्टेडियम बनाने में मदद

नयी दिल्ली। क्रिकेट नामीबिया के अध्यक्ष रूडी वैन वुरेन ने गुरुवार को कहा कि विंडहोक में नए क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण का श्रेय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह को जाता है। नामीबिया 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप का सह मेजबान है। वैन वुरेन ने एसोसिएट सदस्य देशों को सशक्त बनाने और उनके क्रिकेट बुनियादी ढांचे में सुधार करने के प्रयासों के लिए शाह की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, आईसीसी ने एसोसिएट सदस्य देशों को सशक्त बनाने की नीति अपनाई है। जय शाह वास्तव में इसमें महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आए हैं। वह विंडहोक में हमारे नए स्टेडियम का दौरा करने आए थे। आईसीसी ने उस स्टेडियम के निर्माण में हमारी बहुत मदद की। आईसीसी ने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक स्टेडियमों का निर्माण किया है जिसका फायदा नामीबिया जैसे देश को भी मिल रहा है। अब हमारे पास अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। आईसीसी के सहयोग से नामीबिया जैसे अफ्रीकी देश आगे बढ़ रहे हैं और अंतर धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। हमें इन अवसरों का फायदा उठाना चाहिए।

# मेंडिस, रत्नायके और शनाका के अर्धशतक, श्रीलंका की बड़ी जीत



पल्लीकल। कप्तान दासुन शनाका सहित तीन बल्लेबाजों के अर्धशतक और बाद में धारदार गेंदबाजी की मदद से श्रीलंका ने टी20 विश्व कप के ग्रुप बी के मैच में गुरुवार को यहां ओमान को 105 रन से करारी शिकस्त देकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया।

कुसल मेंडिस (45 गेंद पर 61 रन), पवन रत्नायके (28 गेंद पर 60) और शनाका (20 गेंद पर 50) ने अर्धशतक जमाए और ओमान के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के धुंे उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। श्रीलंका ने इनके शानदार प्रदर्शन की मदद से पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद पांच विकेट पर 225 रन का मजबूत स्कोर बनाया। ओमान के बल्लेबाजों के पास श्रीलंका के तेज और स्पिन आक्रमण का कोई जवाब नहीं था और उसकी टीम नौ विकेट पर 120 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से केवल मोहम्मद नदीम ही संघर्ष कर पाए जिन्होंने 56 गेंद पर नाबाद 52 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से दुष्मंत चामीरा और महीश तीक्षणा ने दो दो विकेट लिए। श्रीलंका की यह लगातार दूसरी जीत है जिससे वह चार अंक लेकर ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंच गया है। ओमान को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले श्रीलंका के बल्लेबाजों ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाकर बड़ी जीत की नींव रखी। जितेन रामानंदी ओमान के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 41 रन देकर दो विकेट लिए। मेंडिस ने अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखी जबकि रत्नायके और शनाका ने महत्वपूर्ण समय पर अपनी लय हासिल की। आयरलैंड के खिलाफ केवल पांच रन बनाकर आउट होने वाले रत्नायके ने 24 गेंद पर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने 12वें ओवर में तेज गेंदबाज रामानंदी पर पारी का पहला छक्का लगाया और सुफयान महमूद को लगातार तीन चौके लगाकर यह अपना अर्धशतक पूरा किया। रत्नायके और मेंडिस ने केवल 52 गेंद पर 94 रन की साझेदारी की। इस बीच उन्होंने स्ट्राइक रोटेट करने पर ध्यान दिया। मेंडिस ने अपनी भूमिका बखूबी निभाते हुए ओमान के स्पिनरों को निशाने पर रखा। उन्होंने अपना लगातार दूसरा और कुल मिलाकर 19वां अर्धशतक लगाया।

# बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया मार्श की फिटनेस पर होगी नजर



कोलंबो। कई प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रही ऑस्ट्रेलिया की टीम जब शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप बी मैच में जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत दर्ज करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा तो कप्तान मिचेल मार्श की फिटनेस पर नजर टिकी रहेगी। मार्श बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार इस ऑलराउंडर को मैदान पर वापसी करने से पहले काफी आराम की जरूरत होगी। मार्श के कवर के रूप में स्टीव स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया की टीम में लिया गया है। उनकी टीम को हालांकि आयरलैंड के खिलाफ पिछले मैच में मार्श की कमी नहीं खली। ऑस्ट्रेलिया ने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके 67 रन से जीत हासिल की थी।

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के किसी भी बल्लेबाज ने अर्धशतक नहीं लगाया लेकिन इसके बावजूद उन्होंने 180 से अधिक रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके बाद तेज गेंदबाज नाथन एलिस और लेग स्पिनर एडम जम्पा ने मिलकर आठ विकेट लिए और अपनी टीम को पूरे दो अंक दिलाए। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने प्रदर्शन को और बेहतर करना चाहेगी। उसे सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड और ग्लेन मैक्सवेल से बड़ी पारियों की उम्मीद होगी। मार्श अगर टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल पाते हैं तो ऑस्ट्रेलिया को बहुत अधिक चिंता करने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि स्मिथ ने हाल में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। पूर्व कप्तान स्मिथ ने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच फरवरी 2024 में खेला था, लेकिन उन्होंने हाल ही में बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स की तरफ से छह पारियों में 59 के औसत और 167 के स्ट्राइक रेट से 299 रन बनाए थे। जिम्बाब्वे के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और किसी भी तरह की ढिलाई से बचना होगा क्योंकि जिम्बाब्वे के पास मजबूत टीमों को चौंकाने की क्षमता है। जिम्बाब्वे ने अपनी पिछले मैच में ओमान को आसानी से हराया था। उसके पास ब्रैड इवांस, ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड नगारवा जैसे तेज गेंदबाज हैं जो अपने दिन में सबसे मजबूत बल्लेबाजों को भी कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

सिकंदर रजा की ऑफ और लेग ब्रेक गेंदों का मिलाजुला रूप उनकी गेंदबाजी को एक नया आयाम देता है। टी20 के बेहद अनुभवी खिलाड़ी रजा को ब्रायन बेनेट, डियोन मायर्स और 40 वर्षीय ब्रेंडन टेलर के साथ बल्लेबाजी में भी अपना योगदान देना होगा। टेलर पिछले मैच से लगी मामूली चोट से उबर रहे हैं। अगर वह उपलब्ध नहीं होते हैं, तो जिम्बाब्वे रयान बर्ल को टीम में शामिल करने पर विचार कर सकता है जो स्पिन गेंदबाजी का एक और उपयोगी विकल्प हैं।

**टीम इस प्रकार हैं:**

**ऑस्ट्रेलिया:** मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कॉनॉली, टिम डेविड, बेन ड्वार्शियस, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू रेनशॉ, मार्कस स्टोइनिस, एडम ज़म्पा, स्टीव स्मिथ (मिचेल मार्श के कवर के तौर पर)।

**जिम्बाब्वे:** सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ग्रीम क्रेमर, ब्रैडली इवांस, क्लाइव मदांडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमानी, वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड, ब्रेंडन टेलर। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू होगा।

# अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने पीएसएल नीलामी से नाम वापस लिये

कराची। अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के 11वें चरण से पहले हुई खिलाड़ियों की नीलामी से अपने नाम वापस ले लिए।

पीएसएल में यह नीलामी पहली बार कराई गई थी। एक फ्रेंचाइजी के मालिक ने शुरू में पुष्टि की थी कि मुजीबुर रहमान, सेद्दीकुल्लाह अटल, मुहम्मद नबी, वकार सलामखेल, फजल हक फारूकी जैसे खिलाड़ियों ने बुधवार को लाहौर में हुई नीलामी के लिए पंजीकरण कराया था। लेकिन पेशावर जाल्मी द्वारा अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज से सीधा करार करने पर हुए विरोध के बाद उन्होंने अपने नाम वापस ले लिए। हालांकि पीएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलमान नसीर ने कहा कि अफगानिस्तान के कुछ खिलाड़ी नीलामी रोल में थे लेकिन किसी फ्रेंचाइजी ने उन्हें नहीं चुना। नीलामी में कुछ अफगानिस्तानी खिलाड़ी थे लेकिन किसी भी फ्रेंचाइजी ने उन्हें नहीं खरीदा। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच खराब रिश्तों की वजह से जाल्मी के गुरबाज को शामिल करने से काफी आलोचना हुई। गुरबाज ने पीएसएल से हटने का फैसला किया। इसलिए अन्य खिलाड़ियों ने भी आलोचना से बचने के लिए हटने का फैसला किया। पिछले साल जब पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों को निशाना बनाने के बहाने अफगानिस्तान के कुछ खास इलाकों में हवाई हमले किए थे।

### भारत 2026 एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के ड्रॉ में उज्बेकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और उत्तर कोरिया के साथ

नयी दिल्ली। भारत को बृहस्पतिवार को कुआलालंपुर में एएफसी हाउस में कराए गए 2026 एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के फाइनल ड्रॉ में ग्रुप डी में उज्बेकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और उत्तर कोरिया के साथ रखा गया। यह टूर्नामेंट सऊदी अरब में पांच से 22 मई तक खेला जाएगा। भारत ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के इतिहास में 10वीं बार क्वालीफाई किया। टीम क्वालीफायर में ईरान, लेबनॉन, फलस्तीन और चीनी ताइपे से आगे रही। भारतीय अंडर-17 टीम अपने अभियान की शुरूआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगी जिसके बाद उज्बेकिस्तान और कोरिया के खिलाफ मुकाबले होंगे। उज्बेकिस्तान गत चैंपियन है जिससे उसने स्वतः ही टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया। ऑस्ट्रेलिया को 2025 चरण में ग्रुप चरण से बाहर होना पड़ा था।

# उम्मीद जीवंत रखने की कोशिश करेगा नीदरलैंड, अमेरिका को करनी होगी वापसी



चेन्नई। पिछले मैच में जीत हासिल करके वापसी करने वाले नीदरलैंड को शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के मैच में अमेरिका के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए आक्रामक बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी करनी होगी जो सुपर आठ में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को जीवित रखने के लिए जरूरी है।

नीदरलैंड को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में पाकिस्तान से मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उसने अपने अगले मैच में नामीबिया को हराकर शानदार वापसी की। नीदरलैंड ने 157 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दो ओवर शेष रहते सात विकेट से जीत हासिल की। ऑलराउंडर बास डी लीडे उसके अभियान में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने नामीबिया के खिलाफ 150 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 72 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बीच के ओवरों में कप्तान गेरहार्ड इरास्मस समेत दो अहम विकेट भी लिए। नीदरलैंड की टीम के पास शीर्ष क्रम में विस्फोटक बल्लेबाज हैं लेकिन उसके मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। पाकिस्तान के खिलाफ उसकी यह कमजोरी खुलकर सामने आई क्योंकि एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 123 रन था लेकिन उसकी पूरी टीम 147 रन पर आउट हो गई। उसने अपने आखिरी छह विकेट सिर्फ 24 रन पर गंवा दिए। अपनी ऊंची बैक-लिफ्ट और पावर-हिटिंग के लिए जाने जाने वाले मैक्स ओडॉउड का प्रदर्शन अब तक कुछ खास नहीं रहा है। उन्होंने पाकिस्तान और नामीबिया के खिलाफ क्रमशः पांच और सात रन बनाए। वह अपनी पुरानी लय को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक होंगे। अपना सातवां टी20 विश्व कप खेल रही नीदरलैंड की टीम एक मजबूत टीम के रूप में उभर चुकी है और वह अपनी गेंदबाजी पर भरोसा करेगी ताकि अमेरिकी टीम को कड़ी टक्कर दे सके, जो इस टूर्नामेंट में अभी अपनी पहली जीत की तलाश में है। अमेरिका ने गेंदबाजी में तो अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन बल्लेबाजी में वे लड़खड़ा गए और खराब फील्डिंग ने भी उन्हें नुकसान पहुंचाया। अमेरिका के गेंदबाजों में शैडली वैन शालविक ने पावरप्ले में शानदार प्रदर्शन किया है, वहीं लेग स्पिनर मोहम्मद मोहसिन ने बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह के साथ मिलकर बीच के ओवरों में दबाव बनाने में प्रभावशाली भूमिका निभाई है। गेंदबाजी अमेरिका की ताकत रही है, लेकिन उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। कप्तान मोनांक पटेल भारत के खिलाफ खाता भी नहीं खोल पाए जबकि पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने तीन रन बनाए। एक अन्य बल्लेबाज एंड्रीज गौस ने क्रमशः छह और 13 रन बनाए हैं। दो साल पहले टी20 विश्व कप में गौस का प्रदर्शन शानदार रहा था और उन्होंने आईएलटी20 का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी बनाया था। गौस ने डेजर्ट वाइपर्स के लिए नाबाद 120 रन नाबाद बनाए थे और उनकी फॉर्म में वापसी अमेरिका के लिए काफी महत्वपूर्ण होगी।

टीम इस प्रकार हैं:

**नीदरलैंड:** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, नोआ क्रोज़, बास डी लीडे, आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, माइकल लेविट, ज़ैक लायन-कैशेट, मैक्स ओडॉउड, लोगान वैन बीक, टिम वैन डेर गुगटेन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, पॉल वैन मीकेरेन और साकिब जुल्फिकार।

**अमेरिका:** मोनांक पटेल (कप्तान), जेसी सिंह, एंड्रीज़ गौस, शेहान जयसूर्या, मिलिंद कुमार, शयान जहांगीर, सैतेजा मुक्कमाला, संजय कृष्णमूर्ति, हरमीत सिंह, नोस्टुश केनजिगे, शैडली वान शालविक, सौरभ नेत्रवलकर, अली खान, मोहम्मद मोहसिन और शुभम रंजने।

मैच शुरू होने का समय: शाम सात बजे (भारतीय समयानुसार)।

# आज सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन का उद्घाटन करेंगे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री कार्यालय की नयी इमारत सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन। और 2 का शुक्रवार को उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि यह उद्घाटन भारत की प्रशासनिक शासन संरचना में मील का पत्थर है और यह आधुनिक, कुशल, सुलभ एवं जन-केंद्रित शासन प्रणाली के निर्माण के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बयान में कहा गया है कि दशकों तक, कई प्रमुख सरकारी कार्यालय और मंत्रालय सेंट्रल विस्टा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर बने और पुराने बुनियादी ढांचे से संचालित होते रहे हैं। बयान में कहा गया कि कार्यालयों के एक साथ नहीं होने के कारण परिचालन में अक्षमताएं, समन्वय संबंधी चुनौतियां, रखरखाव लागत में वृद्धि और कार्य के उचित वातावरण की समस्या पैदा हुई। इसमें कहा गया है कि नए भवन परिसर आधुनिक एवं भविष्य के लिए तैयार सुविधाओं के भीतर प्रशासनिक कार्यों को समेकित करके इन समस्याओं का समाधान करते हैं। सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय हैं, जो पहले अलग-अलग स्थानों पर स्थित थे। कर्तव्य भवन। और 2 में कानून, रक्षा, वित्त, स्वास्थ्य, कृषि और कई अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालयों के कार्यालय स्थित हैं। दोनों भवन परिसरों में डिजिटल रूप से एकीकृत कार्यालय, संरचित सार्वजनिक संपर्क क्षेत्र और केंद्रीकृत स्वागत सुविधाएं हैं। बयान में कहा गया कि 4-स्टार जीआरआईएचए (ग्रीन



रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटैट असेसमेंट) मानकों के अनुरूप डिजाइन किए गए इन परिसरों में नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियां, जल संरक्षण उपाय, अपशिष्ट प्रबंधन समाधान और उच्च-प्रदर्शन वाली भवन संरचनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि इन उपायों से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव में उल्लेखनीय कमी आती है और परिचालन दक्षता बढ़ती है। इन भवन परिसरों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई हैं जैसे कि स्मार्ट प्रवेश नियंत्रण प्रणाली, निगरानी नेटवर्क और उन्नत आपातकालीन प्रतिक्रिया अवसंरचना, जिससे अधिकारियों और आगंतुकों के लिए सुरक्षित एवं सुगम वातावरण सुनिश्चित होता है।

## साउथ ब्लॉक में अंतिम कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करेंगे पीएम

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अपने नए परिसर सेवा तीर्थ में स्थानांतरित होने से पहले शुक्रवार को साउथ ब्लॉक में केंद्रीय मंत्रिमंडल की एक विशेष बैठक की अध्यक्षता करेंगे जो ब्रिटिश काल के सचिवालय भवन में इस प्रकार की आखिरी बैठक होगी। आधिकारिक सूत्रों ने पुष्टि की है कि ब्रिटिश राज की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 1900 के दशक की शुरुआत में ब्रिटिश वास्तुकार हर्बर्ट बेकर द्वारा डिजाइन किए गए इस परिसर में स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में कैबिनेट की यह अंतिम बैठक होगी। शुक्रवार को शाम चार बजे कैबिनेट की बैठक के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय को सेवा तीर्थ में स्थानांतरित किया जाएगा। यह कदम एक युग के अंत का प्रतीक होगा क्योंकि सभी सरकारी विभाग 1921 से सत्ता का केंद्र रहे नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को खाली कर देंगे। सरकार की योजना इन प्रतिष्ठित इमारतों को युग युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय में परिवर्तित करने की है जो भारत की सभ्यतागत यात्रा को दर्शाने वाला एक विश्व स्तरीय संग्रहालय होगा। यह स्थानांतरण भारत की प्रशासनिक संरचना और शासन को औपनिवेशिक प्रभाव से मुक्त करने की सरकार की व्यापक पहल का हिस्सा है।

# भारत को परिधान के मामले में बांग्लादेश के बराबर लाभ मिलेगा

नयी दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी धागा और कपास से बने परिधान पर वही रियायती शुल्क का लाभ मिलेगा, जो बांग्लादेश को वर्तमान में मिल रहा है। अमेरिका, बांग्लादेश की वस्तुओं पर जवाबी शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर देगा, लेकिन वस्त्रों पर शून्य शुल्क तभी लगेगा जब वे अमेरिकी कपास और कृत्रिम रेशों से बने होंगे।



वर्तमान में बांग्लादेशी परिधानों पर 31 प्रतिशत शुल्क लगता है (12 प्रतिशत सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र शुल्क और 19 प्रतिशत जवाबी शुल्क) और यदि उनमें अमेरिकी रेशों का उपयोग किया जाता है, तो शुल्क घटकर 12 प्रतिशत हो जाता है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि बांग्लादेश को जो मिला है, वही भारत को भी अंतिम समझौते में मिलने वाला है।

उन्होंने बताया कि अगर कोई भारतीय कंपनी अमेरिका से धागा और कपास खरीदकर परिधान बनाती है और उन्हें अमेरिका को निर्यात करती है, तो उन परिधानों को भी बांग्लादेशी कंपनियों की तरह अमेरिका में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा। गोयल ने कहा कि यह बात अमेरिका-बांग्लादेश समझौते में लिखी है और हमारे समझौते में भी होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि इसका भारतीय कपास किसानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मंत्री ने बताया कि अमेरिका से कपास का उत्पादन सीमित है। उसका निर्यात केवल 50 लाख अमेरिकी डॉलर है, जबकि भारत का लक्ष्य 50 अरब अमेरिकी डॉलर है। भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए एक रूपरेखा तैयार कर ली है। इसे मार्च में लागू किए जाने की संभावना है। ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया था कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता पूरी तरह से आत्मसमर्पण है, जिसमें भारत की ऊर्जा सुरक्षा अमेरिका को सौंप दी गई है और किसानों के हितों से समझौता किया गया है। भारत के अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों से घरेलू चिकित्सा उपकरण उद्योग को रियायती शुल्कों पर व्यापक बाजार पहुंच प्राप्त होगी।

## संक्षेप

### भेदभाव रोकने के लिए सरकार से हस्तक्षेप की मांग की

नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद ने देश के विभिन्न हिस्सों से 24,000 से अधिक बंगाली मजदूरों को वापस पश्चिम बंगाल भेजे जाने का बृहस्पतिवार को दावा करते हुए केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। तृणमूल कांग्रेस के सांसद यूसुफ पठान ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि बांग्ला भाषी मजदूरों के पास वैध प्रमाण पत्र होने के बावजूद देशभर में उन्हें बांग्लादेशी कहकर बदनाम किया जा रहा है। पठान ने दावा किया, उन्हें मनमाने ढंग से गिरफ्तार कर घरों और कार्यस्थलों से बाहर निकाला जा रहा है। बांग्ला भाषा को बदनाम करने की कोशिश अब सरकारी अधिकारियों द्वारा भी की जा रही है...जबकि बांग्ला संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त भाषाओं में शामिल है। और 2024 में केंद्र सरकार ने इसे शास्त्रीय भाषा का दर्जा भी दिया है। उन्होंने दावा किया कि बंगाली प्रवासी मजदूरों के खिलाफ चलाये जा रहे इस घृणित अभियान के कारण अब तक 24,000 से अधिक बंगाली मजदूरों को वापस बंगाल भेजा गया है। तृणमूल कांग्रेस सांसद ने सरकार से अनुरोध किया कि वह बंगाली प्रवासी मजदूरों के साथ हो रहे भेदभाव को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करे।

# यह झूठ है कि मैं बिरला के कक्ष में कांग्रेस सांसदों को उकसा रही थीः प्रियंका गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बृहस्पतिवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू के उस आरोप कों झूठे करार दिया कि वह अपने पार्टी सांसदों को उस समय उकसा रही थीं जब उन्होंने कथित तौर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कक्ष में उग्र व्यवहार किया था।

उन्होंने कहा कि हमने किसी को गाली नहीं दी। उनकी इस टिप्पणी से एक दिन पहले रीजीजू ने दावा किया था कि 20 . 25 कांग्रेस सांसदों ने बिरला के कक्ष में उन्हें अपशब्द कहे और वहां मौजूद वरिष्ठ नेताओं के.सी. वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी ने उन्हें नहीं रोका। रीजीजू ने कहा था, वे (कांग्रेस सांसद) उन्हें उकसा रहे थे। अगर हमारे सांसद किसी के साथ दुर्व्यवहार करते, तो हमारे नेता उन्हें रोकते। लेकिन उनके (कांग्रेस) नेता सांसदों को झगड़ने के लिए उकसा रहे थे। रीजीजू के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि हमने किसी को गाली नहीं दी। एक-दो सांसद आक्रोशित थे और उन्होंने अपनी बात रखी।

# भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता समावेशी होगीः धर्मेंद्र प्रधान

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) समावेशी, अलग-अलग तकनीकी प्रणालियों के साथ आसानी से काम करने में सक्षम और पूरी तरह भारत की अपनी क्षमता पर आधारित होगी। उन्होंने ये बातें भारत बोधन एआई सम्मेलन 2026 के उद्घाटन सत्र में कहीं। दो-दिवसीय सम्मेलन में केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ नीति निर्माता, शोधकर्ता, शैक्षणिक संस्थान और उद्योग जगत के नेता हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में नवाचार और राष्ट्रीय क्षमता विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए



भारत के शिक्षा तंत्र को बदलने में एआई की रणनीतिक भूमिका पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

प्रधान ने कहा, भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) डिजाइन के हिसाब से समावेशी, अलग-अलग तकनीकी प्रणालियों के साथ आसानी से काम करने में सक्षम और पूरी तरह भारत की अपनी क्षमता पर आधारित बनाया जाएगा। हमें अपने छात्रों को सशक्त बनाने और अपने शिक्षकों की मदद लिए शिक्षा में एआई का इस्तेमाल करना होगा। मैं सभी हितधारकों से आह्वान करता हूं कि वे शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाने और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए सुरक्षित, जिम्मेदार, नैतिक, समावेशी और भारत-केंद्रित संप्रभु एआई मॉडल विकसित करें।

# नौसेना ने महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यबल की कमान संभाली

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र और उससे भी आगे की सहयोगात्मक समुद्री सुरक्षा एवं क्षमता विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करने करते हुए संयुक्त समुद्री बलों (सीएमएफ) के अंतर्गत बहुराष्ट्रीय कार्यबल की कमान संभाल ली है। मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त कार्यबल (सीटीएफ) 154 विशेष रूप से सीएमएफ के सदस्य देशों के प्रशिक्षण और क्षमता विकास पर केंद्रित है। नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह सीएमएफ के 47 देशों के बीच भारत की पेशेवर विशेषज्ञता, अभियानगत अनुभव और अधिमान्य सुरक्षा भागीदार के रूप में क्षेत्र के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कमान परिवर्तन समारोह 11 फरवरी को बहरीन के मनामा स्थित सीएमएफ मुख्यालय में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता सीएमएफ़ायूएस नेवसेंटयूएस फिफ्थ फ्लीट के कमांडर वाइस एडमिरल कर्टए रेनशॉ ने की। इस अवसर पर, भारतीय नौसेना के उपप्रमुख (डीसीएनएस) वाइस एडमिरल तरुण सोबती और अन्य सदस्य देशों के वरिष्ठ सैन्य प्रमुख उपस्थित थे।

# भारत परमाणु क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर : सिंह

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार देश में परमाणु संयंत्रों के चालू होने के संबंध में निर्धारित समयसीमा और सुरक्षा उपायों का पालन कर रही है। उन्होंने बताया कि कुडनकुलम परमाणु संयंत्र की तीसरी इकाई के 2026 तक और चौथी इकाई के 2027 तक पूरी होने की संभावना है।

सिंह ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए बताया कि देश की परमाणु क्षमता 2031-32 तक लगभग तीन गुना बढ़कर 22,380 मेगावाट और 2047 तक 100 गीगावाट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत का परमाणु कार्यक्रम आगे बढ़ रहा है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ विश्वास और लीक से हटकर सोच के कारण ही संभव हो पाया है कि परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोल दिया गया है। सिंह ने कहा कि करीब पांच साल



पहले तक यह अकल्पनीय था। मुझे लगता है कि राष्ट्र और समाज ने यह स्वीकार कर लिया था कि हमें गोपनीयता के पर्दे के पीछे काम करना होगा। मुझे लगता है कि पहली बार हमने वैश्विक रणनीति अपनाई है। मंत्री ने बताया कि दो दिन पहले ही, हमने एक और रिकॉर्ड बनाया - रावतभाटा स्थित राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना ने 10 फरवरी को सुबह 5:30 बजे सफलतापूर्वक अपनी 700 मेगावाट की निर्धारित क्षमता हासिल कर ली। उन्होंने कहा कि कुडनकुलम संयंत्र की परिकल्पना सबसे पहले 1988 में की गई थी, लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ और पहली ईंट 2002 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के कार्यकाल में रखी गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के आने और मई 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यभार संभालने के बाद ही दिसंबर 2014 में कुडनकुलम संयंत्र की पहली इकाई चालू हुई। सिंह ने कहा, हमने एक निर्धारित समय-सीमा का पालन किया है और हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मुझे लगता है कि कोई भी भू-राजनीतिक परिस्थितियां इस संयंत्र को प्रभावित नहीं कर सकेंगी। तीसरी इकाई 2026 तक और चौथी 2027 तक पूरी होने की संभावना है।

# बांग्लादेश में चुनाव खत्म, मतगणना शुरू

ढाका। बांग्लादेश में महत्वपूर्ण आम चुनाव के लिए लोगों ने बृहस्पतिवार मतदान किया। हालांकि, मतदान छिटपुट हिंसा की घटनाओं से प्रभावित रहा।

बांग्लादेश में जटिल 84 सूत्री सुधार पैकेज पर जनमत संग्रह के साथ-साथ 13वां आम चुनाव कराया गया है। देश भर में 300 में से 299 संसदीय सीट पर मतदान सुबह साढ़े सात बजे (स्थानीय समयानुसार) शुरू हुआ और शाम साढ़े चार बजे तक जारी रहा। हालांकि, जिन जगहों पर मतदाता मतदान केंद्र के अंदर थे, वहां उनके मतदान करने तक मतदान जारी रहेगा। कई जगहों पर मतगणना शुरू हो चुकी है। एक उम्मीदवार की मृत्यु होने के कारण एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान रद्द कर दिया गया है। मतदान शुरू होने के बाद देश की दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के शीर्ष नेताओं के साथ-साथ अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने बृहस्पतिवार को अपने वोट डाले। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान ने ढाका के रिहायशी गुलशन इलाके में स्थित गुलशन मॉडल स्कूल एवं कॉलेज में बने मतदान केंद्र में अपना वोट डाला। रहमान पार्टी के प्रमुख उम्मीदवार के रूप में उभरे हैं। रहमान ने मतदान केंद्र से बाहर निकलते हुए कहा कि मैंने मतदान के अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग किया है। बांग्लादेश की जनता एक दशक से अधिक समय से इस दिन का इंतजार कर रही थी। बीएनपी की पूर्व सहयोगी और अब मुख्य प्रतिद्वंद्वी जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने मोनीपुर उच्च विद्यालय एवं कॉलेज में अपना वोट डाला। हसीना की अब भंग हो चुकी अवामी लीग की गैरमौजूदगी में मुख्य मुकाबला बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसकी पूर्व सहयोगी जमात-ए-इस्लामी के बीच है। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने शेख हसीना की अवामी लीग को पिछले साल भंग कर दिया था और पार्टी के चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। सरकारी बीएसएस समाचार एजेंसी के अनुसार बांग्लादेश निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद ने बताया कि दोपहर दो बजे तक 48 प्रतिशत मतदान हुआ।

## इंटरटेनमेंट...

# खास शीर्षक से नहीं कर सकते किसी वर्ग का अपमान

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने घुसखोर पंडत शीर्षक पर अप्रसन्नता जताते हुए फिल्म निर्माता नीरज पांडे से बृहस्पतिवार को कहा कि आप इस तरह के शीर्षक का उपयोग करके समाज के किसी वर्ग का अपमान नहीं कर सकते।




उच्चतम न्यायालय ने ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स पर मनोज बाजपेयी अभिनीत फिल्म की रिलीज पर रोक लगाए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने फिल्म के खिलाफ दायर याचिका पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड और पांडे को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, इस तरह के शीर्षक का इस्तेमाल करके आप समाज के एक वर्ग को अपमानित क्यों कर रहे हैं? यह नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था के विरुद्ध है। जब तक आप हमें बदला हुआ शीर्षक नहीं बताते, हम आपको फिल्म रिलीज करने की अनुमति नहीं देंगे। न्यायालय ने पांडे को यह हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया कि फिल्म घुसखोर पंडत समाज के किसी भी वर्ग को अपमानित नहीं करती। इस मामले में आगे की सुनवाई 19 फरवरी को होगी। याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह फिल्म जाति एवं धर्म आधारित रूढ़िवादिता को बढ़ावा देती है और सार्वजनिक व्यवस्था, सांप्रदायिक सद्भाव और संवैधानिक मूल्यों के लिए खतरा है। फिल्म निर्माता नीरज पांडे द्वारा निर्मित घूसखोर पंडत की घोषणा नेटफ्लिक्स ने हाल में मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान की थी। फिल्म में मनोज बाजपेयी के साथ नुसरत भरूचा, दिव्या दत्ता, साकिब सलीम और अक्षय ओबेरॉय अभिनय कर रहे हैं। ब्राह्मण समाज ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा ने एक जनहित याचिका दायर की है जिसमें नेटफ्लिक्स पर फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने का निर्देश दिए जाने का न्यायालय से अनुरोध किया गया है। याचिका में आरोप लगाया गया कि फिल्म का शीर्षक और कथानक प्रथम दृष्टया आपत्तिजनक एवं अपमानजनक हैं और ये ब्राह्मण समुदाय को अपमानजनक तरीके से चित्रित करते हैं।

## अभिनेत्री से लेखिका बनीं नेहा शर्मा की बहन आयशा शर्मा

मुम्बई। जॉन अब्राहम के साथ फिल्म सत्यमेव जयते में नजर आईं अभिनेत्री आयशा शर्मा अब एक लेखक बन गई हैं। आयशा फिल्मों से ज्यादा सोशल मीडिया पर अपनी बोल्डनेस को लेकर चचाओं में रहती हैं। लेकिन अब अभिनेत्री ने अपने जीवन के एक नए अध्याय की शुरूआत कर रही हैं। उन्होंने 'ब्लूम' के साथ एक लेखिका के रूप में अपनी शुरूआत की है। एक्ट्रेस का कहना है कि यह किताब रोजमर्रा के इमोशनल अनुभवों से प्रेरित है। एक बातचीत में आयशा ने अपनी किताब को लेकर कहा कि यह उन पाठकों से बात करती है जो तनाव, खुद पर संदेह और हर चीज को संभालने के अथक दबाव से जूझ रहे हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि सही किताब सही समय पर मिलती है।

# 'कोहरा 2' देखकर अनुराग कश्यप ने लिखी दिल की बात



मुम्बई। फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने सुदीप शर्मा और उनके शो कोहरा सीजन दो की तारीफ की है। गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अनुराग ने बताया कि शो देखने के बाद वह रो पड़े। उन्होंने मोना सिंह और बरुण सोबती की परफॉर्मेंस को भी शानदार बताया। उन्होंने 'बॉर्डर 2' की अभिनेत्री मोना सिंह की अदाकारी के बारे में भी लिखा है। अनुराग ने शो का एक पोस्टर शेयर किया। उन्होंने कोहरा सीजन दो का रिव्यू किया और सुदीप की तारीफ की। अनुराग ने लिखा, 'इसे देखना बंद नहीं कर सका। सुदीप शर्मा भारत के पहले शो रनर हैं, जिनके पास अब दो बेहतरीन शो के दो बेहतर दूसरे सीजन हैं। पहला 'पाताल लोक' और अब 'कोहरा'। कहानी कहने का तरीका बहुत अच्छा है, जो खुलने में समय लेता है।

# सेलिना जेटली को अदालत से मिली राहत

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एक साल से अधिक समय से हिरासत में रखे गए अभिनेत्री सेलिना जेटली के भाई मेजर (सेवानिवृत्त) विक्रांत जेटली से बातचीत करे और उनके लिए राजनयिक पहुंच की व्यवस्था करे। अदालत ने विक्रांत को विधिक सहायता उपलब्ध कराए जाने के मुद्दे पर यह बात कही।



न्यायालय ने केंद्र से यह भी कहा कि विक्रांत जेटली ने अपनी बहन द्वारा सुझाई गई कानूनी फर्म को नियुक्त करने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि इस मामले में आगे की कानूनी कार्वाई उनकी राय पर निर्भर करेगी। उच्च न्यायालय सेलिना जेटली की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उन्होंने अपने भाई के लिए प्रभावी कानूनी प्रतिनिधित्व का अनुरोध किया था। सेलिना के भाई को छह सितंबर, 2024 से संयुक्त अरब अमीरात में अवैध रूप से अगवा करके हिरासत में रखा गया है। केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि भारतीय अधिकारी विक्रांत जेटली के साथ नियमित संपर्क में हैं, लेकिन उन्होंने अपनी बहन से बात करने से इनकार कर दिया है। वकील ने स्पष्ट किया कि अधिकारियों ने 13 फरवरी को विक्रांत जेटली से बातचीत का अनुरोध किया था। केंद्र के वकील ने कहा कि सेवानिवृत्त सेना अधिकारी के अनुसार, विक्रांत की पत्नी ही उनकी ओर से निर्णय लेने के लिए अधिकृत हैं। वकील ने आगे कहा कि भारत और यूएई के बीच पारस्परिक कानूनी सहायता संधि में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो किसी विदेशी अदालत को हिरासत में लिये गए व्यक्ति से बातचीत करने की अनुमति देता हो।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com
Viraj